रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.0° न्यून. 18.0°
रांची: अधिक. 29.7° न्यून. 19.8°
रांची, बुधवार
15 अक्टूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 251, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.
कार्तिक कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## रांची में हुआ 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' का शुभारंभ

# आदिवासी पहचान व जीवन दर्शन का उत्सव है यह महोत्सव : चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को रांची स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल फिल्मों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी पहचान, परंपरा और जीवन दर्शन का उत्सव है। फिल्म एक सशक्त माध्यम है, जो जनजातीय भारत की आत्मा, उसकी संस्कृति और संघर्षों को दुनिया के सामने लाती है। कल्याण मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिल्म महोत्सव झारखंड सरकार एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

चमरा लिंडा ने कहा कि जब भी किसी व्यक्ति, समुदाय या जनजातीय जीवन पर फिल्म बनाई जाए, तो उसके दृश्य और कथानक यथार्थ पर आधारित हों, न कि काल्पनिक या भ्रामक हों। कला और सिनेमा का दायित्व समाज की सच्चाई को उजागर करना है, ताकि आने वाली



पीढ़ियां सही परिप्रेक्ष्य में अपनी जड़ों को पहचान सकें। इस पहल से आदिवासी कलाकारों और युवाओं को अपनी अभिव्यक्ति का एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे वे अपने समुदाय की वास्तविक कहानियों को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर प्रस्तुत कर सकेंगे। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भाषाई विविधता का संरक्षण भी है। ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेंगे। महोत्सव का उद्देश्य देश के जनजातीय समाज की विविध कला, संस्कृति, परंपरा और संघर्षों को सिनेमा के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय फिल्म निर्माताओं, शोधकर्ताओं और कलाकारों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आदिवासी जीवन के गहरे सरोकारों को साझा किया। इस अवसर पर कल्याण विभाग के सचिव कृपा नंद झा, रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक करमा जिम्पा भुट्टिया, विशेष सचिव नेलसन बागे तथा कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में 16 अक्टूबर तक चलेगा फिल्म फेस्ट

**15 राज्यों की 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी :** 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' के दौरान झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सहित 15 राज्यों की 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें 'पलाश', 'हेंडे सोना एंड ब्लैक गोल्ड', 'फूलो', 'कुसुम', 'नाची से बाची' जैसी चर्चित फिल्मों के साथ कई वर्ल्ड प्रीमियर और नेशनल प्रीमियर भी शामिल हैं।

## एक नजर

### झारखंड शराब घोटाले में महाराष्ट्र और गुजरात से सात आरोपी गिरफ्तार

**रांची/मुंबई।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र और गुजरात से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा है, जहां उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एसीबी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े विपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभेसिंह ठाकोर और विक्रम सिंह ठाकोर तथा महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जगन तुकाराम देसाई, कमल जगन देसाई और शीतल जगन देसाई शामिल हैं।

### मेराल में ईंट भट्टे की नवनिर्मित चिमनी गिरी एक मजदूर की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव में मंगलवार को ईंट भट्टे के निर्माण कार्य के दौरान अचानक चिमनी गिर गई, जिसमें पांच मजदूर दब गए। इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना उस समय हुई, जब उत्तर प्रदेश के संभल के रहने वाले मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के चिमनी पर चढ़कर निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक चिमनी गिर गई, जिसके नीचे मलबे में पांच मजदूर दब गए। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से मलबे में दबे सभी पांच लोगों को बाहर निकाला।

## राज्य कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

# ट्रिपल टेस्ट के आधार पर होगा नगर निकाय चुनाव

### कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को दी मंजूरी

- नगर निकायों में सीटों के आरक्षण का नया ढांचा लागू करने का निर्णय
- कॉलेजों और विवि के शिक्षकों व कर्मचारियों को मिलेगा चाइल्ड केयर लीव

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। झारखंड में नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। राज्य कैबिनेट ने बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए नगर निकायों में सीटों के आरक्षण का नया ढांचा लागू करने का निर्णय किया है। अब राज्य के सभी 48 नगर निकायों में ओबीसी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। प्रत्येक जिले में आरक्षण का प्रतिशत ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर तय होगा। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव लागू करने का भी फैसला लिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब न केवल महिला कर्मी, बल्कि एकल पुरुष कर्मचारी भी अपनी सेवा अवधि के दौरान 730 दिनों तक चाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा सकेंगे। यह कदम शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के पारिवारिक जीवन और पेशेवर जिम्मेदारियों में संतुलन बनाने की दिशा में राज्य सरकार की अहम पहल माना जा रहा है। इसके अलावा, कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए हैं। सातवां वेतनमान प्राप्त सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों के लिए 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत डीए वृद्धि की मंजूरी दी गई। अब उन्हें मिलने वाला महंगाई भत्ता 55 से बढ़ाकर 58 प्रतिशत हो जाएगा। बैठक में 480 सरकारी विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना की स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 11 पर

### सारंडा जंगल का 314 वर्ग किमी क्षेत्र बनेगा अभयारण्य

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के कोल्हान प्रमंडल स्थित सारंडा जंगल के 314 वर्ग किलोमीटर इलाके को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अभयारण्य घोषित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सारंडा का 314 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अभयारण्य घोषित किया जाएगा। इस जंगल में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों के जीवन पर इससे कोई असर नहीं पड़ेगा। वे पहले की तरह सामान्य रूप से यहां जीवन बसर कर सकेंगे। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 अक्टूबर को राज्य सरकार को एक सप्ताह में सारंडा को अभयारण्य घोषित करने का निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इस मुद्दे पर 15 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में फिर से सुनवाई होनी है, जहां राज्य सरकार की ओर से अदालत के निर्देश के अनुपालन का एफिडेविट दाखिल किया जाएगा। प्रस्तावित सारंडा अभयारण्य के एक किलोमीटर परिधि का क्षेत्र इको संसेटिव जोन घोषित किया जाएगा।



### चैनपुर में स्कूल बस हादसा

# एलकेजी छात्र की दर्दनाक मौत

नवीन मेल संवाददाता



खलासी नहीं होने से गई मासूम की जान अभिभावकों में आक्रोश

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमर टांड़ स्थित प्रार्थना भवन के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एस.एल.ए. पब्लिक स्कूल की मिनी बस की चपेट में आने से एलकेजी में पढ़ने वाले मासूम छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र संतोष सिंह यादव का पुत्र था। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने बताया कि स्कूल की छुट्टी दोपहर दो बजे के बाद बच्चा अन्य बच्चों के साथ मिनी बस से घर लौट रहा था। अपने स्टॉपेज पर बस से उतरने के तुरंत बाद उसी बस ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मां ने जोर-जोर से चीखते हुए लोगों को मदद के लिए बुलाया। स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर के विभिन्न अस्पतालों में ले गए, लेकिन बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं मिल सकी। अन्ततः बच्चे को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी बस में खलासी मौजूद नहीं था, जिसके कारण बच्चों की सुरक्षा में भारी लापरवाही हुई। लोगों ने आरोप लगाया कि बस चालक ने स्टॉपेज पर बच्चे के उतरने के बाद ध्यान नहीं दिया और लापरवाही से वाहन बढ़ा दिया, जिससे बच्चा बस के नीचे आ गया। बताया जा रहा है कि बच्चे को बस कुछ दूरी तक घसीटते हुए चली गई, जिससे उसकी स्थिति और भी गंभीर हो गई।

इधर, स्कूल के संचालक मुकेश अग्रवाल ने स्वीकार किया कि मिनी बस में खलासी उपस्थित नहीं था और यह बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था में कमी का कारण बना। प्रिंसिपल ने बताया कि छुट्टी समयानुसार दोपहर दो बजे दी गई थी और सभी बच्चों को उसी समय घर के लिए रवाना किया गया था।

शेष पेज 11 पर

### नक्सलियों ने प. सिंहभूम में फूंका मोबाइल टावर

**रांची/चाईबासा (प. सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के बहदा गांव में माओवादियों ने सोमवार की करीब आधी रात को एयरटेल कंपनी के एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। मोबाइल टावर पूरी तरह नष्ट हो गया है और इस वजह से जिले के बड़े इलाके में संचार सेवा ठप हो गई है। घटना स्थल छोटानागरा थाना और सुरक्षा कैंप से कुछ किलोमीटर दूर है। पिछले तीन दिनों के भीतर जिले में इस तरह की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले 11-12 अक्टूबर 2025 की मध्य रात्रि को नक्सलियों ने जिले के जराईकेला

शेष पेज 11 पर

## वारदात : पांकी में जमीन विवाद में झामुमो नेता की हुई हत्या

नवीन मेल डेस्क



आरोपी फरार पुलिस लगातार कर रही छापेमारी

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के पांकी प्रखंड स्थित डंडार गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा की मंगलवार को जमीन विवाद में बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव के ही अरुण ठाकुर, डोमन ठाकुर और उनके परिवार के लोगों पर लगाया गया है। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं और उनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार की सुबह मुन्ना सिन्हा ट्रैक्टर से अपने घर के पास स्थित खेत की जुताई करवा रहे थे। इसी दौरान अरुण ठाकुर और डोमन ठाकुर वहां पहुंचे। जमीन विवाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने मुन्ना सिन्हा पर टांगी और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल मुन्ना सिन्हा को आनन-फानन में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज

शेष पेज 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें
सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## लातेहार : टीएसपीसी के प्रताप गंझू सहित तीन हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार

### हथियार, कारतूस, दस्तावेज, लेवी डीटेल्स और एक काले रंग की कार जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के तीन हार्डकोर उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार उग्रवादियों में से प्रताप गंझू उर्फ महादेव गंझू थाना हेरहंज जिला लातेहार अशोक गंझू और संतोष गंझू जो दोनों ही पिपरवार चतरा जिला के रहने वाले हैं। उनके पास से पिस्टल, नक्सली दस्तावेज, मोबाइल, पॉकेट डायरी जिसमें कोयल व्यवसाई से लिया गया लेवी का हिसाब किताब के साथ-साथ मोबाइल नंबर लिखा हुआ मिला। साथ ही काले रंग का नेक्सोन कार बरामद किया गया। प्रेस वार्ता कर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी में बतलाया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मैक्लुस्कीगंज के रास्ते बालूमाथ में कोई बड़ी घटना का अंजाम देने के लिए आ रहे हैं। जिस सूचना की पुष्टि के लिए डीएसपी बिनोद रवानी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग, अमरवा डीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा आदि पुलिस के साथ टीम गठित की गई।

बालूमाथ कोल क्षेत्र में कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे उग्रवादी

शेष पेज 11 पर

### जैसलमेर में चलती बस में लगी आग, कई के मरने की आशंका

**जयपुर।** जैसलमेर में मंगलवार को दिन में करीब साढ़े तीन बजे एक चलती एसी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। इसके बाद यात्री अपनी जान बचाने के लिए चलती बस से कूद गए। राजस्थान के जैसलमेर में हुए इस दर्दनाक हादसे में 3 बच्चों और 4 महिलाओं सहित कुल 16 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इन यात्रियों को तत्काल तीन एंबुलेंस की मदद से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि झुलसे हुए अधिसंख्य यात्री 70 प्रतिशत तक जल गए हैं।

शेष पेज 11 पर

## गढ़वा : शिक्षिका की पिटाई से 12वीं की छात्रा की इलाज के दौरान हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़ ।** बड़गड़ में छात्रा के शव के साथ मंगलवार को परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क जाम कर परियोजना +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका की पिटाई व मानसिक प्रताड़ना के कारण ही छात्रा की मौत हुई है।

इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा एक आवेदन दी गई है। वहीं जाम की सूचना पाकर भंडरिया इंस्पेक्टर सुभाष कुमार, बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य, बीडीओ अमीत कुमार, अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह जाम स्थल पहुंच कर जाम हटाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन जिले के वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे।



परिजनों व लोगों ने बड़गड़ बजार मुख्य सड़क किया जाम

**पिटाई के बाद तनाव में थी छात्रा :** परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार परियोजना +2 उच्च विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा दिव्या कुमारी गुप्ता उम्र 19 वर्ष पिता अंजय प्रसाद ग्राम उगरा निवासी बिते 15 सितंबर को विद्यालय गई हुई थी। तब विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रौपदी मिंज एसेंबली के समय छात्रा द्वारा जूता पहन कर नहीं आने को लेकर उसकी पिटाई की और एसेंबली में उपस्थित सभी के

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# ट्रंप की टैरिफ जिद्द और चीन के चिप युद्ध से संसार को संकट



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपनी मनमानी और जिद्द के लिए चर्चित ट्रंप व्यापार या व्यवहार के एक मौलिक सिद्धांत का उल्लंघन कर रहे हैं जो इस अवधारणा पर आधारित है कि गांव से लेकर ब्रह्माण्ड तक हम सभी एक दूसरे पर आधारित हैं और इसका अनुपालन नहीं करने वाले अहंकारी ग्रामीणों की तरह ट्रंप को अपना टैरिफ दांव कहीं उल्टा न पड़ जाए ? अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बात-बात पर दुनिया को टैरिफ का धौंस दिखा सभी को डराने में लगे हैं। चीन ने कहा है कि वो नवंबर से कार से लेकर कंप्यूटर तक और चिप से लेकर फाइटर जेट तक की सप्लाई ग्लोबल मार्केट में बंद कर देगा। इसका सबसे ज्यादा असर अमेरिका और यूरोप पर पड़ेगा। चीन के अनुसार 8 नवंबर से प्रतिबंधों का पहला चरण शुरू होगा और 1 दिसंबर से दूसरे चरण की शुरुआत होगी। चीन ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है जब दुनियाभर में विनिर्माण को लेकर कच्चे माल की सप्लाई पर असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने कहा कि 1 नवंबर से चीन के लिए अहम सॉफ्टवेयर निर्यात पर भी कंट्रोल लागू किया जाएगा। इससे पहले ट्रप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने भी अमेरिका पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद यूएस ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% कर दिया था, अब कुछ समय की शांति के बाद दोनों मुल्क फिर से ट्रेड वॉर की कगार पर आ खड़े हुए है। ट्रंप का यह फैसला चीन की नई निर्यात नीति के जवाब में आया है। 9 अक्टूबर को चीन ने अपने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नियम और कड़े कर दिए जो दुनिया की तकनीकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं । चीन के इस कदम के बाद दुनियाभर में ई वाहन, कंप्यूटर चिप और अन्य डिवाइस के सेक्टर में असर पड़ा। इसमें भारतीय विर्निमाण सेक्टर भी शामिल है। अब चीन ने एक बार फिर



एआई जेनरेटेड

पूरी दुनिया को निशाना बनाते हुए नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया। चीन ने अब मिलिट्री कंपोनेंट सहित तमाम कई उपकरणों के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसमें मिसाइल और फाइटर जेट में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इल्केट्रिकल मोटर टैंक में इस्तेमाल होने वाले लक्ष्य को निर्धारित करने वाले आयुध सहित कई सैन्य उपकरण शामिल हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं है।'चीन दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना लगभग असंभव है। ट्रंप के 130% टैरिफ से अमेरिकी टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ सकती है।भारतीय निर्यातको को बड़ा फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। एक्सपर्ट का कहना है कि अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में भारत का निर्यात बढ़ने की संभावना है। फिलहाल भारत से अमेरिका को 86 अरब डॉलर का निर्यात होता है, जो आने वाले महीनों में तेजी से बढ़ सकता है।अब देखना है कि ट्रंप का व्यक्तिगत अहंकार जीतता है या विश्व के व्यापार जगत का दबाव क्योंकि अमेरिका के अंदर से भी ट्रंप के आत्मघाती कदम की आलोचना शुरू हो गई है।

### नगर निकाय चुनाव : हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश

## 3 हफ्ते में राज्य निर्वाचन आयोग को भेजें चुनाव कराने की अनुशंसा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य में नगर निगम और नगर निकायों के चुनाव नहीं कराए जाने के संबंध में दायर एक अवमानना याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे तीन हफ्ते के अंदर राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने की अनुशंसा भेजें। जस्टिस आनंदा सेन की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना डाडेल, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार उपस्थित थे। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार का पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि नगर निगमों और नगर निकायों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण प्रतिशत तय न होने की वजह से चुनाव में विलंब हुआ है।




सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित

शेष पेज 11 पर

### 'झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट–2025' का हुआ उद्घाटन

# पुलिसकर्मी जनता से शालीनता से संवाद करें : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची के जैप-1 परिसर में आयोजित "झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट–2025" के उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और दक्षता का प्रतीक है, बल्कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग और टीम भावना को भी सुदृढ़ करता है।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिसकर्मी किसी भी राज्य की सुरक्षा, शांति और व्यवस्था के आधारस्तंभ होते हैं। वे कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, चाहे वह विधि-व्यवस्था बनाए रखना हो, अपराध नियंत्रण हो या संकट की घड़ी में जनसेवा का दायित्व निभाना हो। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रगति विधि-व्यवस्था की स्थिरता पर निर्भर करती है, इसलिए पुलिस प्रशासन को हर परिस्थिति में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच संवाद एवं विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। पुलिसकर्मी जनता से शालीनता से संवाद करें, उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनें और तत्परता से उसका निबटारा करें, ताकि नागरिक निडर होकर अपनी बात रख सकें।

राज्यपाल ने अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में वैज्ञानिक तरीकों और आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे अपराधी शीघ्र कानून के दायरे में आएं और पीड़ित को समय पर न्याय मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून न्याय व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार का प्रतीक हैं, जिनका उद्देश्य पीड़ित केंद्रित न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड पुलिस इन कानूनों की भावना को आत्मसात करते हुए जनता की सुरक्षा और न्याय की स्थापना में एक आदर्श प्रस्तुत करेगी।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में नक्सली गतिविधियों के उन्मूलन की दिशा में और अधिक सशक्त पहल आवश्यक है। उन्होंने भावुक होकर कहा, "जब भी पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) से किसी शहीद जवान का पार्थिव शरीर आता है और मैं उनके परिजनों से मिलता हूँ, तो मुझे समझ में नहीं आता कि मैं उन्हें क्या सांत्वना दूँ। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।" उन्होंने कहा कि नक्सली गतिविधियों में संलिप्त लोगों को विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा से जुड़ना होगा।

उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेने वाले सभी पुलिसकर्मी इस आयोजन से मिली सीख को अपने कर्तव्यों, अनुसंधान कार्यों और सेवा दक्षता को और सुदृढ़ बनाने में उपयोग करेंगे।

## चुनाव को लेकर बिहार के दौरे पर हैं संजय सेठ



**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भागलपुर, बीहपुर नगर पाडा, पहाड़पुर में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। बिहार की जनता विकास के साथ चलने को प्रतिबद्ध हैं और हमारे कार्यकर्ता उसके वाहक बने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने नई ऊंचाइयां प्राप्त की है। हर क्षेत्र में विकास के जो कार्य हुए हैं, वह ऐतिहासिक है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विकास की यह यात्रा जारी रहे, इसके लिए हम हर घर से संपर्क करें। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संदेश के साथ आम जनता से संवाद करें। और बिहार में एनडीए की सरकार बनाएं।

## चोरी की 22 बाइक के साथ 15 अपराधी हुए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चोरी की 22 बाइक के साथ 15 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। मंगलवार को रांची पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के वरीय अधिकारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थाना क्षेत्र के रांची टाटा मुख्य मार्ग पर बंद पड़े टी प्वाईंट, नाम के होटल के पास मोटरसाईकिल चोर गिरोह के अपराधकर्मी चोरी की मोटरसाईकिल खरीद-बिक्री के किए एकत्रित हुए हैं। जिसके बाद एसएसपी के द्वारा एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रामपुर के आगे रांची टाटा मुख्य मार्ग स्थित होटल के पास से कई अपराधी चोरी की बाइक से भागने लगे। इसके बाद पुलिस की टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर कुल 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें-रूपेश कुमार, प्रेम कुमार, विनोद कुमार, रोनित कुमार, आयुष महतो, करण महतो, बादल सिंह, कमलेश महतो, क्लिंटन कच्छप, रोहित सईस, जयदेव महतो, करण गोस्वामी, मनोज उरांव और सत्यम महतो शामिल है। इनके पास से चोरी के 22 बाइक बरामद हुए हैं। जिसकी अनुमानित कीमत 36 लाख रुपया आंकी गई है।

### नक्सल अभियान पर आईजी अभियान डॉ माइकल राज एस ने बताया

# राज्य में जनवरी से सितंबर तक 32 नक्सली ढेर, 266 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक बढ़त हासिल करते हुए एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। आईजी अभियान डॉ माइकल राज एस ने बताया कि डीजीपी झारखंड के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन नक्सल विरोधी अभियान के तहत जनवरी से सितंबर 2025 के बीच कुल 32 दुर्दांत नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है, जबकि 266 सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर विवेक उर्फ प्रयाग मांझी और अनुज उर्फ सहदेव सोरेन जैसे शीर्ष कमांडर शामिल हैं। आईजी अभियान ने बताया कि नक्सल अभियान के दौरान पुलिस को हथियार, गोला-बारूद और लेवी की राशि बरामद करने में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस अवधि में नक्सलियों से कुल 157 हथियार (जिसमें पुलिस से लूटे गए 58 हथियार भी शामिल हैं) बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त, 11,950 गोलियां, 18,884 डेटोनेटर और 394.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए हैं। पुलिस ने नक्सलियों की आर्थिक रीढ़ को तोड़ते हुए 39,53,547 (उनचालीस लाख तिरपन हजार पांच सौ सैंतालीस) रुपये की लेवी की राशि भी बरामद की। इसके अलावा, नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 228 आईईडी को बरामद कर विनिष्ट किया गया तथा उनके 37 बंकरों को भी ध्वस्त किया गया। आईजी अभियान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 266 नक्सलियों में भी कई शीर्ष कमांडर शामिल हैं। इनमें 15 लाख के इनामी आक्रमण गंझू और रणविजय महतो तथा 10 लाख के इनामी कुंदन खेरवार की गिरफ्तारी प्रमुख है। इन गिरफ्तारियों से नक्सली संगठनों की कमान श्रृंखला को गहरा धक्का लगा है। आईजी ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति का भी सकारात्मक परिणाम सामने आया है। जनवरी से सितंबर 2025 तक कुल 30 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, जिनमें जोनल कमांडर रविन्द्र यादव और सब जोनल कमांडर आनन्द सिंह जैसे महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं। अगस्त-सितंबर 2025 में साइबर अपराध और अन्य कार्रवाई नक्सल अभियान के साथ-साथ झारखंड पुलिस ने अगस्त और सितंबर 2025 में अन्य अपराधों पर भी प्रभावी नियंत्रण रखा। साइबर अपराध पर लगाम कसते हुए दो महीनों में साइबर अपराध के 128 मामले दर्ज कर 105 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साइबर हेल्पलाइन (डायल-1930) के माध्यम से 7.42 करोड़ की राशि फ्रीज की गई और 37.28 लाख से अधिक की राशि वादी के खाते में वापस कराई गई। वहीं, अगस्त और सितंबर में पुलिस ने 12,651 वारंटों का निष्पादन किया और 4,186 अपराधियों को गिरफ्तार किया। आईजी अभियान ने अपराधिक गिरोह के खिलाफ हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि अगस्त और सितंबर में अमन साहू गिरोह के प्रमुख अपराधी सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को अजरबैजान से प्रत्यर्पित कराकर भारत लाया गया। इसके अलावा, 1.40 करोड़ मूल्य का डोडा जब्त किया गया और जाली नोटों के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए 3.25 लाख के जाली नोट बरामद किए गए।

## तेज रफ्तार कार लोहे के खंभे से टकराई कोई हताहत नहीं



**रांची।** मंगलवार सुबह मोरहाबादी मैदान के पास एक कार तेज रफ्तार में लोहे के खंभे से जा टकराई, कार की दोनों एयरबैग निकल गया, किसी को चोट नहीं लगी।

### रांची जिला के अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

## कई लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना और राजस्व संबंधित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना है। मंगलवार को भी जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। भू-राजस्व संबंधित कार्य जैसे-दाखिल-खारिज, करेक्शन स्लिप निर्गमन, सीमांकन, भूमि विवाद निपटारा तथा भूमि अभिलेख का सत्यापन एवं सुधार, जाति, आय, निवास, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य जनता दरबार में किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार को नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनाया जाए। किसी भी नागरिक को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों और सरकारी सेवाओं तक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल सुशासन, जवाबदेही और जन-सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र के कार्यकारिणी समिति की दूसरी बैठक, बोले आदित्य मल्होत्रा

## व्यापार व उद्योग के साथ मिलकर काम करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र के कार्यकारिणी समिति की दूसरी बैठक अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में चैंबर भवन में संपन्न हुई। चैंबर के चुनाव में भरपूर समर्थन देने के लिए अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया व कहा कि यह मेरे लिए सम्मान के साथ साथ बडी जिम्मेवारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम व्यापार व उद्योग जगत के साथ मिलकर संवाद, समन्वय वसहयोग की भावना से व्यापार जगत के हित में काम करेंगे। वर्तमान सत्र की शुरुआत से ही चैंबर ने प्रदेश के व्यापार व उद्योग जगत से जुड़े अनेक मुद्दों पर ठोस पहल की हैं। चाहे वह नगरपालिका पथ कर नियमावली पर आपत्ति दर्ज करना हो, राज्य की कृषि मंडियों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कृषि मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारी व खाद्यान्न व्यापारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक हो या प्रदेश में विधि-व्यवस्था व व्यापारिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए डीजीपी की अध्यक्षता में एसएसपी-एसपी व जिला चैंबर के अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक आयोजित कराना हो, हमारे इन प्रयासों के दूरगामी परिणाम आयेंगे।

## त्योहारों के मद्देनजर अक्टूबर का अग्रिम वेतन मिलेगा

**रांची।** राज्य सरकार ने त्योहारों के मद्देनजर सरकारी कर्मचारियों को अक्टूबर का अग्रिम वेतन देने का फैसला किया है। वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, हाईकोर्ट और विधानसभा के कर्मचारियों को अक्टूबर माह का अग्रिम वेतन 16 अक्टूबर से दिया जाएगा।

## पूर्व सैनिकों के लिए विशेष नौकरी मेले का आयोजन करेगा डीजीआर

**नवीन मेल संवाददाता**

- **तिथि :** 29 अक्टूबर 2025
- **समय :** सुबह 7:00 बजे से
- **स्थान :** सूर्योदय ऑडिटोरियम, विजय दुर्ग (फोर्ट विलियम), कोलकाता, पश्चिम बंगाल

**रांची।** पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में पुनः शामिल करने के लिए सशक्त बनाने और समर्थन देने की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (एमओडी) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 29 अक्टूबर 2025 को पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। यह रोजगार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य सेवा, प्रशासन और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के कॉरपोरेट और उद्योग के अग्रणी नियोक्ताओं के साथ जोड़ने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में काम करेगा। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें उनके अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए मान्यता मिले। डीजीआर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोजगार मेले आयोजित कर रहा है, जिनमें से अब तक दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ और वाराणसी में सात रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व सैनिकों को उन नियोक्ताओं के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जो पूर्व सैनिकों द्वारा कार्यबल में लाए गए अद्वितीय मूल्य को समझते और सराहते हैं। पंजीकरण के समय नियोक्ताओं को समर्पित, कुशल और मिशन-तैयार पेशेवरों के समूह के बायोडाटा तक निःशुल्क पहुंच प्राप्त होगी। नियोक्ता रोजगार मेले के दौरान पूर्व-सूचीबद्ध उम्मीदवारों के साक्षात्कार और चयन की योजना बना सकते हैं। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय ने कहा है कि नियोक्ता और पूर्व सैनिक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं, जो विशेष रूप से पूर्व सैनिकों के लिए एक एआई-संचालित जॉब प्लेटफॉर्म है। पंजीकरण अभी खुला है और पूर्व सैनिकों और नियोक्ताओं के लिए निःशुल्क है।

## यूनिटी मार्च यात्रा सरदार बल्लभ भाई पटेल की विरासत को समर्पित यात्रा है : आदित्य साहू

- **भाजपा कार्यकर्ता यात्रा में बढ़चढकर होंगे शामिल**
- **देश के सभी जिलों में होगी पदयात्राएं**
- **हर लोकसभा क्षेत्र में होगी तीन दिवसीय पदयात्रा**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्य विभाग के नेतृत्व में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित "सरदार @150 यूनिटी मार्च" को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश और जिला स्तर की टोली के सदस्य शामिल हुए। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भारत सरकार ने देश के महान सपूत सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर सरदार @ 150 यूनिटी मार्च, एक भारत आत्म निर्भर भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह एक राष्ट्र व्यापी जन अभियान है जो सरदार पटेल की अमर विरासत को समर्पित है। कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के एकीकृत भारत के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्म निर्भर भारत के मिशन को जोड़ते हुए जनभागीदारी के साथ राष्ट्रीय अभियान बनाएगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज प्रधानमंत्री मोदी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ आत्म निर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि की दिशा में लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। श्री साहू ने प्रदेश में चलने वाले अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के सभी जिलों में पदयात्रा कार्यक्रम आगामी 31 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 नवंबर तक चलेगा। यह कोई दलीय कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन अभियान है जिसमें हजारों लोग तिरंगा के साथ यात्रा में शामिल होंगे।हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिनों तक प्रत्येक दिन 10 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान , सामाजिक कल्याण के कार्य जैसे नशा मुक्ति अभियान,योग स्वास्थ्य शिविर ,युवा संपर्क अभियान,निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिताएं जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कहा कि कार्यक्रमों का सफल संचालन सांसद गण के नेतृत्व में माई भारत, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस जैसे संगठन करेंगे। यात्रा के पड़ाव बिंदुओं पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। श्री साहू ने राज्य की जनता विशेषकर कर युवा साथियों से पदयात्रा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम देश की युवा पीढ़ी को नई प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा के चार प्रवाह होंगे। जिसे गंगा प्रवाह जो दिल्ली से प्रारंभ होगी,यमुना प्रवाह जो जयपुर से प्रारंभ होगी,नर्मदा प्रवाह जो नागपुर से प्रारंभ होगी और गोदावरी प्रवाह जो मुंबई से प्रारंभ होगी। सभी प्रवाह आनंद में मिलेंगे और फिर सभी यात्राएं केवड़िया जिसे एकता नगर के रूप में जाना जाता है वहां पहुंचेगी जहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया गया है,संपन्न होगी। कहा कि झारखंड के सभी जिलों से भी चयनित 5-5 लोग इस राष्ट्रीय यात्रा के शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक शशांक राज ने किया।

## न्यूज बॉक्स

### कुसई काली पूजा समिति का पंडाल जंगल बचाव का दे रहा संदेश



**रांची।** डोरंडा स्थित कुसई काली पूजा समिति का भव्य पूजा पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है। समिति के सचिव मनी भूषण झा ने बताया है कि यहां 1985 से काली पूजा मनाया जा रहा है। इस वर्ष पंडाल का थीम झारखंड की आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर आधारित है। जंगल में पाई जाने वाली प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग कर इसे सजाया जा रहा है। पेड़ की छाल, रस्सी, टोकरी, नारियल का छिलका और गेहुं तथा धान जैसी सामग्रियों से बंगाल के 50 कारीगरों द्वारा बारीकी से काम किया जा रहा है। पंडाल के प्रवेश द्वार पर दोनों ओर विशाल हाथों की आकृति बनाई गई है जो विशेष आकर्षण का केंद्र है। पंडाल न केवल आदिवासी जीवन और संस्कृति को दर्शाता है, बल्कि जंगल संरक्षण का संदेश भी देता है। पंडाल परिसर को आर्कषक विद्युत सज्जा (10 विद्युत तोरण द्वार सहित) से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए मेला और झूलों की व्यवस्था भी की गई है। इस वर्ष पंडाल का उद्घाटन 20 अक्टूबर को शाम 08:00 बजे किया जाएगा।

### 28 पुलिसकर्मियों का एसएसपी ने किया तबादला




**रांची।** राजधानी रांची के पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव किया गया है। रांची एसएसपी राकेश रंजन ने एक दर्जन थाना और ओपी प्रभारी को हटा दिया है। उनकी जगह पर नए थाना प्रभारी की पोस्टिंग की गई है। इस संबंध में एसएसपी की ओर से मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में 28 सब इंस्पेक्टर को बदला गया है। सभी को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत संबंधित थाना में अपना योगदान दें। एसएसपी ने अपनी टीम बनानी शुरू कर दी है। इसी के तहत थाना प्रभारियों का तबादला किया है। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही शहर के कई थानेदारों का भी तबादला हो सकता है। इसकी तैयारी भी चल रही है। रांची आसपास के इलाके में किनका कहां हुआ ट्रांसफर सतीश कुमार-1 थाना प्रभारी पिठोरिया सिद्धांत थाना प्रभारी तुपुदाना अजय दास ओपी प्रभारी बीआईटी मेसरा टिंकू रजक थाना प्रभारी चान्हो मनोज करमाली थाना प्रभारी मांडर मनीष कुमार ओपी प्रभारी खरसीदाग नवीन शर्मा थाना प्रभारी बुढ़मू गोविंद कुमार थाना प्रभारी लापुंग सुजीत उरांव थाना प्रभारी बेड़ो सत्य प्रकाश उपाध्याय टीओपी प्रभारी दलादली शुभम कुमार थाना प्रभारी ठाकुरगांव सुनील गौड़ प्रभारी टीओपी खादगढ़ा रंजीत कुमार यातायात थाना प्रभारी पंडरा गौतम रजवार थाना प्रभारी अनगड़ा दुलाल महतो टीओपी प्रभारी मोरहाबादी फैज रब्बानी ओपी प्रभारी पंडरा राहुल मेहता ओपी प्रभारी मुरी ये थाना प्रभारी के पद से हटाकर दूसरे थाना में पदस्थापित - अभय कुमार को सदर थाना भेजा गया - संजीव कुमार को बरियातू थाना भेजा गया - गगन ठाकुर प्रभारी अभियोजन कोषांग बनाए गए - चंदन गुप्ता अरगोड़ा थाना भेजे गए - राहुल सुखदेव नगर थाना भेजे गए - भावेश कुमार चुटिया थाना भेजे गए - रितेश महतो डोरंडा थाना भेजे गए - अभिषेक कुमार दो लोअर बाजार थाना भेजे गए - देव प्रताप धान हिंदपीढ़ी थाना भेजे गए - हीरालाल शाह धुर्वा थाना भेजे गए।

### कार्यक्रम | पीएमश्री उवि कुम्हरिया व एलईबीबी उवि अपर बाजार में 'खुशी क्लास' आयोजित

# सिर्फ करियर नहीं, संपूर्ण व्यक्तित्व पर फोकस करें : मुकेश चौहान

- **कहा, परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें**
- **अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, बताता है आप कहां खड़े हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पीएमश्री उवि कुम्हरिया में 546वें व एलईबीबी उवि अपर बाजार, रांची में मंगलवार को 547वें 'खुशी क्लास' का आयोजन किया गया। कुम्हरिया में रश्मि शर्मा व एलईबीबी में प्रिंसिपल संजय महतो ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित 'खुशी क्लास' को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बताता है कि अभी आपको और आगे जाना है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें।

मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ करियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। उन्होंने कहा कि तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतह कीजिए।

चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई। एक हथौड़ा छोटी-सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अंदर ऐसी कौन सी शक्ति है, जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता। चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो। ऐसा करने से ताला खुलता नहीं, टूट जाता है। जबकि, मैं ताले को बिलकुल भी चोट नहीं पहुंचाती। उसके मन में उतर कर उसके हृदय को स्पर्श करती हूं और फिर निवेदन करती हूं, वह फौरन खुल जाता है।

मुकेश चौहान ने कहा, कहानी का लब्बोलुआब यह है कि यदि हम किसी को सचमुच जीतना चाहते हैं, तो हमें उस व्यक्ति के हृदय में उतरना होगा। जोर-जबरदस्ती से कोई काम कराना संभव तो है, पर इस तरह से हम ताले को खोलते नहीं बल्कि उसे तोड़ देते हैं। यानि, उस व्यक्ति की उपयोगिता को नष्ट कर देते हैं।

### डीपीएस रांची में सीबीएसई स्किल एक्सपो और गाइडेंस फेस्टिवल का हुआ आयोजन

# 21वीं सदी उनकी है, जो नवाचार कर सकते हैं : श्रीराम वीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवाचार, रचनात्मकता और भविष्यमुखी शिक्षा के जीवंत उत्सव के रूप में, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने रीजनल लेवल सीबीएसई स्किल एक्सपो और गाइडेंस फेस्टिवल 2025 की मेजबानी की। यह भव्य शैक्षणिक आयोजन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में किया गया। इसमें रांची और पटना रीजन के 50 से अधिक विद्यालयों के 650 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्रीराम वीर, रीजनल ऑफिसर, सीबीएसई रांची रीजन, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। जितेंद्र कुमार सिंह (आईएएस), सेक्रेटरी, श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने प्रमुख वक्ताओं के रूप में भाग लिया। उन्होंने अपने समृद्ध अनुभव और प्रेरक दृष्टिकोण से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इनमें संदीप सिंह, चीफ हेड, स्क्वायर याड्र्स, गुरुग्राम (हरियाणा), रवि सिंह चौधरी, प्रसिद्ध लेखक एवं उद्यमी, रांची, और अभिषेक कुमार सिंह, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, लाइफोलॉजी फाउंडेशन, दुबई शामिल थे।





● प्राचार्या डॉ जया ने कहा, ऐसे आयोजन आत्मविश्वास के साथ करियर तलाशने में करते हैं मदद

कार्यक्रम की शुरुआत एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत और सम्मान समारोह हुआ, जहां विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने सभी गण्यमान्य अतिथियों एवं वक्ताओं को सैंपलिंग और स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ जया चौहान ने इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक महोत्सव की मेजबानी पर अत्यंत गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आज के विद्यार्थी ही कल के रचनाकार और परिवर्तनकारी होंगे। ऐसे मंच विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे सोचने, सीखने को जीवन से जोड़ने और आत्मविश्वास के साथ भविष्य के करियर तलाशने के लिए सशक्त बनाते हैं। स्किल एक्सपो नवाचार को पोषित करता है, जबकि गाइडेंस फेस्टिवल दिशा और उद्देश्य के द्वार खोलता है।

अपने संबोधन में श्रीराम वीर, रीजनल ऑफिसर, सीबीएसई रांची रीजन, ने डीपीएस रांची और सीबीएसई द्वारा ऐसे रूपांतरकारी कार्यक्रम के आयोजन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीबीएसई ने आधारभूत स्तर से ही स्किल एजुकेशन को समाहित करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 21वीं सदी उन लोगों की नहीं है जो केवल जानते हैं, बल्कि उन लोगों की है जो लागू कर सकते हैं, नवाचार कर सकते हैं और नेतृत्व कर सकते हैं। कौशल शिक्षा अब वैकल्पिक नहीं रही, यह एक जीवन कौशल है। इसके बाद विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार सिंह (आईएएस) ने अपने संबोधन में कहा, मैं विद्यार्थियों से आग्रह करता हूं कि वे उभरते क्षेत्रों की खोज करें, निरंतर कौशल विकसित करें, और स्वयं को वैश्विक नागरिक के रूप में सोचें, जिनकी जड़ें स्थानीय जिम्मेदारी में निहित हों।

### वह करियर चुनिए, जो महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं : रवि सिंह चौधरी

स्किल एक्सपो के समानांतर चला गाइडेंस फेस्टिवल, जिसमें 70 से अधिक विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दिन का प्रमुख आकर्षण प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा लिए गए सत्रों की श्रृंखला थी, जिन्होंने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा, दृष्टि और प्रेरणा का संचार किया। सबसे पहले, रवि सिंह चौधरी, लेखक और उद्यमी, रांची, ने 'रिजेनरेटिव फ्यूचर : करियर्स डेट हिल पीपल, प्लैनेट एंड पर्पस' विषय पर एक उत्साहजनक सत्र का संचालन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, केवल वे करियर मत चुनिए जो कमाई देते हैं, बल्कि वे चुनिए जो महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं। संदीप सिंह, चीफ हेड, स्क्वायर याड्र्स, गुरुग्राम, ने 'द पावर ऑफ स्ट्रेटेजिक थिंकिंग : प्रिपेयरिंग फॉर टुमारो' विषय पर एक अत्यंत प्रभावशाली सत्र लिया। अंतिम सत्र अभिषेक कुमार सिंह, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, लाइफोलॉजी फाउंडेशन, दुबई, द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनका विषय था– 'फॉर्म क्लासरूम ड्रीम्स टू रियल लाइफ इंपैक्ट।' इन प्रेरक सत्रों के बाद विद्यार्थियों और संसाधन व्यक्तियों के बीच एक सक्रिय प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।

### रांची नगर निगम के प्रशासक ने छठ पर्व को ले दो वार्डों में तालाबों का किया निरीक्षण

# तीन दिनों के भीतर पूर्ण करें सफाई कार्य : सुशांत गौरव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के निर्देश पर तथा मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन में रांची नगर निगम ने आगामी छठ महापर्व को लेकर विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर रांची नगर निगम द्वारा शहर के सभी तालाबों एवं छठ घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने वार्ड संख्या-10 स्थित टुनकी टोली तालाब तथा वार्ड संख्या-09 स्थित तिरिल तालाब का निरीक्षण किया।

नगर निगम प्रशासक ने निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य का जायजा लेते हुए संबंधित सुपरवाइजरों को तीन दिनों के भीतर सफाई कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही, निर्देश दिया कि सभी घाटों को पर्व के लिए युद्धस्तर पर तैयार किया जाए,



● सफाई में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, तालाबों के पहुंच पथ पर विशेष ध्यान रखा जाए

प्रशासक ने तालबों की सफाई के लिए दिए कई निर्देश

ताकि श्रद्धालु स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण में छठ महापर्व मना सकें। प्रशासक ने तिरिल तालाब के पास अवस्थित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जायजा लेते हुए दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। वहीं, सभी मार्गों को डंप कूड़ा मुक्त रखते हुए श्रद्धालुओं को सर्वोच्च स्वच्छता एवं सुविधा प्रदान की जाए। इस मौके पर उप प्रशासक रवींद्र कुमार, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, मुकेश रंजन, नगर प्रबंधक, अभियंत्रण शाखा की टीम, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर युवाओं के चरित्र निर्माण का माध्यम है : मंजूनाथ भजन्त्री

रांची। जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सीनियर डिवीजन के तहत आयोजित सप्ताहिक विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में शामिल हुए।मौके पर उपायुक्त ने समापन समारोह के दौरान कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि एनसीसी न केवल एक प्रशिक्षण शिविर है, बल्कि यह युवाओं के चरित्र निर्माण का माध्यम है। अनुशासन और टीम वर्क जैसे गुण आपको न केवल व्यक्तिगत जीवन में सफल बनाएंगे, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देंगे। रांची जिला प्रशासन एनसीसी जैसी संस्थाओं का पूर्ण समर्थन करता है और भविष्य में ऐसे और अधिक शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कैडेटों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए।शिविर में भाग लेने वाले कैडेटों ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है। एक कैडेट ने बताया, "ट्रेनिंग के दौरान हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाया गया, बल्कि मानसिक रूप से भी आत्मविश्वास बढ़ा।" समारोह के अंत में उपायुक्त द्वारा कैडेटों को उनके प्रशिक्षण और प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह शिविर राष्ट्रीय कैडेट कोर के वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा है।

### रांची जिले में जल संरक्षण की नई पहल

# भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है : उपायुक्त

जिले में जल संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन का शुभारम्भ किया। यह परियोजना रांची जिले के भुंगरू क्षेत्र में वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर पुनर्भरण और ग्रामीण समुदायों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, जो जलवायु परिवर्तन के चुनौतियों से निपटने में सहायक सिद्ध होगी।जिसमें जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जल संसाधन विभाग के विशेषज्ञ, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।उपायुक्त ने कहा, "जल जीवन का आधार है। भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना न केवल जल संचयन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।भुंगरू एक्वा लाइन परियोजना इसी लड़ाई का हिस्सा है।" उपायुक्त ने परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, पीएचईडी और स्थानीय एनजीओ को बधाई दी। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना के प्रभाव का मूल्यांकन त्रैमासिक आधार पर किया जाए और आवश्यकतानुसार विस्तार किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने कहा, "यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हम आगामी वर्षों में 10 और इसी तरह की परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे है।



**आज / कल**




# समाहरणालय ब्लॉक ए और बी में लिफ्ट अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● आम नागरिकों और कर्मचारियों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा
● दोनों ब्लॉक में 4-4 लिफ्टों का किया जाएगा अपग्रेडेशन

**खबर का असर**
● नवीन मेल इस मामले को प्रमुखता से उठाया था

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार रांची समाहरणालय के ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी भवनों में लिफ्ट अपग्रेडेशन का कार्य शीघ्र शुरू होने जा रहा है। प्रशासनिक भवन में लिफ्टों के आधुनिकीकरण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और संबंधित एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है। दोनों ब्लॉकों में 4-4 लिफ्टों का अपग्रेडेशन किया जाएगा। नई लिफ्टों में आधुनिक सुरक्षा मानक, ऊर्जा-संरक्षण प्रणाली, स्वचालित नियंत्रण तकनीक एवं आपातकालीन सहायता सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे लिफ्ट संचालन अधिक सुचारु और सुरक्षित बन जाएगा। समाहरणालय परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जनता, कर्मचारी, अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन आते हैं। पुराने लिफ्टों की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब नई लिफ्टों के अपग्रेड होने से इन समस्याओं से राहत मिलेगी और भवन में तेजी, सुविधा और सुगमता से आवाजाही संभव होगी। साथ ही भवन के विद्युत और सुरक्षा तंत्र को भी अद्यतन किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न उत्पन्न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्य के दौरान आम जनता और कर्मचारियों को असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपग्रेडेशन कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा किया जाए। जिला प्रशासन का यह कदम रांची समाहरणालय को आधुनिक, सुगम और जनहितैषी परिसर में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 175वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। राजेश ढांढनीया पिंटू ने अखंड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य संपन्न करवाए। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक-ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा, एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, सुनील मोदी, हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में आगामी शुक्रवार (17 अक्टूबर) को रात्रि 9:30 बजे से कार्तिक कृष्ण पक्ष की रंभा एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया है।



### दीपावली पर होंगे कई कार्यक्रम

धनतेरस पर श्याम मंदिर में 175वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया है। 20 अक्टूबर सोमवार को श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं गुरुजनों को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। दीपावली का विशेष महास्नान एवं तिलक श्रृंगार किया जाएगा। तिलक श्रृंगार के बाद विशेष फूलों का श्रृंगार किया जाएगा। विशेष लड्डू का प्रसाद से बाबा को भोग लगाया जाएगा।

### रांची महानगर काली पूजा समिति के साथ डीसी ने की बैठक

**रांची।** काली पूजा महोत्सव के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची महानगर काली पूजा समिति के साथ बैठक की। सर्वप्रथम समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे एवं अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। समिति द्वारा जिला प्रशासन, समिति और आम जनता के समन्वय से काली पूजा सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरिक्षत वातावरण में सम्पन्न हो सके इसके लिए पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, साफ-सफाई, और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समिति के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि प्रशासन त्योहार के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूर्ण रूप से तत्पर है। समिति द्वारा उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री से पूजा पंडालों के निरीक्षण करने का भी अनुरोध किया है जिसे उपायुक्त द्वारा स्वीकार किया गया।



### धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर को
# धनतेरस सकारात्मक ऊर्जा को जीवन में आमंत्रित करने का है प्रतीक: संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हर साल धनतेरस का पर्व कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को आता है। और दीपावली के पांच दिवसीय उत्सव की शुरुआत करता है। धनतेरस को "धनत्रयोदशी" भी कहा जाता है।इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 18 अक्टूबर दिन शनिवार को दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से प्रारंभ हो रहा है जो 19 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन को स्वास्थ्य, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से धन (संपत्ति) और आरोग्य (स्वास्थ्य) की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेर, स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए यह दिन आयुर्वेद और आरोग्य के प्रतीक धन्वंतरि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, राजा ह्यम के पुत्र की अल्पायु भविष्यवाणी को उसकी पत्नी की चतुराई और दीपों की रौशनी ने बदल दिया था। इसलिए इस दिन दीपदान एवं यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा भी है। धनतेरस के दिन लोग नए बर्तन, धातु (सोना-चांदी), जेवरात, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ, वाहन, आदि खरीदते हैं।

## बीआईटी मेसरा में मनाया गया दीपोत्सव



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा का विशाल परिसर दीपोत्सव 25 के दौरान रोशनी, संगीत और जीवंत ऊर्जा से जगमगा उठा। लियो क्लब द्वारा आईसी एरिना में शाम को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण, छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. दिलीप कुमार उपाध्याय, डॉ. योगेंद्र अग्रवाल और डॉ. अमित सरन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। ध्वनि म्यूजिक क्लब की एक शानदार प्रस्तुति के साथ शाम की शुरुआत हुई, जिसके भावपूर्ण संगीत और लयबद्ध ताल ने पूरे परिसर को आनंद, ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और नवीकरण पर लिया गया निर्णय



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-B में एंट्री, चिकित्सकों की ज्वायनिंग एवं यूएसजी मशीन खरीदने पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 07 सेंटर के निबंधन एवं 02 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति द्वारा संस्थानों को मशीन के फॉर्म-B में इंट्री एवं सर्टिफिकेट जांच के बाद चिकित्सकों की ज्वाइनिंग का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। समिति द्वारा विभिन्न सेंटर के निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई।

## न्यूज बॉक्स

### अस्मिता पेंचक सिलाट लीग में झारखंड की 300 महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम



रांची। मोरहाबादी स्थित वूशु इनडोर स्टेडियम में अस्मिता पेंचक सिलाट लीग 2025-26 का आयोजन हुआ। इस लीग में झारखंड के विभिन्न जिलों से 300 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. महुआ मांझी थीं, जबकि समापन समारोह में झामुमो विधायक रामसूर्या मुंडा ने विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। झारखंड पेंचक सिलाट संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री और सचिव मिस डॉली सिंह ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। इससे खिलाड़ी न केवल राज्य का नाम रोशन कर सकती हैं बल्कि भविष्य में कोच या खिलाड़ी के रूप में करियर भी बना सकती हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़े। आत्मरक्षा करने का यह खेल है।

### मनोज करमाली ने संभाला मांडर थाना प्रभारी का प्रभार



**मांडर।** मांडर के नए थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार को मनोज करमाली ने प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान प्रभारी राहुल से प्रभार लिया. मनोज करमाली इससे पहले कांके थाना में पदस्थापित थे।

### बुंडू महिला थाना प्रभारी ने प्रशिक्षणार्थियों को किया जागरूक



**बुंडू।** बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा ने डेटा एक्सेल सेंटर (कौशल विकास केंद्र) बुंडू के महिला एवं पुरुष प्रशिक्षणार्थी के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के बीच महिलाओं एवं बच्चों के विरूध्द होने वाले अपराध, महिला छेड़खानी, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, एवं सोशल मिडिया के माध्यम से होने वाले अपराध, उक्त अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधान, सुरक्षा सुविधा नशापान के दुष्परिणाम, यातायात के नियम, ऑनलाइन गेम से नुकसान, डायल 112 एवं साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु डायल 1930 के संबंध में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के बीच महिला थाना बुण्डू का संपर्क नं० साझा किया गया।

### अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों पर विभाग की कार्रवाई, सात लोगों पर जुर्माना और मामला दर्ज

चान्हो। थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर दो बजे से बिजली विभाग की टीम ने चान्हो के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान 7 घरों और दुकानों में सीधे तार जोड़कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही जांच कर बिजली चोरी की पुष्टि की और संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया। इसके अलावा 7 लोगों पर चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध बिजली उपयोग के खिलाफ विशेष अभियान जारी रहेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि जो भी उपभोक्ता चोरी से बिजली का उपयोग करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड के निजी विद्यालयों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध



**चान्हो।** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेल्फेयर एसोशिएशन के आह्वान पर पूरे झारखंड के हजारों निजी विद्यालयों ने मंगलवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के प्रथम संशोधन 2019 और द्वितीय संशोधन 2025 के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया। रांची, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह,बोकारो, कोडरमा समेत विभिन्न जिलों के निजी स्कूलों के शिक्षकों, प्रबंधन व कर्मचारियों ने एक स्वर में सरकार से स्कूलों के हितों की सुरक्षा तथा नए संशोधन की शर्तों में बदलाव की मांग की है। एसोशिएशन के प्रतिनिधियों के अनुसार, हालिया संशोधन एवं नई मान्यता शर्तें निजी विद्यालयों के संचालन में कठिनाईयाँ उत्पन्न कर रही हैं। इससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होने, छोटे-बड़े विद्यालयों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न होने की संभावना व्यक्त की गई है।

### सीयूजे में बोस इंस्टीट्यूट के प्रो बारिद बरन मुखर्जी के विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के अंग्रेजी अध्ययन विभाग में एक बौद्धिक रूप से उत्साहवर्धक संवादात्मक सत्र के लिए बोस इंस्टीट्यूट, कोलकाता के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक प्रो बारिद बरन मुखर्जी का स्वागत किया गया। प्रो. मुखर्जी विविध विषयों के ज्ञाता हैं, जिनकी विद्वत्तापूर्ण गतिविधियां विज्ञान, साहित्य और इतिहास तक फैली हुई हैं। उनके शानदार करियर में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई वैज्ञानिक प्रकाशन शामिल हैं। ऐतिहासिक अन्वेषण के प्रति उनके जुनून ने उन्हें दो प्रशंसित पुस्तकों के लेखक भी बनाया है - ए कॉन्साइज हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश प्रेजेंस इन इंडिया : एस्टेब्लिशिंग एंड विथड्राइंग एन एंपायर (2024) और सेरामपुर : लेट मीडियवल एंड कोलोनियल पीरियड (2021)। प्रो मुखर्जी का भाषा संकाय की डीन प्रो श्रेया भट्टाचार्जी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह सत्र विभिन्न विषयों के बीच एक जीवंत संवाद के रूप में सामने आया, जहां विद्यार्थियों, विद्वानों और प्राध्यापकों ने औपनिवेशिक इतिहास लेखन से लेकर वैज्ञानिक जांच तक के विषयों पर प्रो मुखर्जी के साथ बातचीत की।प्रो बारिद मुखर्जी ने विद्यार्थियों को आलोचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



काली पूजा समिति के सदस्य डीसी के साथ

## पिठौरिया चौक में हाई मास्ट लाइट खराब : अंधेरे में डूबा बाजार, जल्द समाधान की मांग

**पिठौरिया।** पिठौरिया चौक की हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट एक बार फिर से खराब हो जाने से चौक अंधेरे में डूब गया है। सड़क निर्माण के दौरान लगाए गए इस हाई मास्ट लाइट का उद्देश्य चौक से गुजरने वाले राहगीरों और वाहनों को रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराना था, ताकि दुर्घटनाओं और घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मगर विडंबना यह है कि यह लाइट अधिकांश समय बंद रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व कई बार घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पूर्व समाजसेवी कमलेश राम के प्रयास से यह लाइट चालू कराई गई थी, लेकिन अब यह फिर से पूरी तरह से बंद हो चुकी है। त्योहारों के सीजन में चौक पर खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में लाइट खराब होने से दुकानदारों और खरीदारों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण न केवल ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि चौक की रौनक भी फीकी पड़ गई है। इस समस्या को लेकर पिठौरिया पंचायत की मुखिया श्रीमती मुन्नी देवी ने रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से लाइट की शीघ्र मरम्मत कर चौक को फिर से रोशन करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि पिठौरिया चौक क्षेत्र का प्रमुख केंद्र हैयहां की रोशनी बंद रहना सुरक्षा और सौंदर्य दोनों दृष्टि से चिंता का विषय है।

### जिला अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक
# सदर अस्पताल की सेवाओं को सशक्त बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

- अस्पताल के आधारभूत संरचना में सुधार, वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल, बिजली सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्णय लिया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सदर अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में अस्पताल प्रबंधन समिति (गवर्निंग बॉडी) की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विमलेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पिछली गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और अस्पताल के सुचारु संचालन एवं सेवाओं में सुधार हेतु कई एजेंडा पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में समिति द्वारा आवश्यक मैनपावर को आउटसोर्सिंग के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग एजेंसी मैनपावर को मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में करें यह सुनिश्चित करें। अस्पताल के आधारभूत संरचना में सुधार, वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्णय लिया गया।

उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नियमित मॉनिटरिंग के लिए भी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सरकार के विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं और अस्पताल में सेवाओं संबंधी जानकारी का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। समिति द्वारा जीवन रक्षक दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और दवा भंडारण प्रणाली में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया गया। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड एवं आईटी आधारित अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के सुचारु संचालन के संबंध में भी समिति द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सरला बिरला स्कूल में रांची जिला अंतर-विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप शुरू



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आठवीं बीके बिरला रांची जिला अंतर-विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। रांची जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के 16 से अधिक विद्यालयों के 230 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ी बालक एवं बालिका वर्ग के अंतर्गत अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए, जबकि अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के मुकाबले 15 अक्टूबर को संपन्न होंगे। उद्घाटन समारोह उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। समारोह की शुरुआत में एक आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें ताइक्वांडो तकनीकों और नृत्य एवं ताल का अद्भुत मिश्रण दिखाया गया। इसके साथ ही पारंपरिक दीप प्रज्वलन और उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के प्रेरणादायक उद्बोधन ने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया। इस चैंपियनशिप का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन तथा निष्पक्ष खेल भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने और खेल भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो मात्र एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो एकाग्रता, सम्मान और आत्मबल को विकसित करता है।

## खलारी व्यवसायी संघ ने कोयला राख प्रदूषण पर लगाई रोक की मांग



**खलारी।** खलारी व्यवसायी संघ ने मंगलवार को खलारी थाना प्रभारी को केडी मुख्य बाजार में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि एनटीपीसी टंडवा से कोयले की राख (फ्लाई ऐश) लेकर आने वाले हाइवा डंपर खलारी मुख्य मार्ग से गुजरते हैं, जिनसे गीली राख सड़कों पर गिरती है और पूरा इलाका धूल-धक्कड़ से भर जाता है। व्यवसायियों ने बताया कि केडी बाजार अब प्रमुख व्यावसायिक केंद्र बन चुका है, जहां रोज़ाना हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। लेकिन भारी वाहनों के गुजरने और राख फैलने से लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी समस्याएं हो रही हैं। सड़कों पर फिसलन बढ़ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी टंडवा से खलारी होकर किए जा रहे फ्लाई ऐश परिवहन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के गाइडलाइन का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। फ्लाई ऐश को खुले हाइवा ट्रकों में ढोया जा रहा है।

### मानसिक स्वास्थ्य सभी के लिए- डालसा का विधिक जागरूकता कार्यक्रम
# मानसिक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति भी स्वस्थ हो सकते है : कुमारी रंजना

- ट्रांसजेंडरों को नालसा व झालसा योजनाओं पर रवि कुमार भास्कर ने किया फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य के तहत समावेशन को बढ़ावा देना, मिथकों को तोड़ना, और ट्रांसजेंडर कल्याण के लिए समर्थन का निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिनपास में रिनपास परिवार व जिला विधिक सेवा प्राधिकारसंयुक्त रूप से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झालसा सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, उप-सचिव अभिषेक कुमार, डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, निदेशक रिनपास प्रो. (डॉं.), अमूल आर. सिंह, विभागाध्यक्ष, मनोरोग सामाजिक कार्य डॉ. मनीषा किरण, पीएलवी प्रहालद उपाध्याय, शारदा देवी, भारती शाहदेव, समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्विलत कर किया गया। मंच का संचालन रिनपास परिवार के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि, सदस्य सचिव, झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है, जो यह निर्धारित करती है कि आप कैसे सोचते हैं, महसूस करते हैं और कार्य करते हैं। खराब मानसिक स्वास्थ्य के बावजूद किसी को मानसिक बीमारी का निदान नहीं हो सकता है, और मानसिक बीमारी वाले व्यक्ति भी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ हो सकते हैं।

## शतरंज के चैंपियन बने रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता मंगलवार को खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पहली बार 350 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशासनिक पदाधिकारी सोमदत्त दीक्षित ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कैम्प का आयोजन झारखंड में हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय खेल के पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल का कैंप झारखंड में आयोजित हो रहा है।वही स्वागत भाषण में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने कहा हमारा प्रयास है झारखंड का हर वह खेल जिसमें बच्चे खेलते हैं उसका आधार को मजबूत करना है ।

### राजकीय कृत मध्य विद्यालय टांगर की हालत खस्ता
# एक शिक्षक के सहारे 169 बच्चों का भविष्य




**मोहसिन खान**

**चान्हो।** प्रखंड के टांगर स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय की स्थिति काफी खस्ता हाल है। विद्यालय में वर्तमान में सिर्फ एक शिक्षक है और विद्यार्थियों की संख्या 169। एक शिक्षक के सहारे इतने सारे विद्यार्थियों का देख रहे और पठन-पाठन संभव ही नहीं है कहां तो शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत एक विद्यालय में 30 बच्चों में एक शिक्षक देने की बात है इससे साफ समझ जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों बच्चों का भविष्य क्या होगा।

शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि यह बच्चों की पढ़ाई सही से नहीं हो पा रही है। क्योंकि अकेले मुझे सारा काम संभालना पड़ता है। गुरु गोष्ठी में जाना पड़ता है, साथ ही पठान पाठन के अलावे विद्यालय में और कई काम रहता है।

**विद्यार्थी जर्जर भवन में बैठने को मजबूर :** भवन की बात करें तो विद्यालय में अपेक्षित कमरा भी नहीं है और भवन काफी जर्जर स्थिति में है। कुछ कमरे का छत भी गिर चुका है। बाकी भी जर्जर स्थिति में है। जिससे संभावित खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ही कहा जा सकता है। इसलिए पहला से लेकर छठा क्लास तक के बच्चों को एक कमरा ममें और सातवां और आठवां वर्ग के बच्चों को एक-एक अलग-अलग कक्ष बैठाते है। कोशिश मेरी यह रहती है कि बच्चे क्लास से बाहर न जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि चौक के करीब विद्यालय है और बाउंड्री वॉल भी नहीं है। जिससे विद्यालय के बच्चों का हमेशा खतरा बना रहता है कि बच्चे कहीं बाहर ना चल जाए। ऐसे में अकेले देखरेख करना बहुत मुश्किल हो जाता है। हम लोगों ने उच्च अधिकारियों को विद्यालय की वस्तु स्थिति स्वागत कर दिया है।

### उच्च अधिकारी का जवाब

वहीं इस मुद्दे पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रकीब अंसारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि विद्यालय के मामला संज्ञान में है। शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही विद्यालय में शिक्षक बहाल कर दी जाएगी और जो भी मामले हैं उसको दूर कर दिया जाएगा। बताते चले कि कुछ दिन पहले तक इस विद्यालय में दो शिक्षक थे। लेकिन जो विद्यालय के प्रभारी थे अनिल कुमार उनकी सेवानिवृत्ति 30 सितंबर को हो गई। उसके बाद से विद्यालय में सिर्फ एक ही शिक्षक बचे हुए हैं। साथी सेवानिवृत्ति के बाद अनिल कुमार ने सहायक शिक्षक को प्रभाव नहीं सोप है ना ही उन्होंने रसोई घर की चाभी या अन्य कोई दस्तावेज भी नहीं दिया है। जिससे एमडीएम और हाजिरी बनाने में सहायक शिक्षक अनिल कुमार को काफी परेशानी हो रही है। इस बाबा उन्होंने उच्च अधिकारी को आवेदन भी दिया है।

# अधिवेशन में शामिल हुई डॉ रजनी शर्मा




**नवीन मेल संवाददाता**

**नैनी।** विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान का तीन दिवसीय 29वें अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन और साहित्य मेले का शुभारंभ रविवार को देवरख स्थित जगतपिता ब्रह्मदेव धर्मशाला में हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति डॉ. जीसी त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि विजयलक्ष्मी रामटेके व अध्यक्षता आईपीएस पंडित जुगल किशोर तिवारी ने किया। संस्थान के सचिव डॉ. गोकुलेश्वर कुमार द्विवेदी ने संस्थान के सामाजिक, साहित्यिक सरोकार और भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में आयोजित संगोष्ठी में नीदरलैंड के रामा तक्षक ने नारी के योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. रामटेके, डॉ.सुमा, डॉ. वंदना ने भी विचार रखे। संचालन डॉ. सीमा वर्मा, रश्मि चौबे और संयोजन पुष्पा ` श्रीवास्तव ने किया। रांची झारखंड से आई डॉ रजनी शर्मा को संस्थान के सचिव डॉ. गोकुलेश्वर कुमार द्विवेदी द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

# उपायुक्त के निर्देश पर विद्यालयों में हुआ सीपीआर व फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर अब तक जिले में 1 लाख 50 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोरातू, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमीरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंबागढ़ा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पेसराटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब है की अभियान मोड में जिले के विद्यालयों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# गिद्दी में तार टूटने से 16 घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्दी।** गिद्दी वाशरी के पास बिजली के तार टूटने से गिद्दी ए कॉलोनी में 16 धंटा बिजली आपूर्ति ठप रहा। जिससे गिद्दी कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉलोनी के लोग सोमवार की रात भर अंधेरे रहे। सोमवार की रात में लगभग साढ़े 8 बजे से गिद्दी कॉलोनी की बिजली गुल हुई। जिसके बाद पूरे 16 घंटा के बाद दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर में साढ़े 12 बजे बिजली आपूर्ति शुरू हुई। बिजली कर्मियों ने बताया गिद्दी वाशरी के पास बिजली आपूर्ति की ओवर हेड तार टूटने के कारण कॉलोनी की बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बिजली आपूर्ति ठप रहने से इन्वर्टर भी जबाब दे दिया। कई लोगों का मोबाइल बंद हो गया। वहीं बिजली कटे रहने से पानी की समस्या भी उत्पन्न हुई। जिससे कॉलोनी के लोगों में नाराजगी है। कॉलोनी वालों ने कहा गिद्दी परियोजना के अधिकतर अधिकारी गिद्दी में नहीं रहते हैं। दूसरे जगह से गिद्दी आकर ड्यूटी करते हैं इसलिए इन अधिकारियों को गिद्दी में रात भी बिजली रहे या नहीं रहे, कोई फर्क नहीं पड़ता है। इनलोगों ने कहा अधिकारियों के लापरवाही के कारण जो तार दो घंटा में जोड़ा जा सकता था।

# कलयुगी पति की खौफनाक साजिश, बीमा के पैसों के लिए बीवी को मार डाला हादसे का ढोंग रचा

- **राहगीरों ने पुलिस को पति-पत्नी के घायल होने की सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और सेवंती कुमारी को मृत अवस्था में सदर अस्पताल ले गई, जबकि मुकेश ने बेहोशी का नाटक किया**

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शख्स ने अपनी नई-नवेली पत्नी की हत्या कर इसे सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की, ताकि वह 30 लाख रुपये की बीमा राशि हड़प सके। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पदमा आउटपोस्ट के प्रभारी संचित कुमार दुबे ने बताया कि 30 वर्षीय मुकेश कुमार मेहता ने अपनी 23 वर्षीय पत्नी सेवंती कुमारी की हत्या कर दी। चार महीने पहले ही दोनों की शादी हुई थी। 9 अक्टूबर की रात को मुकेश ने अपनी पत्नी को हेलमेट से पीटकर और गला दबाकर मार डाला, फिर इसे सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की। विगत 9 अक्टूबर को एनएच-33 के पदमा-इटखोरी मार्ग पर राहगीरों ने पुलिस को पति-पत्नी के घायल होने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और सेवंती कुमारी को मृत अवस्था में सदर अस्पताल ले गई, जबकि मुकेश ने बेहोशी का नाटक किया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सेवंती को मृत घोषित कर दिया और मुकेश का मामूली चोटों के लिए इलाज हुआ। लेकिन स्थानीय लोगों को मुकेश का व्यवहार अंतिम संस्कार के दौरान संदिग्ध लगा। अंतिम संस्कार के दौरान मुकेश के रवैये पर स्थानीय लोगों को शक हुआ। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। जांच शुरू हुई तो पता चला कि मुकेश ने 30 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा राशि के लिए दावा किया था। पुलिस को शक गहराया और पूछताछ में मुकेश टूट गया।

## शराब व जुए से लोग हो रहें सावधान

# शराब ने कई परिवारों को बर्बाद किया है : एसडीपीओ

- **उन्होंने आम लोगों से सतर्कता बरतते हुए बुरे लत को त्यागने और अच्छे आदतों को अपनाने के लिए दृढ़ संकल्प लेने की बात कही है**

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** दीपावली के दौरान अनुमंडल पुलिस शराबियों और जुआरियों पर विशेष निगरानी रखेगी. उक्त बातें एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कही. उन्होंने कहा कि जुआ और शराब ने कई परिवार को बर्बाद किया है. कितने लोग तबाह हुए है. यह समाज के लिए कोढ़ और परिवार के विकास में बाधक है. उन्होंने लोगों से इससे दूरी बनाते हुए खुशी पूर्वक दीपावली त्योहार मनाने की अपील किया है. एसडीपीओ ने बताया कि दीपावली को लेकर सभी थाना प्रभारी को जुआरियों व शराबियों के खिलाफ विशेष निगरानी व छापेमारी का निर्देश दिया है. सभी संभावित जगहों पर पुलिस की नजर है. पुलिस गश्ती के साथ सिविल ड्रेस में भी ऐसे लोगों के विरुद्ध नजर रखेगी. एसडीपीओ ने कहा कि दीपावली साफ सफाई और धनलक्ष्मी का प्रतीक है. जो बुराइयों के अंत और अच्छाइयों के प्रारंभ का संदेश देता है. इस पावन त्यौहार पर उन्होंने आम लोगों से सतर्कता बरतते हुए बुरे लत को त्यागने और अच्छे आदतों को अपनाने के लिए दृढ़ संकल्प लेने की बात कही है. एसडीपीओ ने कहा कि जो भी नशा लेते हैं वह तो अपने बर्बाद होते ही हैं इसके साथ ही उनका परिवार भी बुरी तरह से बर्बाद हो जाता है। उनके बच्चे न तो सही पढ़ सकते हैं और न ही आग बढ़ सकते हैं। इसलिए हमलोगों को चाहिए कि इससे बचते रहें और अपने घरों को अच्छी तरह चलाते रहें। इसके साथ ही नशा को लेकर समाज को जागरूक करते रहें और इसमें फैली बुराईयों को समाप्त करने का प्रयास करें जिससे एक अच्छा समाज का निर्माण हो सके और जीने का सबको अधिकार मिल सके ।

## चर्चित काली मंदिर नूरी मस्जिद केस में आजसू नेता सहित 14 लोग बरी

# हमें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा था : मनोज



**लगभग 11 वर्ष से चल रहा था मामला**

मामले में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायलय द्वारा बाइज्जत बरी होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आजसू नेता मनोज कुमार महतो ने कहा की हमें न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा था. उन्होंने बताया की इस केस में हमारे अधिवक्ता राजेंद्र साहू थे जिन्होंने इसे मुकाम तक पहुंचाने का कार्य किया है.

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** विगत सोमवार को रामगढ़ के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप कुमार बर्तम के न्यायालय में पिछले लगभग 11 वर्ष से चल रहे रामगढ़ के चर्चित एनएच 33 स्थित काली मंदिर नूरी मस्जिद मामला रामगढ़ थाना कांड संख्या 30/ 2014 में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप कुमार बर्तम ने निर्णय देते हुए आजसू नेता मनोज कुमार महतो सहित मामले के सभी 14 अभियुक्तों को बाइज्जत बरी कर दिया. इस मामले में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने रणंजय कुमार, मनोज कुमार महतो, दामोदर महतो, लालबिहारी महतो, चिंतामणि पटेल, भुनेश्वर महतो, द्वारिका महतो, प्रदीप कुशवाहा, तारकेश्वर महतो, धर्मेन्द्र साव भोपाली, बिट्टू सिंह चंडोक, सुरेश महतो, धनंजय कुमार पुटूस, अंकित सिंह को बाइज्जत बरी किया है.

# डायलिसिस मरीजों की जान पर आई आफत 10 दिनों से मशीन खराब

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले का सदर अस्पताल मौजूदा समय मे बेहद ही लचर व्यवस्था में चल रहा है। जिसका कारण सिर्फ अस्पताल में रखे मशीनों के रख-रखाव की कमी और इसके अनुचित प्रबंधन है। फिर भी जरूरतमंद मरीज यहां आते हैं भले ही उनका इलाज यहां पर नहीं हो रहा है। बीते 10 दिनों से सदर अस्पताल में लगे 3 डायलिसिस मशीन में से 1 मशीन खराब हो गई है। जिसके कारण यहां पर डायलिसिस कराने वाले मरीजों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। तीन शिफ्ट में डायलिसिस केंद्र चलने के बावजूद सभी मरीजों को डेलिसीसी का पूरा समय नहीं मिल पा रहा। इस कारण सभी मरीजों के डेलिसीसी का समय परिवर्तन किया गया है। लेकिन इसमे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि डायलिसिस मशीन खराब हुए 10 दिन बीत गए हैं फिर भी इसे बनाने की पहल नहीं कि गई है। जिस कारण ये समस्या धीरे-धीरे और भी जटिल होते जा रही है। अगर समय रहते खराब डायलिसिस मसीन को ठीक नहीं कराया जाता है तो किडनी के मरीजों की जान पर आफत भी बन आ सकती है। चार के बजाय अब 3 घंटे की हो रही डायलिसिस सदर अस्पताल में 3 डायलिसिस मशीन लगा है। जिसमे 1 मशीन पिछले 10 दिनों से खराब पड़ा है।

# इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने बच्चों के साथ दीपावली उत्सव मनाया



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** 14 अक्टूबर को इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा उम्मीद स्कूल के बच्चों के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को क्लब की ओर से जैकेट्स उपहार स्वरूप दिए गए ताकि वे आने वाले शीत ऋतु में उनका उपयोग कर सकें। यह कार्यक्रम दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था इसलिए क्लब की सदस्यों ने बच्चों से दीपावली सजावट से संबंधित शिल्प कार्य भी करवाया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को न केवल कुछ नया सीखने का अवसर मिला, बल्कि उनके मन में उत्सव के प्रति उत्साह और खुशी भी जागृत हुई। बच्चों ने केक काटकर कार्यक्रम का आनंद लिया और उनके बीच स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों का भी वितरण किया गया। बच्चों के साथ समय व्यतीत करना क्लब की सदस्यों के लिए भी एक हृदयस्पर्शी अनुभव रहा, जिसने सभी के मन में सुंदर यादें छोड़ दीं। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ हर वर्ष उम्मीद स्कूल के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के साथ कोई न कोई विशेष आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के साथ समय बिताना हमेशा एक भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव रहता है।बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखकर क्लब की सभी सदस्यों के हृदय प्रसन्नता से भर उठे। ऐसे अवसर हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं और हमें यह सिखाते हैं कि वास्तविक आनंद सेवा और प्रेम के भाव में ही निहित है। इस मौके पर सचिव जीनेशा वडेरा, कोषाध्यक्ष मेघा बगडिया , जसमीत कौर सोनी, परमजीत कौर , निति अरोरा , पिंकी पोद्दार, श्वेता जैन, सुरिंदर कौर , ममता वसंत आदि मौजूद थे।

# गिद्दी से अंग्रेजी शराब दुकान में नकदी सहित लाखों की चोरी

**गिद्दी।** गिद्दी चौक स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में सोमवार की रात में चोरों ने एस्बेस्टस सीट तोड़कर नकदी सहित डेढ़ लाख की चोरी कर लिया। दुकानदार ने नकदी 35 हजार सहित 1 लाख 48 हजार 705 रुपए के शराब की चोर के चोरी किए जाने की बात कही है। चोर के शराब दुकान में चोरी करने की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरा के फुटेज में मुंह में कपड़ा बांधे सिर पर टोपी पहने नजर आ रहा है। दुकानदार ने इसकी लिखित सूचना गिद्दी थाना पुलिस को दिया है। इसके बाद पुलिस चोरी के जांच कर रही है। दुकान संचालक संजय कुमार ने बताया सोमवार को वह रात में 11 बजे अन्य दिनों की तरह दुकान बंद करके घर चला गया। मंगलवार को सुबह दुकान खोला तब छत के एस्बेस्टस सीट तोड़कर चोरी की जानकारी हुई।

# धार्मिक स्थल पातालसुर धाम का अस्तित्व संकट में, हजारों लोगों की रोज प्यास बुझाता यह धाम बदहाल स्थिति में



- **ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। कार्य स्थल पर न तो उचित जल निकासी की व्यवस्था की गई है और न ही निर्माण अवशेषों के निस्तारण की**

नवीन मेल संवाददाता





**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल पातालसुर धाम का अस्तित्व अब संकट में है। कभी निर्मल जल के लिए प्रसिद्ध यह धाम आज बदहाल स्थिति में है। सड़क निर्माण एजेंसी की लापरवाही से यहां का जलस्रोत गंदगी और दुर्गंध से भर गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि राज केशरी प्राइवेट लिमिटेड सह कौशल इंजीनियरिंग कंपनी पिछले छह वर्षों से क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य कर रही हैं। कार्य के दौरान उन्होंने पातालसुर धाम की जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह बंद कर दिया है। इसके कारण पातालसुर धाम में पानी जमा होकर सड़ने लगा है और वहां बनी टंकी पर मिट्टी और मलबा जम जाने से बदबू फैल रही है। ग्रामीणों के अनुसार, "पातालसुर का पानी निर्मल जल से कम नहीं था। बरकट्ठा, बंडासिंगा और बेलकपी समेत कई स्थानों के लोग यहीं से पानी ले जाकर पीते थे। लेकिन अब हालात ऐसे है कि पास जाना भी मुश्किल हो गया है।" विदित हो कि पातालसुर धाम में पूर्व जिप सदस्य मीना देवी ने सुंदरीकरण का कार्य किया था। साथ ही बरकट्ठा थाना प्रभारी रविप्रताप बाजपेई की पहल पर पानी की टंकी बनाई गई थी, जिससे आसपास के लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके। परंतु अब टंकी पर जमा मिट्टी और मलबे ने पूरे जल स्रोत को दूषित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण एजेंसी की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह पवित्र स्थल धीरे-धीरे अपनी पहचान खोता जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। कार्य स्थल पर न तो उचित जल निकासी की व्यवस्था की गई है और न ही निर्माण अवशेषों के निस्तारण की। कई बार शिकायत करने के बावजूद एजेंसी की ओर से कोई सुधार नहीं किया गया। इस संबध में पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि यह धाम आसपास लोगों का श्रद्धा का केंद्र है और इसकी निर्मल जलधारा के जल से पूरा क्षेत्र उसका जल पीने में इस्तेमाल करते हैं। एनएचआई के अधिकारी और सड़क निर्माण एंजेसी के संवेदक से आग्रह है कि जल स्रोत को सुरक्षित कर ही काम करें। वहीं स्थानीय निवासी दर्शन सोनी ने कहा कि सड़क निर्माण एंजेसी पानी निकासी की जो रोक लगाई है। वह अविलंब खोले। नहीं तो पातालसुर बाबा के जितने भी धर्म प्रेमी होंगे वह उग्र होकर विरोध करेंगे।

# छठ व्रती चिंतित पतरा पहाड़ तालाब की बदहाल स्थिति से उपासना पर संकट

**रामगढ़।** छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 दीप नगर स्थित पतरापहाड़ इलाके में छठ महापर्व को लेकर इस वर्ष व्रतियों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के छठ घाट के रूप में उपयोग होने वाला स्थानीय तालाब गंदगी से भरा हुआ है। तालाब के आसपास कचरे के ढेर, कीचड़ और जलजमाव की स्थिति से लोग परेशान हैं। छठ व्रती महिलाएं बताती हैं कि तालाब की स्थिति को देखकर यह तय नहीं कर पा रही हैं कि पूजा कैसे संपन्न की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार छठ पर्व के दौरान पतरापहाड़ तालाब पर हर साल बड़ी संख्या में व्रती पहुंचते हैं। सूर्य उपासना के इस महापर्व पर महिलाएं सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं। लेकिन इस बार तालाब में जमा गंदे पानी और दुर्गंध ने श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है। तालाब की सफाई के लिए छावनी परिषद की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दीप नगर पतरा पहाड़ में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

# न्यूज बॉक्स

## सड़क पर रिफाइन लदा टैंकर पलटा, तेल लूटने के लिए उमड़े ग्रामीण



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना अंतर्गत जीटी रोड स्थित लेम्बुआ मोड़ के समीप मंगलवार सुबह कच्चा रिफाइन लदा टैंकर अनियंत्रित हो कर पलट गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे की है। टैंकर संख्या एनएल 01 ए बी 6720 पलटने से कच्चा रिफाइन सड़क पर बिखर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और बर्तनों में तेल भरने के लिए एक दूसरे पर टूट पड़े । सूचना पाकर गोरहर पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी चालक का नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में चालक और खलासी को मामूली चोटें आई हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीण रामू मुर्मू और विजय ठाकुर ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि स्पीड नियंत्रण को लेकर सड़क निर्माण एंजेसी के द्वारा कोई बोर्ड नहीं लगाई गई हैं।

## बैंकों पर सेम डे में नहीं हो रहा चेक क्लियरेंस

**रामगढ़।** भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) ग्राहकों की सुविधा को लेकर लगातार प्रयासरत है। इनकी ओर से समय - समय पर बदलाव किए जाते रहे हैं। ताकि ग्राहकों की सुविधा में इजाफा हो सके। लेकिन इस बार त्योहार के अवसर पर आरबीआई का आदेश बैंकों के लिए गले का फांस बन गया है। दरअसल भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) ने बैंकों को चेक क्लियरेंस प्रक्रिया में तेजी लाते हुए एक दिन के अंदर चेक क्लियर करने की व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया। यह नया नियम 4 अक्टूबर से ही होना था, लेकिन 10 दिन अतिरिक्त गुजरने के बावजूद नई व्यवस्था लागू नहीं हो सकी। यहां तक की पूर्व के अनुसार दो - तीन दिन वर्किंग डे में भी चेक क्लियर नहीं हो पा रहा है। - त्योहार पर नई व्यवस्था बनी आफत आरबीआई ने दैनिक कामों के लिए चेक पेमेंट पर निर्भर रहने वाले ग्राहकों की सुविधा को लेकर एक दिन में ही चेक क्लियर करने का निर्देश दिया है। इसके तहत चेक क्लीयरेंस सिस्टम को स्टेप वाइज चेक ट्रंकेशन सिस्टम ( सीटीएस ) से बैच प्रोसेसिंग से निरंतर क्लियरिंग और प्राप्ति पर निपटान मॉडल में ट्रांसफर किया जाना है। लेकिन तकनीकि समस्याओं को अब तक दूर नहीं किया जा सका। परिणाम स्वरुप रामगढ़ जिला में करोड़ों का ट्रांजेक्शन फंसा हुआ है। इस कारण त्योहार के अवसर पर सामानों की डिलेवरी नहीं हो पा रही है। इससे दीपावली बाजार प्रभावित होने लगा है। इसे लेकर व्यवसायियों में आक्रोश है।

## अपराधी ने महिला की गले की चैन और नथनी लेकर हुए फरार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैड़ा में घर के बाहर खड़ी एक वृद्ध महिला से अपराधियों ने जेवरात छीना और फरार हो गए। वहीं उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि स्व0 रामनाथ पांडेय की 75वर्षीय पत्नी कुंती देवी अपने दरवाजा के पास खड़ी थी। अचानक बाइक से दो अपराधी आए और एक अपराधी के पास बैग था जो कुंती देवी का मुंह दबा दिया दूसरा अपराधी नाक से सोने का नथनी और गले से सोना का चैन लेकर फरार हो गए। इससे कुंती देवी बुरी तरह लहूलुहान हो गई।घटना की जानकारी पडोस के लोगों को मिलते ही उनका पीछा करना शुरू किया। परंतु अपराधी तेजी से बाइक चलाते हुए भागने में सफल रहे। जब सीसीटीवी फुटेज जांच की गई तो एफ जेड यामाहा कंपनी का बाइक था। अपराधी तिलकौरी, पिपचो की और फरार हो गए। तत्पश्चात लोगों ने घटना की जानकारी बरकट्ठा पुलिस को दी। पुलिस मामले की घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की और उदभेदन में जुट गई है।

## कुएं में मिला मासूम अंजलि का शव, मां व परिजनों की चीत्कार से गांव में पसरा सन्नाटा



**बरही ।** मंगलवार की सुबह छोटकी केवाल निवासी मनोज रविदास की 5 वर्षीया पुत्री अंजली कुमारी का शव घर से मात्र 10 मीटर की दूरी पर अवस्थित कुएं में मिली. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया. पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया. ग्रामीणों ने बताया कि जिस कुएं से शव बरामद हुआ उस कुएं का उपयोग सिर्फ पटवन के लिए किया जाता था. जिसमें मुंडेरे भी नहीं बने थे, बरसात के कारण झाड़ियां उग आई थी. बच्ची संभवतः खेलने के क्रम में कुएं में गिरी और यह हृदय विदारक हादसा हुआ. ज्ञात हो कि अंजली रविवार 3 बजे से गायब थी. परिजनो ने इसकी गुमशुदगी को लेकर बरही थाना में मामला भी दर्ज करवाया था. इस हृदय विदारक घटना और मां तथा परिजनों के क्रंदन से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है.

## दिनदहाड़े घर में घुसकर गहने व 60 हजार नकदी की चोरी

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के भेलवारा में सोमवार को एक घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई। शाम करीब चार बजे अज्ञात चोरों ने बुजुर्ग भगिया देवी पति स्व. सुकर महतो के घर को निशाना बनाया। चोर घर में घुसकर बक्सा का ताला तोड़कर रखे करीब एक किलो चांदी के गहने तथा 60 हजार रुपये नकदी की चोरी कर ली। पीड़िता ने चोरी की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी है। बुजुर्ग पीड़िता ने बताया कि शाम करीब चार बजे वह मवेशियों को चारा-पानी देने के लिए गई थी। घर में सिर्फ छोटे-छोटे बच्चे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोग घर पहुंचे और बच्चों से माता-पिता एवं दादी के बारे में पूछा कि वे लोग कहां गए हैं। बच्चों ने बताया कि सभी घरेलू कामकाज को लेकर कई खेत तो कोई मवेशियों को देखने के लिए गए हैं तो चोरों ने सभी बच्चों को एक कमरे में घुसाकर बंद कर दिया। इसके बाद कमरे में घुसकर बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे चांदी के करीब एक किलो पुराने गहने, सोने का चेन तथा करीब 60 हजार रुपये नकदी लेकर फरार हो गए।

## दीपावली के मौके पर शहर में स्मार्ट फोन की बिक्री में जबरदस्त उछाल

**रामगढ़।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही इस बार न सिर्फ सजावट और मिठाइयों की दुकानों में, बल्कि गैजेट बाजार में भी जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। खासकर स्मार्टफोन की बिक्री में इस समय अप्रत्याशित उछाल देखने को मिल रहा है। नए मॉडलों के लॉन्च, आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स और आसान ईएमआई योजनाओं के चलते मोबाइल शोरूम और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म दोनों ही बिक्री बढ़ाने की जंग में उतर गए हैं। - नए लॉन्च और फेस्टिव ऑफर्स की रेस त्योहारों के मौसम को देखते हुए बड़ी मोबाइल कंपनियां लगातार नए मॉडल बाजार में उतार रही हैं। सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रियलमी, शाओमी और एप्पल जैसी कंपनियों ने अपने प्रीमियम और मिड रेंज सेगमेंट में कई नए फोन पेश किए हैं।

# छठ को लेकर डीसी और एसपी ने किया घाट का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आस्था का महापर्व छठ पूजा अब बस दो सप्ताह बाद होने वाला है। इसी को लेकर सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह और पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने मंगलवार को शंख नदी छठ घाट का निरीक्षण किया।सिमडेगा शहरी क्षेत्र के हजारों व्रती हर वर्ष शंख नदी घाट पर छठ व्रत करते हैं। बढ़े हुए जलस्तर और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए डीसी और एसपी ने घाट की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नदी की गहराई का पूर्व आकलन कर गहरे पानी वाले हिस्सों में बेरिकेटिंग की जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।उन्होंने घाट तक जाने वाले मार्गों का भी निरीक्षण किया और बारिश से कटे हुए फ्लैंकों की अविलंब मरम्मत का आदेश दिया। साथ ही लाइटिंग, साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा बल की तैनाती और चिकित्सा सुविधा जैसे बिंदुओं पर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर छठ पूजा आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी तैयारियों की रूपरेखा तय की।इस मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव , एनडीसी समीर रैनियार खलखो, अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद खाना प्रभारी रोहित रजक इसके अलावा प्रदीप केसरी ,दुर्गा प्रसाद ,दीपक रिंकू ,राकेश सिंह सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दीपावली और छठ पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

सिमडेगा: आगामी धनतेरस, दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।




बैठक में त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, पटाखों के सुरक्षित भंडारण एवं बिक्री, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था सहित अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि दीपावली और छठ के अवसर पर जिले में शांतिपूर्ण वातावरण और जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही छठ घाटों पर अस्थायी शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, वाहन पार्किंग और भीड़ नियंत्रण की सुदृढ़ तैयारी करने को कहा गया।बैठक में पटाखों की बिक्री और उपयोग को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दीपावली पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक तथा छठ पर्व पर प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति होगी। उपायुक्त ने कहा कि आतिशबाजी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से दूर की जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विदेशी पटाखों की बिक्री और उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।बैठक में यह तय किया गया कि धनतेरस और दीपावली के अवसर पर पटाखों, सजावटी सामग्री और दियों की बिक्री गांधी मैदान सिमडेगा में खुले स्थानों पर की जाएगी, जिससे सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित हो सके। वहीं दीपावली पर नीचे बाजार में काली पूजा और गुलजार गली में लक्ष्मी पूजा आयोजित की जाएगी। छठ पर्व के दौरान प्रिंस चौक स्थित नवज्योति छठ पूजा समिति, शंख नदी छठ घाट, केलाघाघ, तथा छठ तालाब में श्रद्धालु भगवान भास्कर की आराधना करेंगे।एसपी एम. अर्शी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस विभाग की विशेष गश्ती टीम तैनात रहेगी तथा सभी संवेदनशील स्थलों पर निरंतर निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाएं।अंत में उपायुक्त कंचन सिंह एवं एसपी एम. अर्शी ने जिलेवासियों को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी से शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

## हस्ताक्षर अभियान सिर्फ विरोध नहीं जनजागरण आंदोलन है: जोसिमा

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में मंगलवार को सिमडेगा शहरी क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत महिला कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर लोकतंत्र की रक्षा और जनता के जनादेश का सम्मान करने की अपील की। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों और विश्वास के साथ वोट दिया था। उस जनादेश को सत्ता पक्ष ने छलपूर्वक हड़प लिया है। ऐसे में महिलाओं ने आवाज उठाने का बीड़ा उठाया है कि वोट चोरों को अब गद्दी छोड़नी ही होगी। उन्होंने कहा कि देश और राज्य की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अब केवल दर्शक की नहीं, बल्कि निर्णायक की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। आज यह हस्ताक्षर अभियान सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि एक जनजागरण आंदोलन है। जिससे लोगों को यह एहसास कराया जा सके कि सत्ता जनता की होती है, किसी व्यक्ति या दल की नहीं। जोसिमा खाखा ने कहा कि यह अभियान जिले के हर प्रखंड और पंचायत तक पहुंचाया जाएगा। ताकि जनता अपनी आवाज एकजुट होकर उठा सके।

### सिमडेगा में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

## डीसी ने दिया समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में सिमडेगा में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, एनआरईपी, राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल एवं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित लंबित योजनाओं को समय पर पूर्ण करें। किसी भी योजना स्थल पर यदि जमीन या अन्य समस्या आती है, तो संबंधित अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यदि अंचल स्तर से समाधान संभव नहीं होता है, तो एसडीओ स्तर से पत्राचार कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।बैठक में संबंधित कार्यपालक अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से मिल सके।

## विधायक के नेतृत्व में "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**




**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ठेठईटांगर प्रखंड में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड पर्यवेक्षक मोहम्मद समी आलम, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम और जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अभियान ठेठईटांगर बाजार में पदयात्रा के माध्यम से जनसामान्य तक पहुँचाया गया।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मनुवादी ताकतें देश को विखंडित करने में लगी हैं। उन्होंने बताया कि आम लोग भय और संदेह के बीच जीवन यापन कर रहे हैं, जबकि मिडिया भी स्वतंत्र नहीं है। बढ़ती महंगाई और कमजोर लोकतंत्र के कारण देश धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है।विधायक ने चेतावनी दी कि अगर दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के वोटों को हाशिए पर रखा गया तो मनुवादी ताकतें देश को उद्योगपतियों के हाथों में गिरवी रखकर गुलाम बना देंगी।कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू, अतुल मिंज, बिनय तिग्गा, सुकवन जोजो, सिप्रियन कंडुलना, वाल्टर लुगुन, जौरजीना समद, ज्योति लकड़ा, हरदुगन केरकेट्टा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अभियान का उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति लोगों को सजग करना बताया गया।

## बानो में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो डाकबंगला परिसर में "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कांडुलना ने की, जबकि संचालन एवं निर्देशन प्रखंड प्रभारी सुरेश द्विवेदी द्वारा किया गया।बैठक में अभियान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इसे और अधिक तेज़ी व जनभागीदारी के साथ चलाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान जनता की आवाज़ है, जिसे प्रत्येक पंचायत और बूथ स्तर तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।बैठक में मो. रफीक अंसारी, सुरेश द्विवेदी, लालचंद लोहारा, विलफ्रीड जरिया, साबन डांग, अभिषेक बागे, सालन बागे, सनिका हेमरोम, सहदेव कोटवार, मो. शमशेर अंसारी, जिदान जोजो, सोमा कांडुलना, संदीप कांडुलना, मसीहदास लुगुन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन जनजागरूकता बढ़ाने और अभियान को गति देने के संकल्प के साथ हुआ।

## उत्कृष्ट कर्मियों को 'पुलिस मैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में पुलिसिंग बेहतर से बेहतर हो सके इसको लेकर सिमडेगा एसपी एम अर्शी के द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक सोच वाले कर्मियों को प्रत्येक सप्ताह पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिस मैन/कर्मी ऑफ द वीक पुरस्कार दिया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी / पुलिस पदाधिकारी का चयन कर उनके बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। साथ हीं उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह जिले के सभी थाना/ओ०पी०/ प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगाया जा रहा है। इससे पुलिस कर्मीयों और पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिल रही साथ हीं उनका मनोबल भी बढ़ रहा है। जिस जिले वासियों को बेहतर पुलिसिंग का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में इस सप्ताह कोलेबिरा थाना में तैनात हवलदार मोती लाल महतो को उनके उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक सोच के लिए पुलिस कर्मी ऑफ द वीक पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। आज एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने मोती लाल महतो को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

## आम सूचना रामरेखा धाम स्मारिका हेतु सामग्री आमंत्रित

**सिमडेगा।** पर्यटन स्थल रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर इस वर्ष आयोजित होने वाले श्री राम रेखा राजकीय पर्यटन महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में स्मारिका पत्रिका तैयार की जा रही है। इसके लिए आलेख, कविता, गीत, कहानी, लघुकथा, विशेष संपादकीय एवं प्राचीन या दुर्लभ फोटोग्राफ की आवश्यकता है।संपूर्ण जिलेवासी, साहित्यकार, संस्थाएँ, प्रेस एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से अनुरोध है कि यदि उनके पास रामरेखा धाम या पाकरटांड से संबंधित सामग्री उपलब्ध हो, तो वह जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, बाजारटांड़, सिमडेगा में जमा कर सकते हैं।साथ ही इच्छुक लोग सामग्री मनीष हेंब्रम, जिला खेल समन्वयक के मोबाइल नंबर 9939316509 पर वॉट्सएप के माध्यम से भी भेज सकते हैं।

## जमतई पंचायत के जोरपोंडा में 12 आदिवासी परिवार शुद्ध पेयजल से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत जमतई पंचायत के जोरपोंडा गांव में रहने वाले लगभग 12 आदिवासी परिवारों को आज भी शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है। पेयजल संकट के कारण ग्रामीण डांड़ी का पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।जोरपोंडा गांव जमतई पंचायत मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित है, जहां सोलर जलमीनार तक नहीं लगाया गया है। इस कारण ग्रामीणों को खुले जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग और जनप्रतिनिधियों से सोलर जलमीनार लगाने की मांग की गई, लेकिन अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।ग्रामवासी महलू कोटवार ने बताया कि "सोलर जलमीनार नहीं रहने से पानी के लिए काफी परेशानी होती है।" वहीं जूनाश भेंगरा ने कहा, "हम लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है और दूषित पानी पीना पड़ रहा है।" ललिता भेंगरा ने कहा कि "स्वच्छ पानी न मिलने के कारण बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत होती है।"ग्रामीण सीपीरियन भेंगरा, विश्राम भेंगरा, किशोर भेंगरा, विल्कन भेंगरा, दुखन बड़ाईक, सुरेश सुरीन, सुनील सुरीन, करमु बड़ाईक, मालक बड़ाईक, सुखराम बड़ाईक एवं नवीन बड़ाईक ने सामूहिक रूप से विभाग से शीघ्र सोलर जलमीनार स्थापना और पेयजल आपूर्ति की मांग की है।इस संबंध में जमतई पंचायत की मुखिया नामजन जोजो ने कहा कि "जोरपोंडा गांव में पेयजल संकट की जानकारी विभाग को दी गई है।

**आत्मनिर्भरता** | सिमडेगा में आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला संपन्न, स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर

# कार्यशाला में नेताओं और कार्यकर्ताओं की सहभागिता

- भाजपा ने आयोजित की आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने की, जबकि संचालन एवं निर्देशन महामंत्री दीपक पुरी ने किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद एवं ST मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाना और सामाजिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही हम सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर बन सकते हैं।विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि विदेशी वस्तुओं के बजाय देश में निर्मित उत्पादों को अपनाएं और गर्व से स्वदेशी का उपयोग करें। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों ने वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले।प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने बताया कि भारत ने मंगलयान, चंद्रयान-3, आदित्य L1 और गगनयान जैसी उपलब्धियां हासिल की हैं और वैश्विक स्पेस इकोनॉमी में भारत की हिस्सेदारी 2% से बढ़ाकर 8% करने का लक्ष्य है। उन्होंने 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सशक्त होने और फार्मा व बायोटेक में वैश्विक योगदान की भी जानकारी दी।कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, कार्यक्रम संयोजक श्रद्धानन्द बेसरा, पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संबोधन दिया।

### स्वदेशी वस्तुओं के लिए शपथ ली

कार्यशाला के अंत में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ ली गई।कार्यक्रम में महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, संजय ठाकुर, मनोज साय, प्रणव तुलसी कु साहु, रवि गुप्ता, रामअवध साहू, राकेश रविकांत, रामविलास, अनूप केशरी बड़ाईक, दीपनारायण दास, सुषमा मिश्रा, प्रतिमा देवी, गोपाल केशरी, कंचन रानी, नरेंद्र बड़ाईक, कृष्णा ठाकुर, रवि वर्मा, संजय शर्मा, संटू गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिले के विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शेष ग्राम टोलों में विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, ताकि सभी कार्य समय पर पूरा हो सके।विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के 574 टोलों में विद्युतीकरण किया जाना है, जिसमें से 111 टोलों में काम पूर्ण हो चुका है। शेष टोलों में कार्य जुलाई 2026 तक पूरा किया जाना है। बैठक में कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।साथ ही बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि आरडीएसएस के तहत खुले तारों को कवर तार में बदलने का कार्य एजेंसी के द्वारा जारी रखा जाए। अब तक 442 किलोमीटर तार कवर किया जा चुका है। इसके अलावा झुके हुए पोल और तारों की मरम्मत और पर्व-त्योहार के समय जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी अधिकारी/कर्मी को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा में संस्था के प्रांतीय शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दूबे की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति की एक अनौपचारिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 08 से 10 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले प्रांतीय स्तरीय हिंदी आचार्य प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा एवं कार्ययोजना तैयार करना था।तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम झारखण्ड प्रांत की योजना के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यभर से लगभग 150 से अधिक हिंदी आचार्य शामिल होंगे। प्रशिक्षण सत्रों में आचार्यों को भाषा की बारीकियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा प्रभावी अध्यापन कला की गहराई से जानकारी दी जाएगी।बैठक में विद्यालय परिसर में प्रशिक्षण स्थल, आवास व्यवस्था, स्वागत सत्कार, भोजन एवं तकनीकी सहायता जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रांतीय शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दूबे ने कहा कि "यह प्रशिक्षण वर्ग आचार्यों के शैक्षणिक कौशल में निखार लाने का उत्कृष्ट अवसर सिद्ध होगा।"इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण तथा आचार्य परिवार के सभी आचार्य-आचार्याएँ उपस्थित रहे।

### बानो प्रखंड के गिरदा में दिवाली शांति समिति बैठक संपन्न

**बानो।** बानो प्रखंड के गिरदा थाना क्षेत्र में दिवाली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक मुखिया नामजन जोजो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना था।मुखिया नामजन जोजो ने कहा कि दिवाली का पर्व आंधकार से प्रकाश, हार और जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस दिन भगवान राम ने रावण का वध कर अयोध्या लौटकर दीपावली मनाई थी, और इसी परंपरा के तहत हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने सभी से आपसी तालमेल और सहयोग के साथ दिवाली मनाने की अपील की।थाना प्रभारी विद्या सागर चौरसिया ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि दिवाली का पर्व भक्ति भाव और संयम के साथ मनाएं, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी घटना की जानकारी समय पर प्रशासन को दें।बैठक में एएसआई रेंगा तुबिद सहित थाना क्षेत्र के ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### जोरपोंडा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, कई ग्रामीणों ने कराई जांच

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के राजस्व ग्राम जोरपोंडा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 लोगों ने अपनी नेत्र जांच कराई। यह शिविर एल.वी. प्रसाद डालमिया राजगंगपुर द्वारा संचालित किया गया।शिविर में नेत्र तकनीशियन कल्पना किसान द्वारा जांच की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए टहलू नायक, बुद्धेश्वर नायक, बुधनी देवी एवं रतिया प्रधान को राजगंगपुर मोनालिसा बस से भेजा गया।कार्यक्रम में जमतई पंचायत के मुखिया नामजन जोजो उपस्थित रहीं और सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने ओडिशा राजगंगपुर जाने वाले मरीजों के सुरक्षित उपचार की भी शुभकामनाएं दीं।शिविर का आयोजन राजेश बड़ाईक के नेतृत्व में किया गया, जबकि बालेश्वर नाग, मंजरी तोपनो, शंकर पाईक, कमलेश्वर नायक और जुनेल भेंगरा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।नेत्र जांच शिविर ने ग्रामीणों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

### डीएवी के 12वीं के छात्र ने बनाया ऐसा चश्मा जो अंधों के लिए बनेगा सुरक्षा की लाठी

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में आयोजित विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में 12वीं कक्षा के छात्र मिलियन तिग्गा ने एक अनोखा आविष्कार कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने ऐसा स्मार्ट चश्मा तैयार किया है, जो दृष्टिहीन लोगों के लिए सुरक्षा की लाठी का काम करेगा।यह चश्मा सेंसर तकनीक पर आधारित है। जब इसे पहनने वाला व्यक्ति किसी वस्तु या व्यक्ति के निकट पहुंचता है, तो चश्मे में लगे सेंसर अलार्म बजाकर खतरे का संकेत देते हैं। इससे अंधे व्यक्ति को टकराव या दुर्घटना से पहले ही सावधान किया जा सकता है। मिलियन तिग्गा ने बताया कि उन्होंने यह चश्मा समाज की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया है, ताकि दृष्टिहीन लोग भी स्वावलंबी और सुरक्षित रूप से चल-फिर सकें।विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने कई नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए, जिनकी शिक्षकों ने सराहना की। विद्यालय के शिक्षकों ने मिलियन के इस प्रयोग को रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे छात्रों को उचित मार्गदर्शन और संसाधन मिलें, तो वे भविष्य में देश के प्रमुख वैज्ञानिकों में शामिल हो सकते हैं।यह चश्मा सिमडेगा के विद्यार्थियों की प्रतिभा और नवाचार क्षमता का प्रतीक बन गया है।

# विभिन्न प्रखंडों में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने को लेकर विधायक ने विभाग को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

- विभिन्न क्षेत्र में जले ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर विधायक ने विभाग को पत्र लिखकर लोगों को राहत पहुंचाने की बात कही। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं



**बरही।** विस क्षेत्र में नियमित विद्युतापूर्ति को लेकर गंभीर रहने वाले स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही, पदमा और चौपारण के विभिन्न क्षेत्र में जले ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर अधिक्षण अभियंता (ई) को पत्राचार किया है. लिखे पत्र मे पंचायतों में ट्रांसफार्मर खराब रहने से ग्रामीण क्षेत्र में हो रही समस्याओं की चर्चा करते हुए शीघ्रातिशीघ्र दूर करने की बात कही है. बच्चों की पढ़ाई, सिंचाई कार्य और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान सब प्रभावित हो रहे हैं. पत्र में विधायक ने बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत के बेहराबाद मोदी टोला में 25 केवीए, डपोक पंचायत के अड़वारिया टोला में 25 केवीए, विजैया पंचायत के गुडियो में 100 केवीए, बरसोत पंचायत के बरियट्ठा में 100 केवीए, गौरियाकरमा पंचायत के रोहनियाटांड़ में 25 केवीए, चौपारण प्रखंड में भगहर पंचायत के ओरवाटांड़ भंडार में 25 केवीए, अम्बातरी गांव में 25 केवीए, पांडेयबारा पंचायत के कमलवार गांव में 63 केवीए, बेला पंचायत के रानीक गांव में 100 केवीए और पदमा प्रखंड के कुटीपिसी गांव में महिषासुर बाबा स्थल के समीप अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की अनुशंसा की है. विधायक मनोज यादव ने कहा कि इन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर नहीं रहने से आमलोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कर ग्रामीणों को राहत दी जाए,

# जमीन विवाद को लेकर हुआ खूनी संग्राम, आधा दर्जन लोग घायल



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** केदारुत पंचायत के कटीऑन गांव में खूनी संग्राम होने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए. मामला जमीन विवाद से संबधित है. दोनों के पक्षों के बीच लाठी-डंडे से हमला किए जाने की जानकारी मिली है. जिनका ईलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया. दोनो एक दूसरे के ऊपर जमीन हड़पने का आरोप लगा रहे हैं. पहले पक्ष से कटियौन निवासी वीणा देवी पति राजकिशोर सिंह निवासी, सिधेश्वर सिंह पिता मेघन 6सिंह, मुकेश सिंह पिता राजकुमार सिंह, रामफल सिंह पिता मेघन सिंह, दूसरे पक्ष से बेबी देवी पति दिनेश्वर सिंह, शिवदास सिंह, संजीत कुमार पिता दिनेश्वर सिंह, रोशन सिंह पिता शिवदास सिंह, सुदामा देवी पति शिवदास सिंह शामिल हैं. इधर खूनी संग्राम की सूचना मिलते हीं पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी प्राप्त किया.

# चेकिंग के दौरान शराब के साथ एक गिरफ्तार



### जब्त की गई सामान

रॉयल स्टैग 375 एमएल का 39 बोतल, Blender pride 375 एमएल का 3 बोतल,
3. मैक डोवेल्स 375 एमएल का 3 बोतल, विदेशी / अग्रेजी शराब
4. लाल रंग का अपाची मोटरसाईकेल सं0 BR10AK0153
छापामारी दल में शामिल सदस्यों का नाम :1. पु0अ0नि0 दया शकर पांडेय
2. आरक्षी-51 मुंशी मुर्मू, 3. आरक्षी-263 गौतम सोरेन, सभी थाना बसंतराय।

नवीन मेल संवाददाता

**गोड्डा।** विगत रविवार को संध्या गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली की डेरमा मोड़ से कुर्मा जाने वाली रोड में एक व्यक्ति अवैध अंग्रेजी शराब लेकर बिहार जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार लोचनी मोड़ पर चेकिंग लगाए गए। चेकिंग के क्रम में समय लोचनी मोड़ पर एक मोटर साईकिल पर सवार व्यक्ति पीठ पर बैग में ले जा रहा था तथा पुलिस पार्टी को देखकर वह व्यक्ति मोटर साईकिल घुमा कर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से दौड़ाकर मोटर साईकिल सवार व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाए गए व्यक्ति का नाम व पता पूछने पर अपना नाम कानदेव यादव उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्व० चिंतामन यादव सा० तिलवाड़ी थाना धोरैया जिला बांका (बिहार) बताये। पकड़ाये व्यक्ति के पीठ पर काले रंग का बैग को चेक करने पर रॉयल स्टैग 375 ML का 39 बोतल, Blender pride 375ML का 3 बोतल, mc Dowells 375ML का 3 बोतल, विदेशी/अंग्रेजी शराब पाया गया। उक्त शराब का वैध कागजात की मांग किया गया परंतु कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध शराब को विधिवत जप्त किया गया तथा पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# नरेश अग्रवाल को फोटोग्राफी में स्वर्ण पदक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** फोटोग्राफी सोसाइटी ऑफ़ अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त आर्ट सेंस 2025 द्वारा आयोजित फोटोग्राफिक सेलून की ट्रैवल कैटेगरी में जमशेदपुर के नरेश अग्रवाल को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता में अनेक देशों के फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया था। नरेश अग्रवाल को उनके छायाचित्र मल्टीपल केव्स के ऊपर यह पुरस्कार दिया गया है । चित्रों का चयन तीन ज्यूरी की कमेटी के द्वारा किया गया। नरेश अग्रवाल मूलतः ग्रामीण जीवन के चित्रों को उकेरने वाले छायाकर हैं। उनके 350 से अधिक चित्रों को भारत ही नहीं भारत के बाहर अनेक देशों में प्रदर्शनी के लिए चुना गया एवं पुरस्कृत भी किया गया है। वे विलुप्त होती सबर जाति के ऊपर महत्वपूर्ण काम कर रहें हैं। दुबई की विश्व प्रसिद्ध संस्था हिप्पा, जो हिप्पा फोटो प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित करती है और हमदान अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार के लिए मशहूर हैं ।जिसकी पुरस्कार राशि 9 करोड़ के आसपास है। इसमें दुनिया भर से फोटोग्राफरों की लाखों तस्वीरें आती हैं। फाइनल राउंड की 1000 फोटो के समूह में नरेश के द्वारा खींची गई तस्वीर को भी शामिल किया गया है। इन तस्वीरों के आधार पर फाइनल राउंड में निर्णय दिया जाएगा और सबसे श्रेष्ठ चित्र को पुरस्कृत किया जाएगा। नरेश अग्रवाल के चित्रों में फोटोग्राफी के विशेषज्ञों को एक अलग तरह की संभावना नजर आती है कि लोगों के जीवन के भावनात्मक एवं लयात्मक पक्ष को वे कमरे में कैद करने में सक्षम हैं । वैसे भी लगातार बहुत सारी फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों में इनके चित्रों को स्थान मिल रहा है। नरेश अग्रवाल के लिए फोटोग्राफी पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि उत्साही बने रहकर जीने का तरीका है । उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा को छायाकार के रूप रूप में समर्पित कर दिया है।

## प्लेसमेंट ड्राइव व स्वरोजगार कार्यक्रम आयोजित

# 150 में 43 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में संचालित दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में प्लेसमेंट ड्राइव व स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका आयोजन पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किया गया था. उक्त जानकारी केंद्र संचालक दिलीप कुमार गुप्ता ने दी. उन्होने बताया कि इस विशेष ड्राइव में 120 प्रशिक्षु युवाओं ने भाग लिया. जिनमें 43 प्रशिक्षुओं को विभिन्न कंपनियों में चयनित कर नियुक्ति पत्र दिया गया. 6 प्रशिक्षुओं के बीच स्वरोजगार टूलकिट वितरित किए गए. इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य रूप से रिलायंस स्मार्ट के स्टोर मैनेजर , 2050 हेल्थकेयर से नितिन कुमार, प्लेसमेंट हेड अजकार आलम, राहुल कुमार सेंटर मेनेजर, अमरकांत कुमार स्टेट हेड नेताजी सुभाष चंद्र बोस , गौतम कुमार सेंटर मैनेजर, बढ़ते कदम से रविरंजन स्टेटहेड और प्रकाश सिंह सेण्टर हेड उपस्थित थे. कार्यक्रम सफल बांसने में पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के सभी कर्मचारियो ने महत्ती भूमिका निभाई. मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपलब्ध नौकरी के अवसर, वेतन विवरण और कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया. उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बरही व आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने में मील का पत्थर साबित हुआ है.


Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement portal**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 09/2025-26
Date :- 14/10/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Tandil, Block- Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.554 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 24/10/2025 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 10/11/2025 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 364135 Minor Irrigation(25-26)#D


# अवैध अफीम के दुष्परिणाम व कानूनी कार्रवाई के संबंध में लोगों को किया गया जागरूक




**मुरहू।** मुरहू थाना क्षेत्र के इंदिपीढ़ी गांव में अवैध अफीम के दुष्परिणाम एवं कानूनी कार्रवाई के संबंध में लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाया गया साथ ही वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं दूसरी ओर खूंटी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय गुटजोरा मे डायल 112. महिला अपराध,गुड टच वेड टच,साईबर अपराध,अवैध अफीम खेती के दुष्परिणाम एवं मानव तस्करी से संबंधित विषयों पर छात्रों को जानकारी दिया गया।

# मुरी ओपी में नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**मुरी।** मुरी ओपी में नए प्रभारी के रूप में राहुल कुमार मेहता ने अपना योगदान दिया।वे पूर्व में बुंडू थाना में पदस्थापित थे।योगदान देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा की क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना एवं क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना साथ ही साथ ग्रामीणों के साथ व्यवहार पूर्वक पेश आना और उनकी समस्या को त्वरित समाधान करना। इसके पूर्व में गगन कुमार ठाकुर मुरी ओपी में पदस्थापित थे जिनका स्थानांतर रांची हो गया है।

# उपायुक्त के निर्देश पर विभिन्न खदानों में हुआ सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




- अब तक जिले में 1 लाख 50 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर अब तक जिले में 1 लाख 50 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड अरगड्डा, मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एवं इस्पात हेहल कारखाना सहित अन्य कारखानों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर कर्मियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अभियान मोड में जिले के विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना,राँची**
**E-mail :- dwsdhatiaproject@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS IN 16 NOS.OF WATER TESTING LABORATORIES UNDER DW&SD, JHARKHAND RANCHI ZONE- जिसका Tender Ref. No.- LAB/DWSD/25/2024-25 dt. 08.10.2025 एवं PR No.-363644 जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है में निम्नांकित संशोधन किया जाता है:–

| क्र० | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित | वर्त्तमान में संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 10.10.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। | दिनांक 15.10.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 2 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 14.10.2025 in the Office of the Chief Engineer- cum- Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00 PM | 17.10.2025 in the Office of the Chief Engineer – cum - Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00 PM |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.10.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। | दिनांक 30.10.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.10.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। | दिनांक 01.11.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |

निविदा का शेष अंश यथावत रहेगा।

(आनन्द कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,हटिया योजना,राँची

PR 364119 Drinking Water and Sanitation(25-26).D


# बेड़ो व लापुंग के नए थाना प्रभारी ने योगदान दिया



**बेड़ो/लापुंग।** बेड़ो और लापुंग के नए थाना प्रभारी क्रमशः सुजीत कुमार उरांव एवं गोविंद कुमार ने अपने अपने थानों में योगदान दिया। लापुंग के नए थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि लापुंग में शांति व्यवस्था कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यहां उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन 24 घंटे काम करेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों का निवारण करना, आम लोगों की मदद से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पब्लिक-पुलिसिंग सहयोग एवं बेहतर तालमेल ज़रूरी है। जनता के सहयोग के बगैर काम सफल नहीं होता। उन्होंने क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए जनता से सहयोग करने की अपील की है। वहीं दूसरी ओर बेडो.के थाना प्रभारी के रुप में सुजीत कुमार उरांव ने योगदान दिया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शशी टाईगर, दीपक गोप तथा रवि सिंह ने थाना प्रभारी से मिलकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया ।

# बेड़ो में काली पूजा की तैयारियां जोरों पर



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** श्री श्री काली पूजा समिति, जामटोली रोड बेड़ो के तत्वाधान में तीन दिवसीय काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस निमित्त श्री श्री काली पूजा समिति जामटोली रोड, बेड़ो के तत्वाधान में मंगलवार को पूजा समिति की ओर से काली पूजा करने को लेकर एक सामुहिक बैठक आयोजित की गई । यह बैठक जामटोली रोड स्थित रानी बगान में पूजन स्थल के समीप हुई। बैठक में पूजा समिति के सभी वरिष्ठ संरक्षक एवं सदस्यगण उपस्थित रहें, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा समिति की ओर से पूरे श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित कर तीन दिवसीय काली पूजा करने को लेकर निर्णय लिया गया। इस वर्ष काली पूजा आगामी तिथि 20 अक्टूबर दिन सोमवार को दीपावली के दिन रात्री में होगी एवं उसके अगले दिन मंगलवार को माँ काली की संध्या महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा और साथ ही तीसरे दिन बुधवार को माता का भव्य विसर्जन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों ने तीन दिवसीय काली पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करने हेतु विस्तृत चर्चा की। इस वर्ष भी माँ काली की पूजा मुख्य पुरोहित अक्षय घोषाल एवं मुख्य यजमान साधन कुमार रॉय के द्वारा पूरे विधि-विधान व बांग्ला पद्धति से सम्पन्न कराया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से पूजा समिति के वाणी कुमार रॉय, मुकेश कुमार रॉय, सुशांत कुमार रॉय, शर्मा समेत कई सदस्य मौके पर मौजूद थे।

# महादानी मंदिर परिसर में बने दो रूम के भवन के छत की हुई ढलाई



**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में महादानी सेवा सत्संग समिति के तत्वाधान में मंगलवार को विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर परिसर में बने दो रूम के भवन का छत का ढलाई किया गया। मौके पर महादानी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप ने कहा कि महादानी मंदिर परिसर में बने दो रूम के भवन को महादानी सेवा सत्संग समिति के द्वारा ढलाई कराया जा रहा है। इसके अलावा पूरे वर्ष विभिन्न धार्मिक स्थलों से साधुओं का टोली आते ही रहते हैं जिन्हें भी अब समिति के द्वारा उन्हें व्यवस्थित रूप से ठहराया जा सकेगा। मौके पर महारानी सेवा सत्संग समिति के उपाध्यक्ष राजू सिंह, सचिन मेघनाथ गिरी, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, सुमेंद्र सिंह, ईश्वर बड़ाइक, बजरंग गोप, सरोज गोप समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम बाती देवी, ऊँचाई– 5 फीट 3 ईंच,**
**चेहरा–सुडोल, लाल काला फूल वाली साडी।**

उपरोक्त लापता महिला बाती देवी, उम्र–30 पति जयपाल उरांव, पता–अम्बाझरिया, थाना अनगडा, जिला–राँची जो दिनांक–03.10.25 को अपने धर से बिना बताये कहीं चली गई है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आयी है। इनके संबंध में अनगडा थाना सनहा संख्या–10/2025, दिनांक–06.10.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली रॉंची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगडा रॉंची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 364128 Police(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोंदा,राँची**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –32/2025–26**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1.विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3.परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 21.10.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4.निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 24.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5.निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 24.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7.निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8.कार्यो की विवरणी:–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day to day repair and replacement of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom of CM House, Old CM House, all Officer House & Staff Residence and Operation of Motor Pump under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(Period- November 2025 to March 2026) | 2307720.00 | 47000.00 | 5000.00 | 5 Months |
| 2. | Day to day repair and replacement of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom of Judge Colony, Mayer's Road Officer's Flat and Office's Flat & Staff Quarter near Ratu Road Durga Mandir and Operation of Motor Pump under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(Period- November 2025 to March 2026) | 2317309.00 | 47000.00 | 5000.00 | 5 Months |
| 3. | Day to day repair and replacement of plumbing fixtures at Rajbhawan main building, Annexy, All officer's Residence in Rajbhawan Campus and Operation of Motor Pump under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(Period- November 2025 to March 2026) | 2250816.00 | 46000.00 | 5000.00 | 5 Months |
| 4. | Day to day repair maintenance of 2000 LPH RO plant filter system and repairing and Overhauling of 4000 LPH Iron cum Turbidity removal filtration plant, Carbon with multiple valves necessary water supply and its allied work at Rajbhawan Campus under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.(Period- November 2025 to March 2026) | 1258008.00 | 26000.00 | 2500.00 | 5 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची

PR 364114 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खायीं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

## संपादकीय

# टैरिफ मुक्त दिवाली

वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर भारत की अपनी पारंपरिक व्यवस्था है जो बहुतेरे प्रयासों के बाद भी ध्वस्त नहीं हो पाई है।देश के त्योहारी बाजार स्वदेशी उत्पादों के साथ उत्साह और अभूतपूर्व खरीदी की रौनक से सराबोर हैं। ये बाजार मिट्टी के दीयों, देवी लक्ष्मी की मूर्तियों, पूजा के सामान, घर की सजावट के हल्पशिल्प के सामान, रंग-बिरंगी झालरों, शुभ-लाभ पट्टिकाओं और ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक सामानों से सुसज्जित दिखाई दे रहे हैं। इस बार गांवों और शहरों के बाजारों में बड़ी संख्या में व्यापारियों और दुकानदारों के द्वारा स्थानीय स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता से बेचा जा रहा है। पिछले दो महीनों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, नवदुर्गा और दशहरा के त्योहारी बाजारों में भी स्वदेशी राखियां, कृष्ण, गणपति, मां दुर्गा की मूर्तियां और रावण के स्वदेशी पुतलों की धूम रही। अब वह समय बीता हुआ दिखाई दे रहा है, जब त्योहार के सीजन में देश के बाजारों में दुकानें केवल सस्ते और आकर्षक चीनी सामानों से भर जाती थीं। इस बार पारंपरिक बाजारों से लेकर आधुनिक मॉल तक हर जगह स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए उपभोक्ताओं का उत्साह चरम पर है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार यह भी कहा है कि त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें, जिनमें देशवासियों के पसीने की महक हो, देश के युवाओं का टैलेंट हो। इन बातों का त्योहारी बाजार पर असर दिखाई दे रहा है। इस बार दीवाली के त्योहारी बाजार में अभूतपूर्व खरीदी का भी परिदृश्य दिखाई दे रहा है। इसके तीन बड़े कारण हैं। एक, इस वर्ष 22 सितंबर से जीएसटी सुधारों के लागू होने से लगभग सभी उपभोक्ता उत्पादों की कीमतें घट गई हैं। दो, महंगाई दर घटी हुई है और तीन, कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है और ग्रामीणों की क्रयशक्ति बढ़ी हुई है। निस्संदेह जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप के तहत जीएसटी के चार टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर पांच फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में बदलाव ने त्योहारी बाजार को नई ऊर्जा दी हैं। जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 फीसदी जीएसटी वाली लगभग 99 फीसदी वस्तुएं अब पांच फीसदी के स्लैब में आ गई हैं, जबकि 28 फीसदी टैक्स वाली लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में आ गई हैं। नए जीएसटी सुधारों के कारण देश के लोगों के पास लगभग दो लाख करोड़ रुपए बचने के कारण इस त्योहार के सीजन में घरेलू खर्च और खपत बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। खास तौर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लगभग सभी पदार्थों पर जीएसटी दरों में कमी होने से खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध उद्योगों की बिक्री बढ़ गई है।भारत एक ऐसा देश है जहां विदेशी वस्तुओं से दिवाली मनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है पर अभी भी लक्ष्मी गणेश की पूजा से लेकर लगभग सभी उपहार सामग्री तक भारतीय की प्रयोग किए जाते हैं और देशभक्ति पर आ जाएं विदेशी वस्तुओं की खरीददारी धनतेरस तक में लोग नहीं करेंगे।

**देश के त्योहारी बाजार स्वदेशी उत्पादों के साथ उत्साह और अभूतपूर्व खरीदी की रौनक से सराबोर हैं। ये बाजार मिट्टी के दीयों, देवी लक्ष्मी की मूर्तियों, पूजा के सामान, घर की सजावट के हल्पशिल्प के सामान, रंग-बिरंगी झालरों, शुभ-लाभ पट्टिकाओं और ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक सामानों से सुसज्जित दिखाई दे रहे हैं।**

### 15 अक्टूबर, भारत के पूर्व-राष्ट्रपति व परमाणु वैज्ञानिक की 94 वीं जयंती पर विशेष

# एपीजे अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन विज्ञान और देश सेवा को समर्पित रहा



आज की बात



**विजय केसरी**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति परमाणु वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन विज्ञान और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा था। वे एक कर्तव्य परायण और निष्ठावान व्यक्ति थे। भारत को परमाणु विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में उनके योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। वह इस धरा पर 84 वर्षों तक रहें। उन्होंने अपने कृत्य से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उनकी पहचान एक अंतरराष्ट्रीय परमाणु वैज्ञानिक के रूप में भी की जाती है । वे भारत के पहले ऐसे राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे, जो परमाणु विज्ञान अनुसंधान से जुड़े थे। वे एक वैज्ञानि कऔर अभियन्ता के रूप में विख्यात रहें। उन्होंने सिखाया जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। अब्दुल कलाम के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जब देश में अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब वे ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए थे। उनका बचपन बहुत ही संघर्ष और गरीबी में बीता था, लेकिन उन्होंने अपने सपने को कड़ी मेहनत और निष्ठा से पूरा किया था। अब्दुल कलाम ने अपनी आरम्भिक शिक्षा जारी रखने के लिए अख़बार वितरित करने का कार्य भी किया था। उन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तकरक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन औरभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी उपस्थित रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है। 1974 में उन्होंने भारत द्वारा प्रथम मूल परमाणु परीक्षण के बाद से द्वितीय बार 1998 में भारत के पोखरन - द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, सगंठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई थी। अब्दुल कलाम एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में इनका जन्म हुआ। इनके पिता जैनुलाब्दीन न तो अधिक पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। पांचवी कक्षा में पढ़ते समय उनके अध्यापक उन्हें पक्षी के उड़ने के तरीके की जानकारी दे रहे थे, किन्तु जब छात्रों को समझ नही आया तो अध्यापक उनको समुद्र तट ले गए जहां उड़ते हुए पक्षियों को दिखाकर अच्छे से समझाया, इन्ही पक्षियों को देखकर कलाम ने तय कर लिया कि उनको भविष्य में विमान विज्ञान में ही जाना है। अब्दुल कलाम ने 1950 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीसे अंतरिक्ष विज्ञानमें स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। स्नातक होने के बाद उन्होंने हावरक्राफ्टपरियोजना पर काम करने के लिए भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थानमें प्रवेश किया 1962 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनमें आये जहां उन्होंने सफलतापूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजनाओं में अपनी भूमिका निभाई। परियोजना निदेशक के रूप में भारत के पहले स्वदेशीउपग्रह प्रक्षेपण यानएसएलवी 3 के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रहसफलतापूर्वकअंतरिक्षमें प्रक्षेपित किया गया था। अब्दुल कलाम कोपरियोजना महानिदेशकके रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह एस.एल.वी. तृतीय प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल हुआ। 1980 में इन्होंने रोहिणी उपग्रहको पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित किया था। इस प्रकार भारत भी अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। इसरो लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को परवान चढ़ाने का श्रेय भी इन्हें प्रदान किया जाता है। कलाम ने स्वदेशी लक्ष्य भेदी नियंत्रित प्रक्षेपास्त्र गाइडेड मिसाइल्स को डिजाइन किया। आगे उन्होंने अग्निएवं पृथ्वीजैसे प्रक्षेपास्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। कलाम जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तकरक्षा मंत्रीके विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव थे। उन्होंने रणनीतिक प्रक्षेपास्त्र प्रणालीका उपयोगआग्नेयास्त्रों के रूप में किया। इसी प्रकार पोखरण में दूसरी बारपरमाणु परीक्षणभी परमाणु ऊर्जा के साथ मिलाकर किया। इस तरह भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की क्षमता प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। कलाम ने भारत के विकास स्तर को विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक करने के लिए एक विशिष्ट सोच प्रदान की। वे भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे।

अब्दुल कलाम व्यक्तिगत ज़िन्दगी में बेहद अनुशासनप्रिय थे। यह शाकाहारी थे। उन्होंने अपनी जीवनीविंग्स ऑफ़ फायरभारतीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले अंदाज में लिखी है। इनकी दूसरी पुस्तक 'गाइडिंग सोल्स- डायलॉग्स ऑफ़ द पर्पज ऑफ़ लाइफ' आत्मिक विचारों को उद्घाटित करती है। उन्होंने तमिल भाषा में कविताऐं भी लिखीं। यूं तो अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं थे, लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से सम्पन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तकइण्डिया 2020 में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत कोअंतरिक्ष विज्ञानके क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते थे और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी थी। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर पॉवर बनाने की बात सोचते रहे थे। वह विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी तकनीकी विकास चाहते थे। कलाम का कहना था कि 'सॉफ़्टवेयर' का क्षेत्र सभी वर्जनाओं से मुक्त होना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इसकी उपयोगिता से लाभांवित हो सकें। ऐसे में सूचना तकनीक का तीव्र गति से विकास हो सकेगा। वैसे इनके विचार शांति और हथियारों को लेकर विवादास्पद हैं। अब्दुल कलामकर्नाटकभक्ति संगीत हर दिन सुना करते थे। उनका हिंदू संस्कृतिपर गहरा विश्वास था। उन्हें 2003 व 2006 में 'एमटीवी यूथ आइकन ऑफ़ द इयर' के लिए नामांकित किया गया था। 2011 में आई हिंदी फिल्मआई एम कलाममें, एक गरीब लेकिन उज्ज्वल बच्चे पर कलाम के सकारात्मक प्रभाव को चित्रित किया गया। उनके सम्मान में वह बच्चा छोटू जो एकराजस्थानीलड़का है खुद का नाम बदल कर कलाम रख लेता है 2011 में, कलाम कीकुडनकुलम परमाणु संयंत्रपर अपने रुख से नागरिक समूहों द्वारा आलोचना की गई। इन्होंने ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का समर्थन किया। इन पर स्थानीय लोगों के साथ बात नहीं करने का आरोप लगाया गया। वे कुरान और भगवद् गीतादोनों का अध्ययन करते थे। कलाम ने कई स्थानों पर उल्लेख किया है कि वे तिरुक्कुरलका भी अनुसरण करते हैं, उनके भाषणों में कम से कम एककुरलका उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका का विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्यादा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत कोमहाशक्तिबनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुंचाने की हमेशा वक़ालत करते रहते थे। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर क़लाम जी अत्यधिक लोकप्रिय थे। वहभारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानके कुलपति भी थे। अब्दुल कलाम ने साहित्यिक रूप से भी अपने विचारों को चार पुस्तकों में समाहित किया है, जो इस प्रकार हैंः 'इण्डिया 2020 ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम', 'माई जर्नी' तथा 'इग्नाटिड माइंड्स- अनलीशिंग द पॉवर विदिन इंडिया'। इन पुस्तकों का कई भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। इस प्रकार यह भारत के एक विशिष्ट वैज्ञानिक थे, जिन्हें 40 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त हो चुकी है। आलेख के अंत में उन्हीं के विचारों को प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं। अब्दुल कलाम ने कहा कि 'सबसे उत्तम कार्य क्या होता है? किसी इंसान के दिल को खुश करना, किसी भूखे को खाना देना, जरूरतमंद की मदद करना, किसी दुखियारे का दुख हल्का करना और किसी घायल की सेवा करना।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# ऐसी दरिंदगी में कैसे बचेगी बेटी कैसे पढ़गी बेटी?

आपकी बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

हाल ही में एक बार फिर एक मेडिकल छात्रा के साथ पाशविकता को दोहराया गया है। पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात हुई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है। शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने हमेशा की तरह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8-30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां तीनों ने छात्रा को अपनी हवस का शिकार बना डाला। दरिंदगी के बाद उन तीनों ने उसे धमकाया गया कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो अंजाम गंभीर होंगे। आरोपी जाते-जाते यह भी कह गए कि मोबाइल वापस चाहिए तो पैसे देने होंगे। इस वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि हाल ही में जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्याकांड की पहली बरसी पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। श्री मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक्स पर शनिवार को आंकड़ों के साथ एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में राज्य में महिलाओं के खिलाफ 34 हजार 738 अपराध दर्ज हुए, जिससे यह देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। उनके अनुसार, राज्य की अपराध दर 7118 प्रति एक लाख आबादी है, जो राष्ट्रीय औसत 6514 से अधिक है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगस्त 2024 तक पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो से जुड़े 48 हजार 600 मामले लंबित है, जबकि फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें मौजूद है। मालवीय के अनुसार, यह ममता बनर्जी सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता

**जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है**

देश की बात



**प्रतापराव जाधव**

केंद्रीय आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (आयुष) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है। व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है। यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। भारत अब 150 से ज्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज़्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है। भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं। आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है। भारत में डब्लूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है। पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का हालिया प्रकाशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे उन्नत प्रौद्योगिकियां नैदानिक सत्यापन को मजबूत कर सकती हैं, बड़े डेटा विश्लेषण को सक्षम बना सकती हैं और आयुर्वेद व संबंधित प्रणालियों में पूर्वानुमान देखभाल प्रणाली को बेहतर बना सकती हैं। आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद का मूल दर्शन - शरीर और मन, मानव और प्रकृति, उपभोग और संरक्षण के बीच संतुलन - समकालीन चुनौतियों के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करता है। जहाँ एक ओर दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, वहीं आयुर्वेद एक ऐसी रूपरेखा प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत और पृथ्वी के स्वास्थ्य, दोनों का समाधान करने में सक्षम है।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बदल जायगा, भ्रम हुआ, अब की चाल चरित्र
सच तो ये है, हो रहे, कुछ के पाप पवित्र।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जूते की महिमा निराली

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

जूता! नाम सुनते ही किसी के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो किसी के माथे पर बल। एक ही वस्तु, पर अर्थ हज़ार। हाल ही में अदालत की गरिमा के बीच जब एक वरिष्ठ वकील ने माननीय न्यायाधीश के समक्ष जूता दिखाने का 'असाधारण प्रदर्शन' किया, तब लगा कि जूता सिर्फ़ पहनने या चलने का साधन नहीं रहा अब यह अभिव्यक्ति का नया माध्यम बन गया है। अगर वही जूता किसी जूता-घर (दुकान) में दिखाया जाता, तो ग्राहक उसे 'स्टाइलिश', 'कंफर्टेबल' या 'ब्रांडेड' कह कर खरीद लेता; लेकिन अदालत में वही जूता दिखा तो गरिमा की जमीन हिल गई। यही तो है जूता की महिमा, परिस्थिति के अनुसार अर्थ बदल जाने की अद्भुत कला! जूता, एक अद्भुत सामाजिक प्रतीक है। इंसान की औकात, उसकी आर्थिक स्थिति, उसका स्वाद, सब कुछ उसके जूते से आँका जाने लगा है। किसी के पैर में चमचमाता ब्रांडेड जूता दिख जाए तो लोग मान लेते हैं कि यह व्यक्ति 'काबिल' है, जबकि वही व्यक्ति दिल का कैसा है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं। आजकल तो जूते के ब्रांड से 'चरित्र प्रमाणपत्र' बनने लगे हैं। जूते का दाम आदमी की इज़्जत तय करता है। लेकिन जब वही जूता किसी के सिर की शोभा बढ़ा दे, तो ब्रांड और दाम सब भूल जाते हैं, बस याद रहता है कि "भाई, जूता पड़ा!" कभी यही जूता 'मर्यादा का प्रतीक' था। भगवान श्रीराम के पांव की खड़ाऊ जब अयोध्या के सिंहासन पर रखी गई, तो वह केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि धर्म, नीति और मर्यादा का प्रतीक बन गई। भरत ने राज्य नहीं संभाला, खड़ाऊ को संभाला। वह भी जूते का ही रूप था लेकिन तब जूते की इज़्ज़त थी, आज 'जूता' शब्द सुनते ही हम हँस पड़ते हैं। समय ने जूते की परिभाषा ही बदल दी है। पुराणों में 'पदुकाओं' का उल्लेख अनेक बार मिलता है। पदुकाएं केवल जूते नहीं थीं, बल्कि आस्था का आधार थीं। रामायण में भरत का उदाहरण तो प्रसिद्ध है ही, महाभारत में भी 'राजसी पादुका' का प्रतीक रूप में उल्लेख मिलता है, जब सत्ता और धर्म के बीच संतुलन की बात आती थी, तब खड़ाऊ को ही प्रतीक बनाकर राज्य चलाया जाता था। आज वही पादुका अगर किसी के सामने दिखा दी जाए, तो मामला अदालत तक पहुँच जाता है। जूते की यात्रा बड़ी रोचक रही है। एक समय था जब जूते सिर्फ़ पैरों की धूल से रक्षा करते थे, आज यह 'इमेज बिल्डर' बन गए हैं। पहले राजा खड़ाऊ पहनते थे, आज राजा-नुमा लोग जूते के ब्रांड में राज करते हैं। पहले जूते भगवान के चरणों में रखे जाते थे, अब वही जूते दूसरों के सिर और गले पर चढ़ाने, पहनाने की धमकी दी जाती है। समाज का यह परिवर्तन बताता है कि जूता अब सिर्फ़ चमड़े का नहीं, 'चरित्र का मापदंड' बन चुका है। भाषा की बात करें तो आज हमारी जुबान भी 'जूता ब्रांड' हो गई है, पहले मिठास थी, अब मारकता है। पहले जुबान से रसगुल्ला खिलाया जाता था, अब जुबान से जूता खिलाया जाता है। जुबान की मिठास घटने लगी, और व्यवहार की मर्यादा भी। ऐसा लगता है कि समाज में जूता खाने और जूता दिखाने की परंपरा ने संवाद और सम्मान को निगल लिया है। जूते की अहमियत घट नहीं रही, बस दिशा बदल गई है। जूता अब सिर पर नहीं चढ़ता, ट्वीट पर चढ़ता है। पहले यह सिंहासन संभालता था, अब यह ट्रेंड संभालता है। समय के साथ जूता भी "वर्गीय" हो गया है। कभी यह श्रम और सादगी का प्रतीक था, अब यह लक्ज़री ब्रांड्स का चिन्ह है। जूते की दुकानों में आज 'एलीट' और 'कॉमनर' के सेक्शन बने हैं। कभी किसी गरीब की खड़ाऊ भी श्रद्धा पाती थी, आज बिना ब्रांड का जूता समाज की नज़र में हीनता का प्रतीक बन गया है। राजनीति हो या समाज जूते का प्रयोग हर जगह हो रहा है। कभी भाषण के दौरान नेता पर जूता फेंका जाता है, तो कभी अदालत में जूता दिखाकर न्याय की परिभाषा पर प्रश्न उठाया जाता है। लेकिन सोचिए, अगर यही जूता कभी संग्रहालय में रखा जाए, तो शायद लोग उसकी कहानी सुनकर हंसें भी और सोचें भी कि एक जमाने में इस वस्तु ने शासन चलाया था, और आज यह अदालत की दलील में बदल गया है। जूता अब केवल पैर का आभूषण नहीं, एक विचार है। यह हमें यह भी सिखाता है कि हर वस्तु की गरिमा उसके प्रयोग में है, स्थान में नहीं। वही जूता जो मंदिर के बाहर उतरना मर्यादा है, अदालत के भीतर उठाना अपराध है। फर्क सिर्फ़ समझ का है। समाज को आज जरूरत है कि वह फिर से उस युग को याद करे, जब जूते को 'मर्यादा' और 'सम्मान' का प्रतीक माना जाता था। जब किसी के पैर की धूल भी पवित्र मानी जाती थी। अगर उस भाव को लौटा सकें, तो शायद जूता फिर से सिर पर चढ़े सम्मान से, न कि अपमान से। जूते की यही महिमा निराली है, वह सिखाता है कि वस्तु नहीं, विवेक बड़ा होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विशाखापत्तनम बनेगा टेक का ग्लोबल हब! गूगल, अडानी, एयरटेल की एआई क्रांति

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अल्फाबेट इंक की गूगल और भारती एयरटेल लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम किया है। अदानी समूह और अमेरिका स्थित एज कॉनेक्स का डेटा सेंटर संयुक्त उद्यम अदानी कॉनेक्स, एयरटेल के साथ मिलकर विजाग में गूगल के एआई हब के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, जिसमें एक नए अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे का निर्माण भी शामिल है। इस सह-निवेश में आंध्र प्रदेश में नई पारेषण लाइनें, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ और ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ भी शामिल हैं।

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने एक बयान में कहा यह केवल बुनियादी ढाँचे में निवेश से कहीं बढ़कर है। यह एक उभरते राष्ट्र की आत्मा में निवेश है। उन्होंने आगे कहा विशाखापत्तनम अब प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनने के लिए तैयार है और हम इस ऐतिहासिक यात्रा के वास्तुकार बनकर रोमांचित हैं। गूगल का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में विशाखापत्तनम में एआई हब बनाने के लिए लगभग 15 बिलियन डॉलर का निवेश करना है, जो एक अरब की इंटरनेट आबादी वाले देश पर उसका सबसे बड़ा दांव है। एआई हब में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से जुड़ा एक डेटा सेंटर और एक फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क शामिल है, जिसके लिए गूगल अदानी कॉन एक्स और भारती एयरटेल के साथ सहयोग कर रहा है।

यह योजना आंध्र प्रदेश के स्थानीय स्तर पर एआई अवसंरचना निर्माण के प्रयासों से जुड़ी है। प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने ब्लूमबर्ग न्यूज़ को बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य 2029 तक 6 गीगावाट डेटा-सेंटर क्षमता स्थापित करना है। गूगल भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियों में शामिल हो गया है - जो विश्वव्यापी एआई बूम का सबसे बड़ा लाभार्थी है।



- परियोजना में अगले पांच वर्षों (2026-2030) में लगभग 15 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा
- यह हब गीगावाट-स्तरीय डेटा सेंटर ऑपरेशंस, सब-सी केबल नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित होगा
- अडानी, गूगल और एयरटेल विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर स्थापित करेंगे

## भारत का सबसे बड़ा एआई डाटा सेंटर बनाएंगे ,15 अरब डॉलर के निवेश की योजना

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर कैंपस बनाने के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स और गूगल ने भारत में सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए साझेदारी का ऐलान किया। यह डेटा सेंटर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बनाया जाएगा। इसमें करीब अगले पांच वर्षों में 15 अरब डॉलर का निवेश होगा। अदाणी समूह को विशाखापत्तनम में भारत के सबसे बड़े एआई डेटा सेंटर कैंपस के निर्माण के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जिसे विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मांगों के लिए डिजाइन किया गया है।" सोशल मीडिया 'प्लेटफॉर्म' एक्स पर एक पोस्ट में गौतम अदाणी ने कहा कि इस हब में डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क ट्रेनिंग और बड़े पैमाने पर एआई मॉडल इंफेरेंस के लिए आवश्यक टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (टीपीयू) और ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) आधारित कंप्यूटिंग क्षमता होगी और यह एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करेगा, जो भारत के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य सेवा और कृषि से लेकर लॉजिस्टिक्स और वित्त आदि के लिए एआई-संचालित समाधान प्रदान करेगा।अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, "हमें भारत की एआई क्रांति को गति देने के लिए इंजन का निर्माण करने और हमारे देश के प्रतिभाशाली माइंड्स को जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपकरण प्रदान करने पर गर्व है।"

## गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप है। गूगल ने विशाखापत्तनम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। इसके लिए कंपनी अगले पांच वर्षों (2026-2030) तक में करीब 15 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह देश में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "आंध्र प्रदेश के गतिशील शहर विशाखापत्तनम में गूगल एआई हब का लॉन्च होना काफी खुशी की बात है।"

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह बहुआयामी निवेश, जिसमें गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल है। इससे टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को एक शक्तिशाली बल मिलेगा। गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह निवेश सभी के लिए एआई सुनिश्चित करेगा, हमारे नागरिकों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करेगा, हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और इससे ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में भारत का स्थान सुरक्षित होगा।

पिचाई ने इससे पहले पोस्ट किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से बात करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई हब के लिए हमारी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा, "यह हब गीगावाट-स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता, एक नए अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े पैमाने पर एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़ता है। इसके माध्यम से हम अपनी उद्योग-अग्रणी तकनीक को भारत में उद्यमों और उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाएंगे, एआई इनोवेशन को गति देंगे और देश भर में विकास को गति देंगे।"गूगल एआई हब को अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स के साथ मिलकर बनाएगी। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, "अदाणी समूह को इस ऐतिहासिक परियोजना पर गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, यह परियोजना भारत के डिजिटल परिदृश्य के भविष्य को परिभाषित करेगी। "यह सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश से कहीं बढ़कर है। यह एक उभरते राष्ट्र की आत्मा में निवेश है। यह साझेदारी राष्ट्र निर्माण के हमारे साझा दृष्टिकोण और 21वीं सदी के उपकरणों से प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विशाखापत्तनम अब टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनने के लिए तैयार है, और हम इस ऐतिहासिक यात्रा के आर्किटेक्ट बनकर रोमांचित हैं।

## युवाओं के लिए गेम चेंजर गूगल एआई हब का किया स्वागत : सीएम नायडू

**आंध्र प्रदेश।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में नए गूगल एआई हब के शुभारंभ की सराहना करते हुए इसे आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था और भारतीय युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। नायडू ने 'भारत एआई शक्ति' कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि यह आंध्र प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक दिन था। यह आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था और भारतीय युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है। मैं प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का आभारी हूँ। मैं गूगल टीम की उस गति के लिए सराहना करता हूँ जिससे उन्होंने इस परियोजना को हमारे देश में लाया। हब की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए, मुख्यमंत्री नायडू ने दुनिया भर की वैश्विक तकनीकी कंपनियों का नेतृत्व करने की भारतीयों की क्षमताओं की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैंने भारत में बहुत सारे बदलाव देखे हैं। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। आप किसी भी वैश्विक कंपनी को लीजिए, भारतीय मूल के लोग उसके सीईओ हैं, यही हमारी ताकत है। चाहे वह गूगल हो, माइक्रोसॉफ्ट हो या कोई और कंपनी। अब, इसी ताकत के साथ, एआई भविष्य की एक वास्तविकता है, लेकिन हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावी ढंग से उपयोग करना होगा। उन्होंने आगे कहा, "डेटा विकास के लिए एक नया ईंधन है। मैं भारत सरकार का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे आंध्र प्रदेश में इस परियोजना को शुरू करने का अवसर दिया।

---

**आईपीएस अधिकारी सुसाइड केस**

# रोहतक में एएसआई की आत्महत्या से आईपीएस केस में नया मोड़

**एजेंसी। रोहतक**

- सुसाइड नोट में दिवंगत आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए
- घटना ने आईपीएस पूरन कुमार केस को और जटिल बना दिया

हरियाणा आईपीएस अधिकारी सुसाइड मामले में एक नया मोड़ आ गया है। असल में, एक और पुलिस अधिकारी की आत्महत्या का मामला सामने आया है और उसने सुसाइड नोट में कथित तौर पर दिवंगत आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक की पहचान असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) संदीप लाठर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। संदीप लाठर ने अपने सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज में आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नोट में उन्होंने लिखा है कि पूरन कुमार एक भ्रष्ट अधिकारी हैं, जिनके खिलाफ कई ठोस सबूत मौजूद हैं। संदीप ने दावा किया कि पूरन कुमार के स्टाफ के खिलाफ चल रही वसूली की जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तारी का डर सता रहा था।

सुसाइड नोट में लिखा, "मैं इस दबाव को और सहन नहीं कर पाया। पूरन साहब ने मुझे फंसाने की साजिश रची थी।"वीडियो मैसेज में भी संदीप ने अपनी बात दोहराई है, जो जांच एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यह घटना आईपीएस वाई. पूरन कुमार केस में एक नया मोड़ ला रही है। पूरन कुमार पर वसूली, भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोप हैं। 11 अक्टूबर को रोहतक में विशेष जांच टीम (एसआईटी) पहुंची थी, जो इसी मामले की तहकीकात कर रही है। सूत्रों के अनुसार, संदीप जांच के दौरान महत्वपूर्ण बयान देने वाले थे, लेकिन उनकी अचानक मौत ने पूरे केस को और जटिल बना दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। यह मामला आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार से जुड़े वसूली कांड से गहराई से संबंधित नजर आ रहा है।

## आईपीएस का अभी तक पोस्टमार्टम नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद विवादों में घिरे हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को सोमवार को छुट्टी पर भेज दिया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने इसकी पुष्टि की, लेकिन खबर लिखे जाने तक आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ था।

**छुट्टी पर भेजे गए डीजीपी :** हरियाणा सरकार ने आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा सरकार पर विपक्ष के हमले और कुमार के परिवार की ओर से आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा, ''हां, सरकार ने डीजीपी को छुट्टी पर भेज दिया है।''भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2001 बैच के अधिकारी कुमार ने सात अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने आठ पन्नों का 'अंतिम नोट' छोड़ा था, जिसमें हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) नरेंद्र बिजारणिया सहित आठ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पर 'जातिगत भेदभाव, लक्षित मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक अपमान तथा अत्याचार' का आरोप लगाया गया है। बिजारणिया का शनिवार को तबादला कर दिया गया था। कुमार की पत्नी और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी अमनीत पी कुमार ने अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कपूर और बिजारणिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। कुमार का अब तक पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार नहीं किया गया है।, क्योंकि परिजनों ने उनकी मांगें पूरी न होने तक इसके लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है।

# केवीसी में 10 साल के इशित भट्ट का व्यवहार बना पेरेंटिंग बहस का मुद्दा

**एजेंसी। गुजरात**



गुजरात के पाँचवीं कक्षा के छात्र इशित भट्ट ने कौन बनेगा करोड़पति के ताज़ा एपिसोड में अपने व्यवहार से बहस छेड़ दी है। भट्ट लंबे समय से चल रहे इस क्विज़ शो के 17वें सीज़न में नज़र आए, जिसे अमिताभ बच्चन होस्ट करते हैं, जहाँ हॉटसीट पर उनके व्यवहार की सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हुई। 10 वर्षीय इशित भट्ट ने केबीसी में अपनी पारी की शुरुआत 83 वर्षीय अमिताभ बच्चन से खेल के नियम न समझाने के अनुरोध के साथ की। उन्होंने होस्ट से कहा, "मुझे नियम पता हैं, इसलिए आप अभी मुझे नियम न समझाएँ।" इसके बाद भट्ट ने अमिताभ बच्चन द्वारा चार विकल्प दिए जाने का इंतज़ार किए बिना ही पहले चार सवालों के जवाब दे दिए। कई दर्शकों ने उनके लहज़े को अपमानजनक माना—उदाहरण के लिए, एक मौके पर, युवा प्रतियोगी ने बच्चन को बीच में ही टोकते हुए कहा, "ऑप्शन के बिना बोल रहा हूँ, लॉक करो 'डांस'। जो भी ऑप्शन है लॉक करो।

**बच्चों के व्यवहार पर सवाल :** पाँचवीं कक्षा के इस छात्र के जवाब और दर्शकों द्वारा अमिताभ बच्चन के प्रति "अशिष्टता" के रूप में देखे जाने पर इंटरनेट पर बहस छिड़ गई। और आजकल हम जिस तरह से काम करते हैं, उसे देखते हुए यह स्वाभाविक था कि उस नन्हे-मुन्नों को बेरहमी से ट्रोल किया गया, और यहाँ तक कि माता-पिता को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। माता-पिता खुद को ऑनलाइन आक्रोश का शिकार पाते हैं, जहाँ अजनबी लोग कुछ टेलीविज़न मिनटों के आधार पर उनकी "पालन-पोषण शैली" का विश्लेषण करते हैं। लेकिन क्या माता-पिता को हमेशा अपने बच्चे के सार्वजनिक रूप से व्यवहार के लिए ज़िम्मेदार ठहराना उचित है?

**बच्चे ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं? :** एस्टर व्हाइटफ़ील्ड अस्पताल की बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. सुषमा गोपालन बताती हैं, "बच्चों का स्वभाव और वातावरण दोनों ही उनके व्यवहार को आकार देते हैं।" "कुछ बच्चे स्वाभाविक रूप से साहसी, आवेगी और मुखर होते हैं, जबकि अन्य शर्मीले और सतर्क होते हैं। पालन-पोषण, सामाजिक ढाँचा और भावनात्मक प्रशिक्षण इन गुणों को वास्तविक जीवन में कैसे प्रकट करते हैं, यह तय करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको तरक्की के कुछ नए साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा। दाम्पत्य रिश्तों में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिये आज का दिन शानदार रहेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी और सामाजिक जीवन भी हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए वाहवाही मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। आप खुद को सही साबित करने में सफल रहेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है।

**मिथुन :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है।

**कर्क :** आज जीवनसाथी के साथ बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर रिश्ते मधुर रहेंगे। नियमित योग करने से आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज कुछ कामों में अपेक्षा से अधिक समय लग सकता है, लेकिन टेंशन से बचना चाहिए। किसी की राय आपके लिये कारगर साबित हो सकती है।

**सिंह :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है, जो भविष्य में फायदा दिलाएगा। छात्राओं के लिए दिन ठीक रहेगा, मेहनत के बल पर उन्हें करियर में सफलता मिलेगी। ऑफिस में एक साथ कई कामों के कारण थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कन्या :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का फोन आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी और अधूरे काम पूरे होंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की योजना सफल होगी। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात के योग बनेंगे। कारोबार में बढ़ोतरी होगी और स्टूडेंट्स के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**तुला :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में नया काम मिलेगा, जिसमें मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा। कोर्ट संबंधी किसी काम में सीनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी सी मेहनत से ही बड़ा मुनाफा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बन सकता है। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। करियर से जुड़ा सुनहरा मौका मिल सकता है।

**धनु :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। मित्रों की संख्या बढ़ेगी। आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। काम में नयापन आयेगा और अपनों से नजदीकियां बढ़ेंगी। कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेस में रुका हुआ पैसा मिल सकता है। किसी काम में दूसरों की मदद मिल सकती है। परिवार के लोग आपके हर फैसले में साथ होंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। ऑफिस में माहौल मिला-जुला रहेगा, किसी सहकर्मी से अनबन हो सकती है।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। किसी विशेष विषय पर बातचीत संभव है। बच्चों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा फायदेमंद साबित होगी।

**मीन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे और समाज में आपकी छवि निखरेगी। ऑफिस का काम समय पर पूरा होगा। किसी दोस्त की मदद से निजी काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। कुछ मामलों में अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

# अयोध्या बनेगा विश्व का सांस्कृतिक केंद्र दीपोत्सव में 5 देशों का ऐतिहासिक मंचन

**एजेंसी। अयोध्या**



अयोध्या में दीपोत्सव के लिए तैयारियां चरम पर हैं और 56 घाटों और मंदिरों पर लाखों दीपों की रोशनी में इस साल पारंपरिक और आधुनिक सजावट और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का मंचन इस पावन नगरी की सांस्कृतिक विरासत को और भी समृद्ध करेगा। एक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अयोध्या में एक अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला का मंचन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की भागीदारी अयोध्या को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र भी बनाएगी। इस बार कुल 90 विदेशी कलाकार अयोध्या की पावन भूमि पर अपनी कला और सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से रामकथा को जीवंत रूप में पेश करेंगे। अयोध्या के राम कथा पार्क में इस वर्ष विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध रामलीलाओं का मंचन किया जाएगा।रूस से आए 15 कलाकार रामलीला के दौरान राम और सीता के स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत करेंगे। रूस के कलाकारों ने इस प्रस्तुति के लिए महीनों की तैयारी की है। थाईलैंड से आए 10 कलाकार रामलीला में शूर्पणखा और राम-लखन संघर्ष, मारीच से संघर्ष और राम-रावण युद्ध का मंचन करेंगे। थाईलैंड के कलाकारों की पारंपरिक नृत्य-नाट्य शैली इस प्रस्तुति को और भी जीवंत बनाएगी। इंडोनेशिया के 10 कलाकार रामलीला में लंका दहन और अयोध्या वापसी के दृश्य को अद्भुत ढंग से प्रस्तुत करेंगे। बयान के अनुसार, नेपाल से आए 33 कलाकार इस बार रामलीला में पहली बार लक्ष्मण पर शक्ति प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले नेपाल की रामलीला मुख्य रूप से मां सीता पर केंद्रित होती थी। श्रीलंका के 22 कलाकार में से दो कलाकार पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। यह टीम रामेश्वर की भूमि पर रावणेश्वरा का दृश्य प्रस्तुत करेगी। श्रीलंका वासी आज भी रावण को ईश्वर की भूमिका में मानते हैं।

## मैं भाजपा नेता नहीं, समाजसेवा करने आई हूं : मैथिली ठाकुर

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, लोक और भक्ति गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को पटना में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। सूत्रों के अनुसार, ठाकुर के दरभंगा के अलीनगर से आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान 6 नवंबर और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। इस अवसर पर बोलते हुए, बिहार भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने एनडीए की जीत पर विश्वास जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे "निराश और उदास" हैं और दावा किया कि उनके आधा दर्जन से अधिक विधायक जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे। गायिका मैथिली ठाकुर ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बहुत प्रभावित हूँ। उनसे प्रेरणा लेते हुए, मैं उनका समर्थन करने के लिए यहाँ हूँ। मैथिली ठाकुर ने कहा कि मैं यह नहीं मानती कि किसी राजनीतिक दल में शामिल होने से आप राजनेता बन जाते हैं।; मैं यहाँ समाज की सेवा करने और उनकी विचारधारा को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए हूँ... मैं मिथिला की बेटी हूँ, मेरी आत्मा मिथिला में बसती है... पार्टी को पता चल जाएगा कि उनके मन में मेरे लिए क्या है; मैं यहाँ केवल उनका समर्थन करने के लिए हूँ।

# दो दिन बाद खुला स्कूल हिजाब विवाद सुलझा

**एजेंसी। केरल**



- हिजाब विवाद सुलझा, छात्रा माता-पिता की सहमति से बिना हिजाब स्कूल जाएगी

केरल के एर्नाकुलम स्थित एक निजी स्कूल में छात्रा द्वारा हिजाब पहनने की माँग को लेकर उठे विवाद का समाधान हो गया है क्योंकि छात्रा के माता-पिता संस्थान के ड्रेस कोड का पालन करने पर सहमत हो गए हैं। छात्रा के माता-पिता और एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन के बीच हुई बैठक के बाद यह समझौता हुआ। माता-पिता ने कहा कि उनकी बेटी बुधवार से स्कूल जाएगी। वे इस बात पर सहमत हुए कि लड़की बिना हिजाब पहने स्कूल आएगी।

एर्नाकुलम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद शियास और सांसद हिबी ईडन ने स्कूल प्रबंधन से मिलने से पहले छात्रा के परिवार से बातचीत की। बातचीत के बाद, हिबी ईडन ने मीडिया को बताया कि दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समझौता हो गया है।

हिबी ईडन ने कहाकि छात्रा के पिता अनस ने हमें बताया है कि वह स्कूल के नियमों और विनियमों का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। यह समाज के लिए धर्मनिरपेक्षता का एक बड़ा संदेश है। कुछ लोगों ने इस मुद्दे का इस्तेमाल सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के लिए किया था।

**शारीरिक शोषण** — केरल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड नोट पर हंगामा

# आरएसएस पर गंभीर आरोप, सड़कों पर यूथ कांग्रेस

- आरएसएस पर यौन शोषण के आरोप और जांच की मांग

**एजेंसी। केरल**



केरल में 26 वर्षीय अनंथु अजी की दुखद आत्महत्या ने राजनीतिक बवंडर खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक विस्तृत सुसाइड नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बचपन से ही एक पड़ोसी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अन्य सदस्यों द्वारा वर्षों तक यौन और शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। नोट में लिखा है कि मैं किसी से नाराज़ नहीं हूँ, सिवाय एक व्यक्ति और एक संगठन के... आरएसएस से जिससे मेरे पिता (जो एक बहुत अच्छे इंसान थे) ने मुझे जोड़ा था। यहीं मुझे जीवन भर का सदमा झेलना पड़ा है। इन आरोपों पर प्रियंका गांधी जैसी राजनीतिक हस्तियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और पूरी जाँच की माँग की है। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने भी अनंथु की मौत के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की माँग की है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा अपने सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों को संदिग्ध और निराधार बताया है। 9 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में मरने वाले इस व्यक्ति ने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरएसएस के कई सदस्यों ने उसका यौन शोषण किया था।

13 अक्टूबर को जारी एक प्रेस बयान में आरएसएस ने कहा कि उसने कोट्टायम के जिला पुलिस प्रमुख के समक्ष एक याचिका दायर कर इस मामले की निष्पक्ष जाँच की माँग की है। दक्षिण केरलम के सह प्रांत कार्यवाह केबी श्रीकुमार ने अपने बयान में कहा हमारा दृढ़ विश्वास है कि एक स्वतंत्र जाँच से न केवल उसकी अप्राकृतिक मृत्यु का वास्तविक कारण सामने आएगा, बल्कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में आरएसएस की निर्दोषता भी सुनिश्चित होगी।

## दुर्गापुर गैंगरेप: चीखी तो और लोगों को बुला लूंगा

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी कॉलेज के पास कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई मेडिकल छात्रा ने इलाज के दौरान अपने साथ हुए हमले का दर्दनाक विवरण दिया और बताया कि कैसे हमलावरों ने उसे पास के एक जंगल में घेर लिया और उस पर कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ रात के खाने के लिए बाहर गई थी, तभी कुछ लोगों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त और मैंने देखा कि वे अपनी गाड़ी छोड़कर हमारी तरफ आ रहे थे।



टीम इंडिया ने किया सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप

# भारत ने 7 विकेट से दी वेस्टइंडीज को मात

**नई दिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत को जीत दिलाने में शतकवीर यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के साथ मुकाबले में कुल 8 विकेट हासिल करने वाले कुलदीप यादव का अहम योगदान रहा। मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इस पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 129 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जोमेल वारिकन को 3 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में महज 248 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए एलिक एथनाज ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, जबकि शाई होप ने 36 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सर्वाधिक 5 सफलताएं हासिल कीं। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट निकाले। इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की विशाल बढ़त हासिल करते हुए मेहमान टीम को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया। दूसरी पारी में खराब शुरुआत के बाद वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल (115) और शाई होप (103) ने संभाला। इनके अलावा, जस्टिन इमलाच ने नाबाद 50 रन बनाकर टीम को 390 रन तक पहुंचाया। इस पारी में भारत की तरफ से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 सफलताएं हासिल कीं। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट निकाले। भारत को जीत के लिए 121 रन का आसान टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने महज 9 रन पर यशस्वी जायसवाल (8) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़ते हुए टीम को जीत के करीब ला दिया, लेकिन साई सुदर्शन (39) के आउट होने के बाद शुभमन गिल (13) के रूप में टीम ने जल्द दो अन्य विकेट गिरा दिए। यहां से केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। राहुल 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 58 रन बनाकर नाबाद रहे। इस पारी में वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि जोमेल वारिकन ने 1 विकेट निकाला।

### स्कोर बोर्ड

| बल्लेबाज़ी | R | b | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 8 | 7 | 2 | 0 |
| के एल राहुल | 58 | 108 | 0 | 2 |
| साई सुदर्शन | 39 | 76 | 5 | 0 |
| शुभमन गिल (c) | 13 | 15 | 1 | 1 |
| ध्रुव जुरेल | 6 | 6 | 1 | 0 |

| भारत पहली पारी | वेस्टइंडीज़ पहली |
|---|---|
| 518/5d | 248/10 |
| **वेस्टइंडीज़ दूसरी** | **भारत दूसरी पारी** |
| 390/10 | 124/3 |






## चार महीने बाद भारत लौटे कोहली

**नई दिल्ली।** करीब चार महीने विदेश में बिताने के बाद विराट कोहली मंगलवार को स्वदेश लौट आए हैं। 19 अक्टूबर से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसके लिए भारतीय खिलाड़ी जल्द ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। विराट कोहली दिल्ली में अपने साथियों से जुड़ेंगे, जहां से भारतीय टीम बुधवार को पर्थ के लिए रवाना होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के समापन के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा और अपने दोनों बच्चों के साथ लंदन रवाना हो गए थे। विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से यह भारतीय जर्सी में उनकी पहली वनडे सीरीज होगी। विराट कोहली नवनियुक्त वनडे कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेंगे। इस टीम में रोहित शर्मा भी मौजूद हैं। ये दोनों ही खिलाड़ी करीब 6 महीनों के बाद भारतीय वनडे टीम में वापसी करने जा रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में पहला वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 23 अक्टूबर को दोनों टीमें एडिलेड में दूसरा वनडे मैच खेलेंगी।

## शुभमन गिल ने युवराज से जो सीखा, उसकी झलक दिख रही है : योगराज सिंह

चंडीगढ़, 14 अक्टूबर (आईएएनएस)। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह टीम इंडिया के प्रदर्शन से खुश हैं। उनका मानना है कि गिल ने युवराज सिंह से जो सीखा, वो उनके व्यवहार से झलकता है। योगराज सिंह ने आईएएनएस से कहा, "वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप से पहले शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड दौरे पर बराबरी की थी। भारत के युवा खिलाड़ी अपने खेल को काफी गंभीरता से ले रहे हैं। यही वजह है कि गिल की कप्तानी में भारतीय टीम आगे बढ़ रही है।"

भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने युवराज सिंह से इस खेल के गुर सीखे हैं। युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने कहा, "शुभमन गिल की खासियत है कि वह अपने सभी खिलाड़ियों का ख्याल रखते हैं। वह उनके साथ खाना खाते हैं, कभी चाय पीते हैं, कभी उनका हालचाल पूछते हैं। उन्होंने युवराज सिंह से जो सीखा है, वही झलक उनमें नजर आ रही है। जो खिलाड़ी युवराज सिंह से क्रिकेट और जीने का अंदाज सीखेगा, वो दूसरों से अलग खिलाड़ी बनेगा।" विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम चार में से 2 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है।

## खिलाड़ियों को मैनेज और टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात : शुभमन गिल

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। गिल को इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट की कप्तानी सौंपी गई थी, जहां टीम इंडिया ने 2-2 से सीरीज ड्रॉ करवाई। इसके बाद गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है। गिल ने कप्तानी को लेकर कहा, "मैं अब इसकी आदत डाल रहा हूं। सभी खिलाड़ियों को मैनेज करना, इस टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। यह किसी भी परिस्थिति में सही विकल्प चुनने के बारे में है। मैं उस स्थिति में सबसे संभावित निर्णय लेने की कोशिश करता हूं जिसमें हम उस खेल में होते हैं। कभी-कभी आपको एक साहसिक निर्णय लेना पड़ता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन-सा खिलाड़ी आपको रन या विकेट दिला सकता है।" गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन लागू करने पर कहा, "हम लगभग 300 रन (270 रन) आगे थे। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लेते हैं और हमें पांचवें दिन 6 या 7 विकेट लेने हैं, तो यह हमारे लिए एक कठिन दिन हो सकता है।" नीतीश रेड्डी को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका दिया गया। अहमदाबाद टेस्ट में नीतीश को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका, लेकिन उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी जरूर की। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 43 रन बनाए। नीतीश रेड्डी को सीरीज में भरपूर मौके दिए जाने पर कप्तान गिल ने कहा, "हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही मैच खेलें। इससे खिलाड़ियों पर बहुत दबाव पड़ता है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें लगता है कि विदेशों में मैच जीतने में हमारी मदद कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए एक चुनौती रही है।

## उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जालंधर।** भारत की प्रियंका ठाकुर ने उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 के फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर सीनियर लो किक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनप्रीत कौर ने फुल कॉन्टैक्ट में कांस्य पदक जीता। पंजाब के जालंधर के पीएपी में दोनों खिलाड़ी पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। टीम का मार्गदर्शन इंस्पेक्टर खेम चंद और अंकुश घारू ने किया। प्रियंका ठाकुर और मनप्रीत कौर ने अपने कोच को लेकर कहा कि उनकी अच्छी ट्रेनिंग की बदौलत वह मेडल जीत पाई हैं। प्रियंका ने कहा कि यह कंपटीशन काफी टफ था, लेकिन उन्होंने पूर्ण प्रयास किया और गोल्ड मेडल जीत पाईं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

एआई चैटबॉट्स पर आंख मूंदकर न करें भरोसा

## पर्सनल जानकारी साझा करना हो सकता है खतरनाक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इन दिनों एआई चैटबॉट का इस्तेमाल लगातार बढ़ता जा रहा है। ऑफिस हो या रिलेशनशिप से जुड़ी सलाह, लोग हर चीज के लिए चैटबॉट्स का सहारा ले रहे हैं। हां ये सच है कि, चैटबॉट्स ने कुछ मुश्किल कामों को आसान कर दिया है, लेकिन कई ऐसी चीजें भी हैं, जिसके चलते ये चैटबॉट्स भारी नुकसान भी कर सकते हैं।

दरअसल, चैटजीपीटी या जेमिनी जैसे चैटबॉट कितने ही पावरफुल क्यों ना हो लेकिन उन पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता। ये चैटबॉट ट्रेनिंग डेटा और प्रोबेबिलिटी के आधार पर जवाब देते हैं। ऐसे में सबसे एडवांस चैटबॉट भी गलत या भ्रामक जवाब दे सकते हैं। इसलिए इनकी हर बात पर भरोसा न करें।

चैटबॉट भले ही आपको कितने भी भरोसेमंद लगे, लेकिन इन पर अपनी पर्सनल जानकारी जैसे अकाउंट पासवर्ड और सेहत से जुड़ी जानकारी आदि चीजें शेयर न करें। ये जानकारी कंपनी के सर्वर पर पहुंच सकती है जिसका इस्तेमाल चैटबॉट्स को ट्रेनिंग देने के लिए भी हो सकता है। इसलिए अपनी सेंसेटिव जानकारी दूसरों के हाथ न पड़ने दें।

कई फ्री और थर्ड-पार्टी चैटबॉट्स ऐसे भी हैं, जो देश से बाहर यूजर इंफोर्मेशन स्टोर करते हैं, इसलिए चैटबॉट यूज करने से पहले हमेशा प्राइवेसी टर्म्स को पढ़ लें, अगर कुछ भी संदिग्ध लगे तो इसे इस्तेमाल न करना ही बेहतर होगा।




## अगले महीने मुद्रास्फीति 0.45 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना : एसबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मुद्रास्फीति का आंकड़ा अगले महीने लगभग 0.45 प्रतिशत रहने की संभा वना है, जो कि निर्णायक कार्रवाई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों के अलग-अलग वर्गों और आम लोगों की सामूहिक आवाज होने के नाते हमारा मानना है कि आरबीआई एमपीसी भी इस खास समय में बदलते रुख की ओर ध्यान देगा। ए सबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा कि रि कॉर्ड के लिए, वित्त वर्ष 20 2 7 के मुद्रास्फीति के आंकड़े फिलहाल 3.7 प्रतिशत पर निर्णायक रूप से कम हैं।

घोष ने कहा, "मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के अपने प्राथमिक दायित्व के साथ, आरबीआई अगर बाजार के शोरगुल पर ही केंद्रित रहता है, यहां तक जब मुद्रास्फीति में गिरावट बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई देने की स्थिति में भी तो केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से चूकने का जोखिम है।

## इस वर्ष सितंबर में थोक मंहगाई दर घट कर 0.13 प्रतिशत रह गई



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर सितंबर में 0.13 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो कि इससे पिछले महीने अगस्त में 0.52 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य मैन्युफैक्चरिंग, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य परिवहन उपकरणों और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। आंकड़ों के अनुसार, फसल की अधिक पैदावार और गेहूं व चावल के पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इस महीने 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई। फूड इंडेक्स में सितंबर में सालाना आधार पर 1.99 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर के दौरान पेट्रोल, डीजल और प्राकृतिक गैस जैसे ईंधनों की कीमतों में भी गिरावट जारी रही और ईंधन मुद्रास्फीति नकारात्मक क्षेत्र में -2.58 प्रतिशत पर रही। सितंबर महीने के लिए थोक मूल्य सूचकांक में मासिक आधार पर बदलाव अगस्त की तुलना में -0.19 प्रतिशत रहा। इस बीच, सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित देश की मुद्रास्फीति दर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में इस वर्ष सितंबर में घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई है, क्योंकि इस महीने के दौरान खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतें सस्ती हुईं। यह जून 2017 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है और अगस्त की 2.05 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर से भी कम है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने नकारात्मक क्षेत्र में रही और सितंबर के दौरान -2.28 प्रतिशत दर्ज की गई। आधिकारिक बयान में कहा गया है, "सितंबर के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, खाद्य तेलों फल, दालें, अनाज और अंडा की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।" अच्छे दक्षिण-पश्चिम मानसून, अच्छी खरीफ बुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और खाद्यान्नों के पर्याप्त बफर स्टॉक के साथ बड़े अनुकूल आधार प्रभावों के कारण 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण अधिक सौम्य हो गया है। 22 सितंबर से शुरू हुई जीएसटी दरों में कटौती से सभी वस्तुओं की कीमतें कम हो रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति में कमी आएगी।

- फसल की अधिक पैदावार और पर्याप्त गेहूं-चावल के स्टॉक से खाद्य पदार्थों की कीमतों में 1.38% की गिरावट आई।
- फूड इंडेक्स में सालाना आधार पर 1.99% की कमी दर्ज की गई।
- ईंधन मुद्रास्फीति -2.58% रही; पेट्रोल, डीजल और प्राकृतिक गैस के दामों में कमी जारी रही।

## दूरदर्शी नेतृत्व के साथ भारत ग्लोबल एआई लीडर के रूप में मजबूत कर रहा अपनी स्थिति : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रगतिशील नीति-निर्माण ने इनोवेशन के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिसके साथ देश टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सेक्टर में ग्लोबल लीडर बनने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। अपकमिंग इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के ऑफिशियल प्री-समिट इवेंट 'भारत एआई शक्ति' में वित्त मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है, जहां शासन और नीतिगत निर्णय पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम में कहा, "कागज पर कई चीजें रह सकती हैं, लेकिन जब दूरदर्शी नेतृत्व में क्रियान्वयन होता है तो यह वास्तविक बदलाव लाता है। प्रगतिशील नीतियों और गतिशील शासन के बीच यह तालमेल भारत के डिजिटल विकास को गति दे रहा है।" उन्होंने 2014 से भारत के टेक्नोलॉजी-ड्रिवन ट्रांसफॉर्मेशन को आकार देने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "2014 से आज तक, कई नीति निर्माताओं ने शासन को मजबूत किया है और इनोवेशन के लिए एक इकोसिस्टम तैयार किया है।" उन्होंने कहा कि एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी के लिए भारत को ग्लोबल हब बनाने में देश का संस्थागत और नीतिगत ढांचा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मानक' सिस्टम और सर्विसेज में क्वालिटी, विश्वसनीयता और वैश्विक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर कहा कि हमें एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए, जहां साझा मानक सभी के लिए इनोवेशन, विश्वास और और सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा दें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री जोशी ने लिखा, "स्टैंडर्ड्स, सिस्टम और सर्विसेज में क्वालिटी, विश्वसनीयता और वैश्विक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं। इस विश्व मानक दिवस पर, आइए एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें, जहां साझा मानक सभी के लिए इनोवेशन, विश्वास और सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा दें।" उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री जोशी विश्व मानक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा किया जा रहा है, जो भारत सरकार के उपभोक्ता



# कुड़मी को आदिवासी दर्जा देने के विरोध में प्रतिकार आक्रोश रैली आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** कुड़मी को आदिवासी दर्जा दिए जाने के विरोध में लातेहार में भी प्रतिकार आक्रोश रैली का आयोजन। आदिवासी संगठनों के द्वारा किया गया। जिसमें कई आदिवासी नेताओं ने भाग लिया। लातेहार के माको डाकबंगला से रैली निकाली गई मेन रोड होते हुए समाहरणालय स्थिति सभा स्थल कुरमी समाज का विरोध करते व नारा लगाते पहुचे। रैली समाहरणालय के समक्ष सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान आदिवासी नेता देवकुमार धान ने कहा कि कुरमी महतो लोग फर्जी तरीके से शामिल होना चाह रहा हैं और अपने को शिवा जी का वंशज बताते है। और केंद्र सरकार व राज्य सरकार पर दबाव बना कर एस टी में शामिल होना चाहते हैं। मूल उद्देश्य यह हैं कि हमारा हक और अधिका छीना चाहते है इस रैली के माध्यम से हमलोग इसका विरोध कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुर्मी महतो लोग फर्जी रूप से एसटी में घुसना चाहते है। चुकी ये लोग अपने आप को शिवा जी का वंशज बताते है। 1929 मे मुजफ्फरपुर में जनेव धारण करने गए।और अपने को क्षत्रिय बताया। फर्जी तरीके से 1931 मे दावा किया कि हमलोग एस टी में थे। जो सौ फीसदी गलत है। उन्होंने कहा कि 2004 में टीआरआई द्वारा एस टी बनाने का जो संस्था है। उसने भी इनको रिजेक्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुर्मी महतो एक ओर एसटी बनना चाहते है। दूसरी ओर आदिवासियों को मिलने वाली सारी सुविधाओं का लाभ उठाना चाहते है।

मौके पर मोहन लोहरा, बिंदेश्वर उरांव सुरेश नाथ लोहरा नंद किशोर खेरवार सेल्सटीन कुजूर प्रेम गंझू रामलाल उरांव सुभाष सिंह समेत अन्य लोगों ने सभा को संबोधित किया। मौके पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष पारंपारिक हथियार के साथ शामिल थे।

## सीएम पशुधन विकास को लेकर बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत योजनाओं के चयन को लेकर बुधवार को स्थानीय प्रखंड सभागार में बैठक बुलाई गई है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने पत्र निर्गत कर सांसद, विधायक प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड पशुपालन और कल्याण पदाधिकारी से इस बैठक ससमय भाग लेने का अनुरोध किया है। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे आहूत की गई है। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड स्तरीय इस बैठक में चयनित योजनाओं का अनुमोदन कर उनको स्वीकृति प्रदान करने को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा जा सकेगा।

## अनियंत्रित होकर पलटा बारूद लदा ट्रक

**चंदवा।** मंगलवार की अहले सुबह चंदवा-चांपी पथ स्थित लुकुइया घाटी में बारूद से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन चालक के अनुसार रांची से विस्फोटक सामग्री (बारूद) लोड कर ट्रक संख्या (एमउच 40बीजी5336) लातेहार कोलियरी के लिए रवाना हुआ था। बताया गया कि यह सामग्री खदानों में प्रयोग होने वाले विस्फोट के लिए ले जाई जा रही थी। जैसे ही ट्रक लुकुइया घाटी के मोड़ पर पहुंचा, तीखे मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया और किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विस सम्मेलन संपन्न

# आत्मनिर्भर भारत सिर्फ नारा नहीं राष्ट्र निर्माण का संकल्प : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता



● विधायक प्रकाश राम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है

**लातेहार।** भाजपा लातेहार के तत्वावधान में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन लातेहार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं लातेहार विधायक प्रकाश राम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जीवन के संघर्षों को राष्ट्र निर्माण के अवसरों में बदला है। 1975 में आपातकाल के दौरान तानाशाही सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले मोदी ने संगठन को जन-जन तक पहुंचाया। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने भूकंप से तबाह राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीएसटी सुधार जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया।

मोदी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। भारत आज सुरक्षित, सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह साबित कर दिया है कि अब वह घर में घुसकर दुश्मनों को जवाब देने की क्षमता रखता है।

कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री अभियान के तहत भारत ने 150 से अधिक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा का उदाहरण पेश किया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा – यही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं। आज जन-धन योजना, मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति अपने क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम बने। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह के प्रतिनिधि द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया।

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव,जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी राजीव रंजन पाण्डेय,समेत कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया। इस मौके पर कल्याणी पाण्डेय, सीतामढ़ी तिर्की, राकेश दुबे संतोष यादव, बृजमोहन राम, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, मुकेश पाण्डेय, ध्रुव पाण्डेय विष्णु प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, प्रमोद गुप्ता, छोटू राजा, विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार, पंकज यादव, गंगेश्वर यादव, लव सिंह, अमित कुमार, दीपक निषाद, मनदीप कुमार, धरमजीत राय, गौरव दास, सोनू सिंह, प्रकाश कुमार, अनिल सिंह, अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि डॉ॰ चंदन सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता उपस्थित थे।

# गड़गड़वा नदी के मुहाने को अज्ञात लोगों ने ब्लास्टिंग कर उड़ाया, ग्रामीणों में आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** जल ही जीवन है इसका संरक्षण हेतु पूरे देश भर में पीने योग्य पानी का संरक्षण एवं जल स्तर के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए हर गांव-पंचायत में तालाब-डोभा का निर्माण कर जल संरक्षण एवं जल स्तर बढ़ाव के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। वहीं रमना प्रखंड के गड़गड़वा नदी जो इस वर्ष हुयी अच्छी बरसा से लबा-लब भरा हुआ था, इसके छलका(कनवाह/मुहानी) को कुछ असमाजिक लोगो के द्वारा ब्लास्टिंग करके उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया।जिससे इस बरसाती नदी का मुहाना टूट गया और पानी लगातार नदी से बह रहा है जिससे इसकी जलस्तर घटने लगी। जानकारी अनुसार 13 अक्टूबर की रात्रि में कुछ असमाजिक लोगों ने निजी द्वेष की भावना और निजी लाभ हेतु भागोडीह पंचायत अंतर्गत झूरहा के छलका (मुहाना) को ब्लास्टिंग से उड़ाकर क्षतिग्रस्त कर दिया यदि इसे जल्द ही नहीं बनाया गया तो इस बरसाती नदी का सारा पानी बह जाएगा और इस क्षेत्र में जलस्तर घटने लगेगी और आने वाले समय में किसानों एवं ग्रामीणों को भी जल संकट से जूझना पड़ेगा। इस घटना से लोग काफी आक्रोषित एवं भयभीत है।इस संबंध में ग्रामीण प्रियदर्शी पासवान, चन्दन कुमार पाल, अभय कुमार, कुंज बिहारी मेहता, अजीत कुमार, शिवनाथ पाल, उमाशंकर मेहता एवं सैकड़ो ग्रामीणों के हस्ताक्षर किये आवेदनअज्ञात के विरुद्ध पुलिस प्रशासन को देकर इसकी जांच कर करवाई कि मांग किए है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पालकोट (गुमला) में एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव द्वारा फीता काटकर सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। संचालक ओम प्रकाश महतो ने कहा एयरटेल पेमेंट बैंक में सभी तरह के सरकारी लाभ का पैसा डीबीटी के माध्यम से मिलता है। उद्घाटन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस सेवा केंद्र के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बैंकिंग, बीमा एवं अन्य वित्तीय सेवाएं अब अपने ही क्षेत्र में सुगमता से उपलब्ध होंगी। मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा, हरीश कुमार प्रजापति, अंबुज सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, नकुल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्रशासन मौन** शराब दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली का खेल लगातार जारी

# ग्राहकों ने अधिक कीमत लेने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** झारखंड में नई शराब खुदरा बिक्री निति विगत 1सितंबर 2025 से लागू हो गयी है, वहीं निजी हाथों में बिक्री शुरू होते ही शराब दुकानों में ग्राहकों की भीड़ होने लगी है। वहीं सरकार ने एमआरपी से अधिक शराब बेचने पर जुर्माना का प्रावधान किया है। वहीं सरकार के निर्देशों का धज्जियां उड़ाते हुए शराब दुकानदार ग्राहकों से मनमानी पैसे खुलेआम वसूल रहे है। वहीं रेट को लेकर ग्राहकों व दुकानदारों में रोज तू-तू-मै हो रहे है। शहर के जेपी चौक, जपला छतरपुर रोड स्थित सिद्धनाथ गेट के बगल में स्थित अंग्रेजी शराब दुकानदारों द्वारा एमआरपी से ज्यादा पैसा ग्राहकों से वसूलने का खेल लगातार शुरू हैं। यह हाल सिर्फ एक जगह नहीं है, हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज में ओवर रेट वसूलने का धंधा खुलेआम हो रहा है। बीते दिनों शहर के जेपी चौक पर ग्राहक और शराब दुकानदार के बीच ओवर रेट को लेकर तू -तू मैं होने लगा, क्योंकि ग्राहक ने उस दुकान से इंपीरियल ब्लू शराब की हॉफ बोतल मांगा। उक्त शराब की बोतल पर 340 रुपये अंकित था, जबकि दुकानदार द्वार उस ग्राहक से बोतल की कीमत 400 रुपये लिया गया।

जो ग्राहक प्रिंट रेट पर शराब लेना चाहते है, उन्हें शराब नहीं दी जाती। बताया जाता है कि नीचे से लेकर उपर तक बंधी बंधाई रकम दी जाती हैं, इससे शराब दुकानदारों का मनोबल बढ़ा है। ग्राहकों ने पलामू उपायुक्त व स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों से अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अन्यथा रेट को लेकर कभी मारपीट की घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

## बस ने स्टॉपेज पर उतारने के बाद बच्चे को मारी टक्कर, मौत

**पलामू।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ में प्रार्थना भवन के पास मंगलवार को सड़क हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौत हो गयी। निजी स्कूल की मिनी बस की चपेट में आने से उसी स्कूल के एलकेजी में पढ़ने वाले सात वर्षीय छात्र विनीत सिंह, पिता संतोष सिंह यादव की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने बताया कि स्कूल की छुट्टी दोपहर दो बजे होने के बाद अन्य बच्चों के साथ विनीत को भी मिनी बस से घर लाया जा रहा था। स्टॉपेज पर उतारने के बाद बस ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की मां की मदद के लिए गुहार लगाने पर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर के विभिन्न अस्पतालों में लेकर गए, लेकिन कही राहत नहीं मिली। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मिनी बस में खलासी मौजूद नहीं था, जिसके कारण बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही हुई।

# जमीन विवाद में झामुमो के पांकी प्रखंड अध्यक्ष की हत्या

**पलामू।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के डंडार गांव में जमीन विवाद में मंगलवार को झामुमो के पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा (40) की हत्या कर दी गयी। मुन्ना पर टांगी से तीन बार हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मुन्ना पिछले सात साल से झामुमो में थे एवं दूसरी बार पांकी प्रखंड अध्यक्ष बने थे। मुन्ना सिन्हा ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ घर से कुछ दूर खेत पर गए थे। खेत की जोतायी हो रही थी। इसी क्रम में अरूण ठाकुर पिता स्व. महावीर ठाकुर से पूर्व से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर कहा सुनी हुई। इसी क्रम में अरूण की पत्नी चांदनी देवी ने अपने पति को टांगी थमा दिया। हाथ में टांगी मिलते ही अरूण ने मुन्ना पर तीन बार वार किया। गर्दन, सिर और आगे के हिस्से में टांगी लगा। उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एमएमसीएच रेफर किया गया। अस्पताल में मुन्ना की मां चिंतामणी देवी ने घटना की पूरी जानकारी दी। चिंतामणी के अनुसार मुन्ना एकलौता पुत्र था। अरूण ठाकुर एवं उसके परिवार के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चला आ रहा है। उन्हें थोड़ा भी अंदाजा नहीं था कि मुन्ना के साथ इस तरह की घटना हो जायेगी। अरूण की पत्नी ने अपने पति को टांगी थमा कर मुन्ना की हत्या कराई।

## पेज एक के शेष

### ट्रिपल टेस्ट के

राज्य आकस्मिकता निधि से 166 करोड़ रुपए आपदा प्रबंधन योजना के तहत देने, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जमशेदपुर में स्टेट ऑफ द आर्ट संस्थान के रूप में नए भवन के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपए और गोड्डा जिला बराज योजना के लिए 31 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी थानों में विधि व्यवस्था और पेट्रोलिंग के लिए 628 चार पहिया वाहन और 849 दो पहिया वाहन खरीदने के लिए 78 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सारंडा वन अभ्यारण्य क्षेत्र घोषित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष जवाब दाखिल किया जाना है। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सारंडा वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विरासत सहित अन्य दिनचर्या से संबंधित पहलुओं पर किसी प्रकार का कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। सारंडा वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नही हो। वन अधिनियम कानून के तहत उनके जल, जंगल, जमीन की रक्षा होती रहे। किसी भी हाल में वहां निवास करने वाले लोग विस्थापित नहीं हों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलता रहे। वे सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पूर्व की भांति अपना सामान्य जीवन व्यतीत करें।

### कैबिनेट के अन्य फैसले :

- बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद एवं इसके अंतर्गत अंगीभूत महाविद्यालयों में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई।
- चालू वित्तीय वर्ष में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष रखने के लिए दो करोड़ की स्वीकृति।
- लक्ष्मण प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश, एसीबी, चाईबासा तथा तौफिक अहमद, अवर सचिव-सह-उप विधि परामर्शी, विधि विभाग को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की घटनोत्तर स्वीकृति।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति।
- मिशन शक्ति के तहत संचालित केंद्र प्रायोजित महिला हेल्पलाइन योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश की स्वीकृति।
- झारखंड खेल नीति-2022 में निहित प्रावधान के तहत भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ एवं झारखंड ओलंपिक संघ अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त राज्य खेल इकाई को प्रोत्साहन राशि / अनुदान की स्वीकृति / भुगतान के लिए पीएल खाता खोलने एवं संचालन से मुक्ति प्रदान करने के निमित्त झारखंड कोषागार संहिता के नियम 261(बी) का शिथिलिकरण की स्वीकृति।
- वित्तीय वर्ष 2025-2026 में झारखंड उच्च न्यायालय के प्रशासनिक व्यय मद के अंतर्गत आतिथ्य भत्ता मद में प्लेटिनम जुबली के अवसर पर कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से कुल एक करोड़ रुपए अग्रिम की स्वीकृति।
- राम नाथ राम, तदेन निलंबित अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा अधिरोपित पूर्ण पेंशन एवं उपादान के भुगतान पर रोक के दंड को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने के न्यायादेश के आलोक में समीक्षोपरांत नए रूप में निर्णय की स्वीकृति।
- रजिस्टर्ड पोस्ट का स्पीड पोस्ट में विलय के आलोक में स्पीड पोस्ट की शब्दावली से प्रतिस्थापित करने संबंधी आवश्यक संशोधन की स्वीकृति।

### एलकेजी छात्र की...

घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन स्कूल प्रबंधन और चालक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों में भी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि आए दिन स्कूल वाहन सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इधर घटना के बाद एस.एल.ए. स्कूल वैन के चालक ने जब भागने की कोशिश की तो सादिक चौक के पास उसकी मिनी बस ने एक टेंपू को भी टक्कर मार दी। इस टेंपू में निजी स्कूल की शिक्षिका सवार थीं, जो नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि महिला के पैर में गंभीर चोट आई है। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस से सूचना मिलते ही विभागीय जांच कराई जाएगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और चालक सहित स्कूल प्रबंधन पर उचित कार्रवाई की बात कही है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि यदि बस में खलासी मौजूद होता तो शायद मासूम की जान बचाई जा सकती थी।

### नक्सलियों ने प....

थाना क्षेत्र में एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया था। जानकारी के अनुसार, छोटानागरा थाना क्षेत्र के बहदा गांव में करीब आधी रात के बाद कई हथियारबंद नक्सली पहुंचे। उन्होंने गांव के लोगों को चेतावनी दी कि वे घरों से बाहर न निकलें। इसके बाद उन्होंने टावर परिसर में रखे बैटरी और पैनल उपकरणों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कुछ ही देर में टावर धधक उठा और देर रात तक विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती रहीं। नक्सली लगभग डेढ़ घंटे तक गांव में डटे रहे और मौके पर कई पोस्टर व पर्चे भी छोड़े हैं। इनमें उन्होंने सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अपने साथियों की मौत का बदला लेने की धमकी दी है। पुलिस मंगलवार को सुबह नौ बजे यहां पहुंची। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। टावर जल जाने से बहदा और आसपास के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया है। ज्ञात हो कि विगत 10 अक्टूबर को सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा किए गए चार आईईडी विस्फोटों में सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए थे और दो अधिकारी घायल हुए थे। हाल के महीनों में नक्सली मुठभेड़ों में कई साथियों के मारे जाने से बौखलाए हुए हैं और इसी के विरोध में उन्होंने 8 से 14 अक्टूबर तक 'प्रतिशोध सप्ताह' का ऐलान किया है। नक्सलियों ने 15 अक्टूबर 2025 को पांच राज्यों झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में बंद बुलाया है और बड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### वारदात : पांकी में

एंड हॉस्पिटल, मेदिनीनगर (डालटनगंज) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, उसके सिर और गर्दन पर गहरे जख्म के निशान थे। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी परिवार के सभी सदस्य फरार हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और नेता अस्पताल पहुंचे। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा ने हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, मुन्ना सिन्हा का आरोपियों के साथ लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। वह अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे और पिछले आठ वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांकी प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।

### लातेहार टीएसपीसी के ...

बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज के रास्ते मुरपा पुलिस पिकेट के पास जांच वाहन जांच अभियान चलाया गया जहां एक काला रंग का नेक्सोंन कार को रोका गया। जिसकी तलाशी लेने पर गोली, बंदूक, दस्तावेज आदि बरामद की गई और तीनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उग्रवादियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को बतलाई है। जिस पर पुलिस अनुसंधान कर रही है। गिरफ्तार हार्डकोर उग्रवादी प्रताप गंझू का बालूमाथ हेरहंज एवं बारियातू थाना में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन उग्रवादियों के पकड़े जाने से बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कोई बड़ी घटना घटने से रोक ली गई। जो बालूमाथ पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। छापामारी टीम में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरूआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग अमरवा डीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, पुअनी विकाश कुमार, पुअनी गौतम कुमार के अलावे बालूमाथ पुलिस बल एवं मुरपा पिकेट पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### जैसलमेर में चलती...

नगर परिषद के असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने आशंका जताई है कि इस भीषण आगजनी में 10 से 12 लोगों की जलकर मौत हुई हो सकती है। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 57 यात्री सवार थे। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### पिटाई के बाद...

सामने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। उन्होंने बताया कि घर लौटने पर दिव्या लगातार दो दिनों तक रोती रही और बाद में वह डिप्रेशन में जाकर बीमार पड़ गई। परिजन उसके इलाज हेतु तत्काल डाल्टनगंज ले गए बाद में बेहतर इलाज के लिए दिव्या को रांची ले जाया गया। मंगलवार को रांची रिम्स में इलाजरत छात्रा दिव्या की मौत हो गई। इससे नाराज छात्रा के परिजनों ने बड़गड़ बाजार स्थित हनुमान मंदिर चौक के पास मंगलवार को अपराह्न एक बजे शव के साथ सड़क जाम कर सड़क पर बैठ गए। परिजनों का मांग था कि आरोपी प्रधानाध्यापिका द्रौपदी मिंज को तत्काल निलंबित करते हुए गिरफ्तार किया जाए और परिजनों को सरकार से उचित मुआवजा मुहैया कराये।

### 3 हफ्ते में...

आरक्षण तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही कैबिनेट को भेजी जाएगी। कैबिनेट से स्वीकृति के बाद राज्य सरकार चुनाव की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगी। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण की ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया के नाम पर चुनाव लंबे समय तक नहीं टाल सकती। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने चुनाव कराने के लिए तीन माह का समय मांगा, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। अदालत ने आयोग को अगली सुनवाई के दौरान यह बताने का निर्देश दिया कि वह कितनी शीघ्रता से चुनाव करा सकता है। सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित की गई है। इस दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव को भी उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि जस्टिस आनंदा सेन की बेंच ने रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद 4 जनवरी 2024 को निर्देश दिया था कि राज्य के नगर निकाय चुनाव तीन सप्ताह के भीतर कराए जाएं। इस आदेश का आज तक अनुपालन नहीं हुआ है। इसे लेकर कोर्ट में खलखो की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई है। झारखंड में 48 शहरी निकाय हैं। इनमें से 12 शहरी निकायों के चुनाव जून 2020 से लंबित हैं, जबकि अन्य नगर निकायों का कार्यकाल भी अप्रैल 2023 में समाप्त हो चुका है।

# ट्रंप बोले- भारत और पाक अब मिलजुलकर रहेंगे

## पाक पीएम से पूछा- ऐसा है न, इटली की पीएम मेलोनी से कहा- आप खूबसूरत हैं

**एजेंसी । शर्म अल-शेख**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान अब मिलजुलकर रहेंगे। इस दौरान उन्होंने पीछे मुड़कर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ देखते हुए पूछा- ऐसा है न? उन्होंने यह बयान मिस्र के शर्म अल-शेख में हुई गाजा पीस समिट के दौरान दिया। सवाल पूछने के बाद ट्रंप और मंच पर मौजूद बाकी नेता हंसने लगे। इसके अलावा ट्रंप ने भारत को महान देश और पीएम मोदी का नाम लिए बिना उन्हें अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने कहा, ट्रंप का यह बयान भारत और पाकिस्तान में मई में हुए संघर्ष को रुकवाने के दावों के बीच आया है।

**पाक पीएम ने ट्रंप के दावे का समर्थन किया :** मिस्र में हुई समिट के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने के दावे का समर्थन किया। शहबाज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप वास्तव में शांति पुरुष हैं, उनके प्रयासों के बाद शांति स्थापित हुई है। उन्होंने न सिर्फ भारत-पाकिस्तान की जंग रुकवाई बल्कि दुनिया में 8 संघर्षविराम कराए। दरअसल ट्रंप ने गाजा शांति समझौते के लिए इस सम्मेलन को लीड किया था। जिसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल हुए। ट्रंप ने अपनी स्पीच के बीच में शरीफ को बुलाया और पूछा, "क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?" साथ ही पाकिस्तान पीएम से आग्रह किया कि "वही बोलें जो आपने मुझसे पिछले दिनों कहा था। शरीफ ने करीब पांच मिनट तक संबोधित किया। इसके बाद ट्रंप फिर पोडियम पर आए और शरीफ के भाषण को शानदार बताया।

वहीं, ट्रंप ने समिट में शामिल होने पहुंची इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से कहा, "आप खूबसूरत हैं"। इस दौरान मेलोनी मंच पर ट्रंप के पीछे खड़ी थीं। उन्होंने कहा कि अगर आप अमेरिका में किसी महिला को खूबसूरत कहते हैं, तो आपका राजनीतिक करियर खतरे में पड़ सकता है, लेकिन मैं जोखिम उठाऊंगा।



ट्रंप ने भारत को महान देश और पीएम मोदी का नाम लिए बिना उन्हें अच्छा दोस्त बताया

### तुर्किये के राष्ट्रपति ने मेलोनी से स्मोकिंग छोड़ने को कहा

तुर्किये के राष्ट्रपति राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से स्मोकिंग छोड़ने के लिए कहा है। दोनों नेताओं ने सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट में मुलाकात की। इस दौरान एर्दोगन ने कहा, इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हंसते हुए कहा कि यह असंभव है। इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हंसते हुए कहा कि यह असंभव है। मेलोनी ने हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब दिया, उन्होंने बताया कि स्मोकिंग छोड़ने से उनकी सामाजिकता कम हो सकती है। मेलोनी ने एक किताब में स्वीकार किया कि 13 साल तक धूम्रपान छोड़ने के बाद उन्होंने फिर से धूम्रपान शुरू कर दिया था।

**भारत की तरफ से विदेश राज्यमंत्री समिट में शामिल हुए :** ट्रंप ने गाजा पीस समिट के लिए पीएम मोदी समेत 20 से ज्यादा देशों को न्योता भेजा था। हालांकि भारत की तरफ से इसमें विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से भी मुलाकात की। सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- गाजा शांति सम्मेलन में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात रही। भारत और मिस्र के बीच एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी है।

### इजराइली पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप को सोने का कबूतर गिफ्ट किया



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप को सोने का शांति कबूतर गिफ्ट किया। इसे ट्रंप को इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते कराने के लिए दिया। ट्रंप के गाजा पीस प्लान के तहत हमास ने कल 20 इजराइली बंधकों को रिहा किया।

## पाक-अफगान के रिश्ते में खटास तालिबान ने दिया वीजा झटका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इस्लामाबाद को एक बड़े कूटनीतिक झटके में अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान अधिकारियों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और दो अन्य वरिष्ठ जनरलों द्वारा प्रस्तुत वीज़ा आवेदनों को अस्वीकार कर दिया है। पिछले तीन दिनों में तीन अलग-अलग मौकों पर वीज़ा आवेदन अस्वीकार किए जाने की ये घटनाएँ ऐसे समय में हुई हैं जब दोनों पड़ोसियों के बीच दुश्मनी और अविश्वास गहरा रहा है। टोलोन्यूज़ द्वारा उद्धृत सूत्रों ने दावा किया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने डूरंड रेखा पर घातक सीमा पार झड़पों और जवाबी हवाई हमलों के बाद शांति वार्ता पहल के तहत काबुल की यात्रा की योजना बनाई थी। हालाँकि, तालिबान प्रशासन ने कथित तौर पर इन अनुरोधों को ठुकरा दिया, जिससे उन संबंधों में और गिरावट का संकेत मिलता है जो पहले से ही आतंकवादियों को पनाह देने और सीमा संप्रभुता के उल्लंघन के आपसी आरोपों के कारण बिगड़ रहे थे। इस बीच, एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए अफ़ग़ानिस्तान इंटरनेशनल को बताया कि कोई औपचारिक वीज़ा आवेदन दायर नहीं किया गया था और यह यात्रा केवल "विचाराधीन एक प्रस्ताव" था।



**तालिबान प्रशासन ने कथित तौर पर इन अनुरोधों को ठुकरा दिया, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का संकेत मिला**

विरोधाभासी विवरण इस्लामाबाद और काबुल के बीच बढ़ते संवादहीनता और विश्वास की कमी को उजागर करते हैं। वीज़ा विवाद अफ़ग़ानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर एक हफ़्ते तक चली भीषण लड़ाई के बाद शुरू हुआ है, जहाँ दोनों पक्षों ने खोस्त और कुनार प्रांतों में गोलीबारी की। पाकिस्तान ने जवाबी हवाई हमले किए, जिन्हें उसने "आतंकवादी ठिकाने" बताया, जिसके बाद काबुल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और इस्लामाबाद पर अफ़ग़ान संप्रभुता का उल्लंघन करने और नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया।

## ट्रंप व पेंटागन की नई प्रेस नीति के विरूद्ध प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठनों का विद्रोह

- **पेंटागन प्रेस एसोसिएशन ने इस नीति को "स्वतंत्र प्रेस का गला घोंटने" वाला बताया**

**ब्यूरो**

**वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, द अटलांटिक, द गार्जियन, रॉयटर्स, द एसोसिएटेड प्रेस, एनपीआर, हफपोस्ट और ब्रेकिंग डिफेंस जैसे प्रमुख समाचार संगठनों ने इस नीति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन - अमेरिका के रक्षा विभाग का मुख्यालय है, यह दुनिया की सबसे बड़ी कार्यालय इमारत है। जो द्वितीय विश्व युद्ध के समय - जो सितम्बर 1939 में शुरू हुआ और 1945 तक चला - के दौरान 15जनवरी 1943 तक बनाई जाती रही ) ने एक नई नीति बनाकर प्रेस पर थोपी है , जिसके तहत समाचार संगठनों को अनधिकृत सामग्री प्राप्त नहीं करने की शपथ लेनी होगी और कुछ क्षेत्रों में बिना अधिकारी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके विरोध में अमेरिकी मीडिया तीखी प्रतिक्रिया करते हुए सड़क पर उतर आई है। इस नीति की घोषणा रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बीते माह की थी। जिसके तहत पत्रकारों को 14 अक्टूबर मंगलवार शाम 5 बजे तक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने या अपने प्रेस परिचय पत्र जमा करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रक्षा मंत्रालय के इस कदम को प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला माना जा रहा है। पेंटागन की यह नीति फरवरी 2025 में शुरू किए गए "वार्षिक मीडिया रोटेशन कार्यक्रम" का हिस्सा है, जिसमें लंबे समय से मान्यता प्राप्त मीडिया संगठनों को अपने निर्धारित कार्यस्थल खाली करने के लिए कहा गया था। इसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य पॉडकास्टर व गैर-पारंपरिक मीडिया को स्थान देना है। इस तरह इसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस में लागू की गई, जिसने पारंपरिक मीडिया की पहुंच को सीमित किया। नई नीति के तहत पत्रकारों को अनधिकृत सामग्री न तो प्राप्त करने की अनुमति है और न ही उसे मांगने की।कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश के लिए पेंटागन अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है।पत्रकारों को बैज पहनना होगा, और आपराधिक कृत्यों को बढ़ावा देने पर रोक लगाई गई है।

### मीडिया संगठनों का विरोध

वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, द अटलांटिक, द गार्जियन, रॉयटर्स, द एसोसिएटेड प्रेस, एनपीआर, हफपोस्ट और ब्रेकिंग डिफेंस जैसे प्रमुख समाचार संगठनों ने इस नीति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। वाशिंगटन पोस्ट के कार्यकारी संपादक मैट मरे ने इसे प्रथम संशोधन के तहत प्रेस की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा, "यह नीति सूचना एकत्र करने और प्रकाशित करने पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाती है, जो जनहित में स्वतंत्र पत्रकारिता को कमजोर करती है।" न्यूयॉर्क टाइम्स के वाशिंगटन ब्यूरो प्रमुख रिचर्ड स्टीवेन्सन ने कहा, "यह नीति पत्रकारों को अमेरिकी सेना, जिसे करदाताओं के लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर सालाना से वित्त पोषित किया जाता है, पर स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट करने से रोकती है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकार और सेना कैसे काम कर रही है।" रॉयटर्स ने इसे "अमेरिकी संविधान द्वारा प्रदत्त प्रेस सुरक्षा का अपमान" करार दिया, जबकि एनपीआर के प्रधान संपादक थॉमस इवांस ने कहा कि यह नीति पत्रकारों को विश्वसनीय व स्वतंत्र पत्रकारिता प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को कमजोर करती है। हफपोस्ट की प्रधान संपादक व्हिटनी स्नाइडर ने इसे "पूरी तरह असंवैधानिक" बताया।

पेंटागन- इस बारे में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, जिनको राष्ट्रपति ट्रंप का भजनी -कीर्तनी माना जाता है , जो पूर्व में फॉक्स न्यूज के वीकेंड एंकर रह चुके हैं, ने इस विरोध का जवाब सोशल मीडिया पर एक इमोजी और व्यंग्यात्मक टिप्पणी के साथ दिया। उन्होंने इसे "प्रेस क्रेडेंशियल फॉर डमीज़" नामक सूची के साथ प्रस्तुत किया, जिसमें प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित करने की बात को मजाक में उड़ाया गया। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने दावा किया कि यह नीति राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों के हित में है। उन्होंने कहा, "पत्रकारों को नीति पर सहमति देने की आवश्यकता नहीं, बस इसे समझने की जरूरत है।" यानी तानाशाह की तरह मीडिया पर अपनी मनमानी थोपने का नियम। यही वजह है कि ट्रंप की पार्टी के समर्थक कुछ दक्षिणपंथी मीडिया संगठनों, जैसे न्यूज़मैक्स, ने भी इस नीति का विरोध किया। न्यूज़मैक्स ने कहा, "हम इस पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। यह नीति अनावश्यक और बोझिल है।" उन्होंने पेंटागन से इसकी समीक्षा की मांग की। इधर पेंटागन प्रेस एसोसिएशन ने इस नीति को "स्वतंत्र प्रेस का गला घोंटने" वाला कदम बताया। उनका कहना है कि यह नीति न केवल अनधिकृत जानकारी प्राप्त करने, बल्कि उसे मांगने पर भी रोक लगाती है, जो पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। अमेरिका हर साल लगभग $1 ट्रिलियन रक्षा पर खर्च करता है, जो जनता के पर लगे कर (टैक्स )से आता है।

ऐसे में मीडिया का तर्क है कि उन्हें जनता को यह बताने का पूरा अधिकार है कि ये पैसे कैसे खर्च हो रहे हैं और सेना कैसे काम कर रही है।अमेरिकी संविधान का प्रथम संशोधन प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। इस तरह यह मुद्दा सिर्फ एक प्रशासनिक नीति का नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे लोकतंत्र व पारदर्शिता से जुड़ा है। मीडिया को डर है कि यह नीति धीरे-धीरे तानाशाही रवैये की ओर इशारा करती है, जहाँ सरकार यह तय करेगी कि जनता को क्या जानने का अधिकार है और क्या नहीं। दूसरी ओर, पेंटागन इसे सुरक्षा और संवेदनशील सूचनाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के प्रयास के रूप में देखता है। इसलिए पेंटागन की यह नीति प्रेस की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार के बीच एक गंभीर टकराव का प्रतीक बन गई है।

## रूस ने यूक्रेन में किया घातक हमला, अस्पताल को बनाया निशाना



**अमेरिका ।** रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर शक्तिशाली ग्लाइड बम और ड्रोन से हमला किया है। हमले के दौरान एक अस्पताल को निशाना बनाया गया है। रूस की ओर से किए गए इस हमले में 7 लोग घायल हो गए है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इस हमले के बारे में जानकारी दी है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वाशिंगटन जाने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक सैन्य मदद मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा!

*कतर एयरवेज की आपात लैंडिंग सभी यात्री सुरक्षित*

**नई दिल्ली ।** दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की एक उड़ान को मंगलवार दोपहर तकनीकी खराबी के बाद अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन ने पुष्टि की है कि उड़ान क्यूआर816 को दोपहर करीब 2:30 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एहतियातन आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। एयरलाइन के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की उड़ान क्यूआर816 को तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया और एहतियातन आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी।

## मंगोलिया में भारत का $1.7 अरब का बड़ा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी ने बताया विश्वसनीय साझेदार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपने मंगोलियाई समकक्ष खुरेलसुख उखना के साथ द्विपक्षीय बैठक की। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति उखना का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच 70 वर्षों के द्विपक्षीय संबंधों की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना और उनके प्रतिनिधियों का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। छह साल बाद कोई मंगोलियाई राष्ट्रपति भारत आ रहा है। यह यात्रा विशेष है क्योंकि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष और द्विपक्षीय संबंधों के 70 वर्षों का जश्न मना रहे हैं। आज हमने 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत एक पौधा लगाकर बैठक की शुरुआत की।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और मंगोलिया के बीच मज़बूत और स्थायी संबंधों की सराहना की। उन्होंने मंगोलिया में भारत के सहयोग से चल रही कई प्रमुख विकास परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार है। 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता से मंगोलिया में बन रही तेल रिफाइनरी परियोजना भारत की इस तरह की सबसे बड़ी परियोजना है।



### नए व्यापार और परिवहन मार्गों की खोज

मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने कहा कि दोनों पक्षों का मानना है कि दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए नए परिवहन और रसद मार्गों को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भूविज्ञान और खनिजों के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए नए परिवहन और रसद मार्गों की खोज के महत्व और दोनों देशों के बीच नियमित सीधी उड़ानों की व्यवहार्यता की जांच पर दोनों पक्ष समान विचार रखते हैं।

## स्टारशिप रॉकेट की 11वीं टेस्ट उड़ान सफल, चांद मंगल तक पहुंचना आसान

**वाशिंगटन ।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। सोमवार को उसके विशाल स्टारशिप रॉकेट की 11 वीं टेस्ट उड़ान सफल रही। इसने पिछली बार की तरह ही दुनिया के आधे हिस्से का सफलतापूर्वक चक्कर लगाया। स्टारशिप अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इस रॉकेट ने टेक्सास के दक्षिणी सिरे से आकाश में गर्जना के साथ उड़ान भरी। इसके बाद बूस्टर रॉकेट अलग हो गया और प्लान के मुताबिक मेक्सिको की खाड़ी में नियंत्रित रूप से दाखिल हुआ और हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में घूमता रहा। यह उड़ान लगभग एक घंटे तक चली और अपने सभी लक्ष्य पूरे किए। टेक्सास के स्टारबेस सेंटर से लॉन्च हुए इस मिशन के दौरान सुपर हैवी बूस्टर ने उड़ान के 10 मिनट बाद ही मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की।



**कहानी फिल्म जगत की**

## अबू धाबी मस्जिद में जूते पहनने के आरोप पर भड़कीं सोनाक्षी सिन्हा



सोनाक्षी अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ अबू धाबी में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं

सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर इकबाल कुछ दिनों से अबू धाबी में छुट्टियां मना रहे हैं। इस अभिनेता ने हाल ही में शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का भी दौरा किया। दबंग अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मस्जिद की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा कीं। हालाँकि, कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने उन पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी को धार्मिक स्थल के अंदर जूते पहनने पर ट्रोल किया गया। अभिनेत्री ने भी ट्रोल को करारा जवाब दिया और कमेंट सेक्शन में करारा जवाब दिया। तस्वीरें शेयर करते हुए सोनाक्षी ने लिखा, "यहाँ अबू धाबी में थोड़ा सा सुखन मिला!" कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, "जूतों के सात मस्जिद में जाना बहुत बड़ा गुनाह है।" सोनाक्षी ने टिप्पणी को अनदेखा नहीं किया और लिखा, "इसीलिए जूतों के सात अंदर नहीं गए।


